हिंदी दैनिक
# नागपुर मेट्रो समाचार
BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 | नागपुर, गुरुवार, 11 सितंबर 2025 | अंक 327/ वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-


शिवशंकर आयुर्वेदिक
क्या आप स्वास्थ से परेशान हो ?
* सर्दी खासी सिनेमाईटिस * ॲलर्जिक राईनिटिस * क्रॉनिक ब्रॉन्काईटिस
* इसिनोफिलीया * ब्रॉनकियल बॉनकाईटस * कॉरपुलमानेल (कार्डियल)
पर Dr. B.A.M.S., M.D. अनुभवी चिकित्सक द्वारा चिकित्सा उपचार किया जाता है।
तथा दमा, अस्थमा, एलर्जी / सभी प्रकार के वात रोग/ लखवा/ स्त्रिरोग/ पुरूष के शुक्राणू दोष/ निसंतान/ किडनी स्टोन/ डायबिटीज से परेशान/ वेट लॉस/ वेट गेन/पिंपल्स/ फ्रेअरनेस/ स्किन प्रॉब्लेम/ पाईल्स/ एवं अन्य बिमारीयों पर भी उपचार किया जाता है।
नागपूर का भव्य शोरूम महाजन मार्केट के पास, टेम्पल बाजार, सिताबर्डी, नागपूर.
फोन 9112079000 / 8605245080
आयुर्वेदिक दवाईया तथा जडीबुटीयों का विशाल भंडार



## भारत की यूएई पर आसान जीत

**नई दिल्ली.** एशिया कप 2025 के ग्रुप ए के पहले मुकाबले में भारत ने यूएई को करारी शिकस्त दी। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए मैच में टीम इंडिया ने पहले गेंदबाजी करते हुए यूएई को सिर्फ 51 रन पर समेट दिया। कुलदीप यादव (4 विकेट) और शिवम दुबे (3 विकेट) गेंदबाजी के हीरो रहे। जवाब में भारत ने सिर्फ 4.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। अभिषेक शर्मा ने 15 गेंदों में 30 रन और शुभमन गिल ने 16 रन बनाए। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने छक्का मारकर मैच खत्म किया।

## नेपाल हिंसा में अब तक 30 लोगों की मौत, 1,033 घायल

# पूर्व जस्टिस सुशीला कार्की संभालेंगी नेपाल की कमान?

### मैं मोदीजी को नमस्कार करती हूं: कार्की

हालांकि, चुनौतियों के बावजूद उन्होंने उम्मीद और संकल्प जताया। कार्की ने कहा, "हम सब मिलकर नेपाल के विकास के लिए काम करेंगे और देश के लिए एक नई शुरुआत करने की कोशिश करेंगे।" भारत से नेपाल के रिश्तों पर बात करते हुए कार्की ने कहा कि दोनों देशों के बीच संबंध हमेशा से मजबूत रहे हैं। उन्होंने कहा, "भारत के प्रति यहां बहुत सम्मान और प्यार है। भारत ने नेपाल की बहुत मदद की है।" कार्की ने आगे कहा, "मेरे भारतीय नेताओं से अच्छे संबंध हैं। खासतौर पर मैं कहना चाहती हूं- मैं मोदीजी को नमस्कार करती हूं। मुझ पर मोदी जी के का बहुत अच्छा प्रभाव है।"

**काठमांडू.**

नेपाल में जारी प्रदर्शनों के बीच और केपी शर्मा ओली के इस्तीफे के बाद पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की को नेपाल का अंतरिम नेता नियुक्त किया गया है. नेपाल की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश कार्की से उम्मीद की जा रही है कि वे नए चुनाव होने तक मौजूदा संकट से देश का नेतृत्व करेंगी. बताया जा रहा है जेन-जी मूवमेंट के सदस्यों की एक वर्चुअल मीटिंग में कार्की के नाम पर मोहर लगी है. कार्की जेन-जी में शामिल युवाओं का प्रतिनिधित्व करेंगी और सेना से बातचीत के करेंगी. जानकारी के मुताबिक करीब चार घंटे तक चली मीटिंग के बाद सुशीला कार्की के नाम पर सहमति बनी. जेन-झी आंदोलन में शामिल नेताओं ने आगे की बातचीत के लिए सुशीला कार्की को अपना प्रतिनिधि बनाया है. यह मीटिंग जूम मीटिंग पर चली. इस पर देश के नेताओं के खिलाफ वही गुस्सा दिखा जो दो दिन तक सड़क पर फूटा था.

आंदोलन की बागडोर किसी भी ऐसे शख्स को न सौंपने की बात थी जो राजनीति से जुड़ा हो. ऐसे में सुशीला कार्की जो किसी भी दल से दूर हैं, के नाम पर सहमति बनी. नेपाल में जनजातीय प्रदर्शनकारियों के तीन समूह गैर-राजनीतिक नेता के नाम पर चर्चा के लिए बैठक कर रहे थे. उन्हें एक ऐसा नेता चाहिए था जो अंतरिम सरकार गठन के लिए नेपाली सेना के साथ बातचीत का नेतृत्व करे. ऐसे में पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की के नाम पर रजामंदी बनी और अब वह सेना से बातचीत के लिए युवाओं का प्रतिनिधित्व करेंगी.



7 जून, 1952 को विराटनगर में जन्मी, उन्होंने वकालत और कानूनी सुधार के क्षेत्र में अपना करियर शुरू करने से पहले सुशीला कार्की ने पॉलिटिकल साइंस और कानून में डिग्री हासिल की. सुप्रीम कोर्ट में अपने टेन्योर के दौरान, उन्होंने ट्रांजिशनल जस्टिस और चुनावी विवादों से जुड़े ऐतिहासिक मामलों की अध्यक्षता की. साथ ही लोकतंत्र के संरक्षक के तौर पर न्यायपालिका की भूमिका को मजबूत किया. सुशीला कार्की नेपाल की पहली महिला चीफ जस्टिा रहीं हैं और उन्होंने भारत के बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) से शिक्षा हासिल की है.

उन्हें भ्रष्टाचार के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' के लिए जाना जाता है. साल 2017 में ज्यूडिशियल एक्टिविज्म के लिए उन पर महाभियोग प्रस्ताव भी चलाया गया था. मंगलवार को नेपाल के राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल और प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने विरोध प्रदर्शनों के हिंसक हो जाने के बाद अपने पदों से इस्तीफा दे दिया. सोमवार को सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री कार्यालय पर धावा बोल दिया, सर्वोच्च न्यायालय और संसद भवन में आग लगा दी और कई नेताओं के घरों में तोड़फोड़ की. झड़पों में 19 लोग मारे गए और 300 से ज्यादा घायल हुए. कार्की ने इससे पहले पीएम पद के लिए कम-से-कम 1,000 लिखित हस्ताक्षर की शर्त रखी थी. सूत्रों के मुताबिक, अब तक उन्हें 2,500 से अधिक समर्थन पत्र मिल चुके हैं.




## व्यापारी को गोली मारी, हालत गंभीर

### > नकाबपोश लुटेरों ने लूटे 50 लाख रुपए

**नागपुर.** जरीपटका थाने के कड़बी चौक के पास हथियारबंद नकाबपोश लुटेरों ने मंगलवार शाम करीब 8 बजे सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया। लुटेरों ने एक व्यक्ति पर गोलियां चलाकर उससे 50 लाख रुपए की नकदी लूट ली। इस घटना से पूरे क्षेत्र में दहशत फैल गई। घायल की पहचान राजू रूपचंद दीपानी (निवासी मेकोसाबाग, जरीपटका) के रूप में हुई है। राजू एक गुजराती कंपनी के लिए डेटा फीडिंग का काम करता है। आशंका जताई जा रही है कि उसके पास मौजूद रकम हवाला से जुड़ी हो सकती है। जानकारी के अनुसार, राजू अपनी मोपेड से रकम लेकर जा रहा था। स्प्लेंडर पर सवार दो बदमाशों ने उसका पीछा किया, जबकि कड़बी चौक पर दो नकाबपोश पहले से मौजूद थे। अपराधियों ने पहले स्प्रे का इस्तेमाल कर बैग छीनने का प्रयास किया, नाकाम रहने पर उन्होंने फायरिंग कर दी। प्राथमिक जांच में तीन गोलियां चलने की पुष्टि हुई है, जिनमें से एक राजू के हाथ और दूसरी पीठ में लगी। गंभीर अवस्था में उसे मैक्स अस्पताल में भर्ती किया गया है। पहले राजू ने पुलिस को बताया कि उसके पास 2 लाख रुपए थे, लेकिन बाद में रकम 50 लाख रुपए बताई। इसी आधार पर पुलिस को रकम हवाला की होने का संदेह है। घटना की जानकारी मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज खंगालकर आरोपियों की तलाश कर रही है।

## कैबिनेट ने बिहार में दो प्रोजेक्ट्स को दी मंजूरी



**पटना.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट की मीटिंग हुई। बैठक में 7616 करोड़ रुपए के निवेश वाली बिहार में दो परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। इसमें बिहार में बक्सर-भागलपुर हाई-स्पीड कॉरिडोर में फोर लेन ग्रीनफील्ड मोकामा-मुंगेर हाईवे के निर्माण को मंजूरी दी गई। इसे हाइब्रिड एन्युइटी मोड के तहत बनाया जाएगा, जिसकी कुल लंबाई 82.400 किलोमीटर और कुल 4447.38 करोड़ रुपए का निवेश होगा। इसके अलावा बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल में 177 किमी लंबी भागलपुर-दुमका-रामपुरहाट सिंगल रेलवे लाइन को डबल किया जाएगा, जिसकी कुल लागत लगभग 3,169 करोड़ रुपए है। रेल मंत्री ने कहा कि रेलवे लाइन मल्टी-ट्रैकिंग होने से परिचालन आसान होगा और भीड़भाड़ कम होगी। मोकामा-मुंगेर हाईवे मोकामा, बड़हिया, लखीसराय, जमालपुर, मुंगेर जैसे शहरों से होकर गुजरेगा और भागलपुर को जोड़ेगा। पूर्वी बिहार में मुंगेर-जमालपुर-भागलपुर बेल्ट एक प्रमुख इंडस्ट्रियल एरिया बन रहा है। यहां पर बंदूक कारखाना और रक्षा मंत्रालय द्वारा आयुध कारखाना बनने वाला है। इसके अलावा जमालपुर में लोकोमोटिव वर्कशॉप, मुंगेर में आईटीसी और संबंधित रसद और भंडारण केंद्र हैं। वहीं, भागलपुर में भागलपुरी सिल्क से जुड़े कारखाने बन रहे हैं। बड़हिया खाद्य पैकेजिंग, प्रसंस्करण और कृषि-गोदाम के लिए एक क्षेत्र के रूप में उभर रहा है। इससे मोकामा-मुंगेर हाईवे पर माल ढुलाई और यातायात बढ़ने की उम्मीद है।

## चुरचुरा गांव में जंगली हाथी के हमले से चरवाहे की मौत

**गढ़चिरोली.**



गढ़चिरोली मुख्यालय से महज़ सात किलोमीटर दूर स्थित चुरचुरा गांव में जंगली हाथी के हमले में एक 56 वर्षीय चरवाहे की मौत हो गई। यह हादसा मंगलवार दोपहर करीब चार बजे पोर्ला वन परिक्षेत्र के कंपार्टमेंट क्रमांक 3 में हुआ। मृतक का नाम वामन गेडाम (उम्र 56 वर्ष) बताया गया है, जो मवेशी चराने का काम करता था। स्थानीय ग्रामीणों ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि वह रोज की तरह मवेशी चराने जंगल गया था, तभी अचानक जंगली हाथी ने हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। गौरतलब है कि पिछले दो वर्षों से गडचिरोली जिले में जंगली हाथियों के हमलों की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। अब तक कई निर्दोष लोग इन हमलों में अपनी जान गंवा चुके हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग और राज्य सरकार ने इस गंभीर समस्या पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। केवल मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता देकर औपचारिकता निभाई जा रही है। इस घटना से ग्रामीणों में भारी आक्रोश और दहशत का माहौल है।

## गैंगरेप पीड़िता की इलाज के दौरान मौत



**हमीरपुर.** हमीरपुर जिले के एक गांव में गैंगरेप की घटना में घायल गर्भवती युवती की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। वहीं पूरे गांव में मातम पसर गया है। इतनी बड़ी वारदात की एफआईआर दर्ज होने के बाद भी एक भी आरोपी अभी तक पकड़ा नहीं जा सका। अब जब पीड़िता की इलाज के दौरान मौत हो गई है, आज पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। हमीरपुर जिला मुख्यालय से करीब पन्द्रह किमी दूर कुरारा थाना क्षेत्र के एक गांव में एक चार माह की गर्भवती व मंदबुद्धि युवती के साथ दिनदहाड़े सामूहिक रूप से रेप की घटना पिछले दिनों सामने आई थी। इसमें पीड़िता गंभीर रूप से घायल हो गई थी। बताते हैं कि क्षेत्र के एक गांव में छब्बीस वर्षीय युवती अपने मायके में रह रही थी।

ससुराल वालों से किसी बात को लेकर युवती कुछ माह पहले अपने पिता के घर आई थी। वह चार माह की गर्भवती भी थी। पिछले दिनों जब परिजन काम करने खेत गए थे तभी मौका देख गांव के ही दो लोग गर्भवती युवती को दिनदहाड़े घर से पकड़कर खेत में ले गए थे। दोनों युवकों ने बारी-बारी से गर्भवती युवती के साथ रेप किया। इस घटना में युवती बुरी तरह घाय़ल हो गई। घटना की जानकारी पर परिजन भागकर मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल युवती को नजदीक के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां हालत चिंताजनक होने पर उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। इसकी हालत लगातार बिगड़ने पर डॉक्टरों ने कानपुर रेफर कर दिया था। परिजनों ने बुधवार को बताया कि इलाज के दौरान पीड़िता की कानपुर में मौत हो गई है। दरिंदगी की शिकार युवती की मौत की सूचना मिलते ही थाने में हड़कंप मच गया है। वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि बेटी मंदबुद्धि थी जो ससुराल से तकरार होने के बाद दो सालों से यहां घर में रह रही थी। बताया कि अकेली देख गांव के ही मुन्नीलाल और रामबाबू ने महीनों पहले दुष्कर्म किया था जिससे वह गर्भवती हो गई थी।

## जेन-जी की हिंसा में फंसे महाराष्ट्र के 150 लोग

### अजित पवार बोले- पैनिक होने की जरूरत नहीं





**काठमांडू.** नेपाल में महाराष्ट्र के 150 लोग फंसे हैं. नेपाल हालात देखते हुए महाराष्ट्र सरकार पूरी तरह से स्थिति को मॉनिटर कर रही है. महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार ने बुधवार को कहा कि सरकार नेपाल में फंसे लोगों को सुरक्षित वापस लाने के लिए सारी संभव कोशिश कर रही है. उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र सरकार विदेश मंत्रालय और दिल्ली में महाराष्ट्र सदन के जरिए नेपाल में भारतीय दूतावास के लगातार संपर्क में है. उन्होंने कहा कि सभी लोग सेफ हैं. महाराष्ट्र के ठाणे, मुंबई, लातूर, पुणे और कोल्हापुर जिले के लोग जेन-झी के प्रदर्शन के बाद भड़की हिंसा में वहां फंस गए. डिप्टी सीएम अजित पवार ने कहा कि अपने लोगों को सुरक्षित वापस लाना हमारी प्राथमिकता है. उन्होंने कहा कि घबराने की जरूरत नहीं है. बीड़ जिले से पर्यटकों का एक समूह प्राइवेट गाड़ी में सड़क मार्ग से यूपी के गोरखपुर पहुंचा था. डिप्टी सीएम अजित पवार ने कहा कि फंसे हुए पर्यटकों का सबसे बड़ा समूह ठाणे जिले के मुरबाड से है.

नेपाल में हुए हिंसक प्रदर्शन में अब तक 30 लोगों की मौत हो चुकी है. सेना ने मोर्चा संभाला है. हिंसक प्रदर्शन के बीच नेपाल की जेलों से सैकड़ों कैदी फरार हो गए. पांच फरार कैदी यूपी के सिद्धार्थनगर से गिरफ्तार किए गए. इस बीच अंतरिम सरकार गठन की चर्चा तेज हो गई है. नेपाल के सुप्रीम कोर्ट की पूर्व चीफ जस्टिस सुशीला कार्की अंतरिम प्रधानमंत्री बन सकती हैं. इसके पहले कांठमांडू के मेयर बालेन शाह का नाम भी सामने आया था. नेपाल बीते 3 दिनों से विद्रोह की आग में नेपाल ऐसा जला कि वहां की ऐतिहासिक इमारतों अब खंडहर हो चुकी हैं. सरकार के खिलाफ फूटे गुस्से की आग में नेपाल के कई शहर जल गए. नेपाल में प्रदर्शन के दौरान जब पुलिस और सेना का कंट्रोल गायब हो गया था.

## इनामी नक्सली मासा मारा गया

**कांकेर.** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक इनामी नक्सली को मार गिराया है। जिले के परतापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत गेड़ाबेड़ा गांव के जंगल में सुरक्षाबलों ने पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी (पीएलजीए) के मिलिट्री कंपनी नंबर पांच के सदस्य मासा को मुठभेड़ में मार गिराया है। मासा के सिर पर आठ लाख रूपये का इनाम घोषित था। बता दें कि हाल ही में दावा किया गया है कि नक्सलियों ने अपने संगठन में बदलाव किया है। बुधवार को कांकेर जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आईके एलिसेला ने बताया कि सात सितंबर को कांकेर-नारायणपुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र के जंगल में जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान पर रवाना किया गया था.

## पेरिस समेत कई शहरों में प्रदर्शन

### > लगभग 200 प्रदर्शनकारी अरेस्ट

**पेरिस.** नेपाल में हिंसा की आग अभी बुझी भी नहीं थी कि फ्रांस की राजधानी पेरिस भी सुलग उठी है। ब्लॉक एव्रीथिंग मूवमेंट के बाद भारी संख्या में प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर आए हैं। पेरिस में हर तरफ आगजनी देखने को मिल रही है। पुलिस ने 200 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया है। पेरिस में प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच मुठभेड़ भी देखने को मिली। प्रदर्शनकारियों ने पेरिस की सड़कें बंद कर दीं और कई जगहों पर आगजनी शुरू हो गई।

ऐसे में हिंसा को काबू में करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े और 200 से ज्यादा लोगों को हिरासत में ले लिया है। प्रदर्शनकारियों ने पेरिस में सबकुछ बंद करने का एलान किया था। हालांकि, फ्रांस के आंतरिक मंत्री ब्रूनो रिटेलेउ के अनुसार,प्रदर्शनकारी अपने मनसूबों में नाकामयाब रहे हैं। यह प्रदर्शन पहले सोशल मीडिया पर शुरू हुआ, जिसके बाद पेरिस में प्रदर्शनकारियों का जमावड़ा लग गया। ऐसे में 80,000 से ज्यादा पुलिसकर्मियों को पेरिस में तैनात किया गया।



बैरिकेडिंग तोड़ने वाले प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने तुरंत गिरफ्तार कर लिया। पेरिस में 30 से ज्यादा जगहों पर आगजनी और हिंसा देखने को मिली है। हिंसा से पहले सोशल मीडिया पर 'ब्लॉक एव्रीथिंग' मूवमेंट चलाया गया था। दरअसल फ्रांस के प्रधानमंत्री बायरू ने बजट में 44 अरब यूरो (लगभग 4 लाख करोड़ रुपये) बचाने की योजना पेश की थी, जिसके लिए उनकी काफी आलोचना हुई और उन्हें अपनी सत्ता से हाथ धोना पड़ गया।

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने रक्षा मंत्री लेकोर्नू को नया प्रधानमंत्री नियुक्त कर दिया। वहीं, अब इमैनुएल मैक्रों के फैसलों के खिलाफ पेरिस में विद्रोह शुरू हो गया है। हालांकि, यह पहली बार नहीं है जब पेरिस में इस तरह की हिंसा देखने को मिली है। 2022 में पेंशन में बदलाव को लेकर युवाओं का सरकार पर गुस्सा फूटा था। 2023 में भी प्रदर्शन के दौरान पुलिस की गोली से एक युवक की जान चली गई थी, जिसके बाद पेरिस में भायनक हिंसा भड़क गई थी।

माननीय,
सुरेशभाऊ भोयर
सचिव, श्री सदाशिवराव पाटील शिक्षण संस्था, कामठी
यांना वाढदिवसाच्या
हार्दिक शुभेच्छा!



– शुभेच्छुक –
प्राचार्य,
• श्रीमती किशोरीताई भोयर कॉलेज ऑफ फार्मसी, कामठी
• एस.के.बी.कॉलेज ऑफ फार्मसी, गादा, कामठी
• प्राध्यापक, शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी आणि विद्यार्थी
• www.skb.edu.in 9822941144,9322140824, 7666883120, 9146178084, 77960420908, 7796042903, 7796042913, 7066298574

# वित्त मंत्रालय ने तारीख बढ़ाने से किया इनकार

## > 15 सितंबर अंतिम तारीख

**नई दिल्ली.**




वित्त मंत्रालय ने हाल ही में एक बड़ा रिमाइंडर जारी किया है जिसमें बताया गया है कि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तारीख 15 सितंबर, 2025 है. इस तारीख को अब और आगे नहीं बढ़ाया जाएगा. सरकार ने पहले ही इस साल आईटीआर दाखिल करने की तारीख 31 जुलाई से बढ़ाकर 15 सितंबर कर दी थी ताकि करदाताओं को अपने टैक्स संबंधी काम पूरे करने के लिए पर्याप्त समय मिल सके.लेकिन अब मंत्रालय ने साफ कर दिया है कि जिन करदाताओं के खातों का ऑडिट नहीं होता, उनके लिए यह आखिरी मौका है. मंत्रालय का मानना है कि 45 दिन का विस्तार करदाताओं के लिए पर्याप्त समय है. इसलिए उम्मीद कम ही है कि सरकार इस बार तारीख में और कोई बदलाव करेगी. वित्त मंत्रालय ने यह भी चेतावनी दी है कि अगर कोई करदाता इस निर्धारित समय में रिटर्न दाखिल करने में नाकाम रहता है, तो उन्हे लेट फीस या ब्याज देना पड़ सकता है.

चार्टर्ड अकाउंटेंट ने बताया कि सरकार इस बार 15 सितंबर की अंतिम तारीख पर कायम रहेगी. पोर्टल की तकनीकी समस्याएं, डेटा मैचिंग में गड़बड़ी और फॉर्म जारी करने में हुई देरी के बावजूद भी सरकार डेडलाइन नहीं बढ़ाएगी.इसलिए आईटीआर दाखिल करने में देरी न करें और अपनी प्रक्रिया जल्द पूरा करें.आयकर विभाग की वेबसाइट के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अब तक लगभग 5 करोड़ रिटर्न दाखिल हो चुके हैं, जिनमें से करीब 4.7 करोड़ रिटर्न वेरिफाई और 3.4 करोड़ संसाधित हो चुके हैं. यह आंकड़े पिछले वर्षों की तुलना में बेहतर हैं और यह दर्शाते हैं कि डिजिटल माध्यम से टैक्स दाखिल करने का चलन तेजी से बढ़ रहा है.यदि आप 15 सितंबर के बाद आयकर रिटर्न दाखिल करते हैं, तो आपको विलंब शुल्क देना होगा. सामान्यतः यह शुल्क 5,000 रुपये तक हो सकता है, लेकिन यदि आपकी कुल आय 5 लाख रुपये से कम है तो विलंब शुल्क अधिकतम 1,000 रुपये तक सीमित रहेगा. इसके अलावा, बकाया टैक्स पर मासिक 1% का ब्याज भी देना पड़ता है.

**क्यों जरूरी है समय पर आयकर रिटर्न दाखिल करना?**
आयकर रिटर्न दाखिल करना भारत में एक महत्वपूर्ण कानूनी जिम्मेदारी है. यह न सिर्फ आपकी कमाई की जानकारी सरकार को देता है, बल्कि आपकी ओर से टैक्स भी सही समय पर जमा होता है. समय पर रिटर्न भरने से आप सरकार के जुर्माने और ब्याज से बच जाते हैं. इसके अलावा, रिटर्न दाखिल करने से टैक्स रिफंड पाने की प्रक्रिया भी जल्दी होती है.

# पीएनजी ज्वेलर्स का त्योहारी तोहफ़ा

**मुंबई.**




भारत का विश्वासार्ह ज्वेलरी ब्रांड और १९२ सालों की परंपरा रहे पीएनजी ज्वेलर्स एक बार फिर अपने बहुप्रतिक्षित प्युअर प्राइस ऑफर अभियान के साथ तैयार है . १ सितंबर से २१ सितंबर २०२५ इस दौरान आयोजित की जाने वाली यह योजना को आगामी त्योहारों और शादी के मौसम के दौरान सोना खरीदते समय ग्राहकों को वित्तीय सुविधा और आत्मविश्वास देने के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया. सोने की कीमत में लगातार हो रही वृद्धि को देखते हुए यह अभियान ग्राहकों के लिए एक आदर्श समाधान है.

इस योजना के तहत, ग्राहकों को 1 सितंबर से 21 सितंबर 2025 तक अपने पसंदीदा सोना या हीरे के गहनों की मौजूदा दर पर प्री- बुकिंग का मौका मिलता है. यदि बाद में सोने की दर बढ़ जाती है, तो भी उन्हें पहले की कम दर का लाभ मिलता है. और यदि दर कम हो जाती है, तो पीएनजी ज्वेलर्स बिलिंग के समय कम दर को स्वीकार करके ग्राहकों को राहत प्रदान करता है. इस तरह ग्राहक हमेशा फायदे में रहता है.यह योजना सोना खरीदना आसान और अधिक सुरक्षित बनाती है, जिससे ग्राहकों का तनाव कम होता है. इसलिए ग्राहक मूल्य में उतार-चढ़ाव की चिंता किए बिना ज्वेलरी के डिजाइन चुनने पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं.

इस अभियान के बारे में पीएनजी ज्वेलर्स के अध्यक्ष और व्यवस्थापकीय संचालक डॉ. सौरभ गाडगीळ कहा की,भारतीय परिवारों के लिए सोना न केवल एक निवेश है, बल्कि एक भावनात्मक और सांस्कृतिक संपत्ति भी है. 'प्युअर प्राइस ऑफर' के माध्यम से, हमारा लक्ष्य ग्राहकों को एक पारदर्शी, चिंता मुक्त और एक पुरस्कृत खरीदारी अनुभव प्रदान करना चाहते हैं. यह ग्राहक और पीएनजी ज्वेलर्स के बीच विश्वास का बंधन है. ग्राहकों के लिए, "प्युअर प्राइस ऑफर" यह महाराष्ट्र के सभी पीएनजी ज्वेलर्स आउटलेट्स पर उपलब्ध है. इस योजना के माध्यम से, पीएनजी ज्वेलर्स बेहतर कारीगरी, पारदर्शिता और विश्वास के साथ ग्राहकों को उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने के लिए तत्पर है.

# पीडब्ल्यूसी इंडिया का नागपुर में नया कदम

**नागपुर.**




पीडब्ल्यूसी इंडिया ने देशभर में तेजी से बढ़ते शहरों में अपनी उपस्थिति को और मजबूत करते हुए आज नागपुर में अपने नए कार्यालय की शुरुआत की। यह विस्तार विज़न 2030 की दिशा में एक अहम कदम है—जिसके तहत पीडब्ल्यूसी अगले पांच वर्षों में अपनी आय को तीन गुना करने, 50,000 पेशेवरों की भविष्य के लिए तैयार कार्यबल बनाने और भारतभर के उद्यमों की ऊर्जा और क्षमता का लाभ उठाने का लक्ष्य रखता है।

नागपुर कार्यालय की स्थापना पीडब्ल्यूसी की इस प्रतिबद्धता को दर्शाती है कि गैर-मेट्रो शहरों में बढ़ती कुशल प्रतिभा का उपयोग कर स्थानीय पेशेवरों के लिए सार्थक अवसर बनाए जाएं, ताकि वे वैश्विक और घरेलू ग्राहकों के लिए उच्च प्रभाव वाले परिवर्तनकारी प्रोजेक्ट्स पर काम कर सकें। यह कार्यालय क्षेत्रीय उद्यमों को भी उच्च गुणवत्ता वाली सेवाओं तक आसान पहुंच देगा। शुरुआत में यह दफ़्तर तकनीकी क्षमताओं को बढ़ाने पर केंद्रित रहेगा और धीरे-धीरे पीडब्ल्यूसी की व्यापक सेवाओं का केंद्र बन जाएगा। उद्घाटन समारोह में पीडब्ल्यूसी इंडिया के चेयरपर्सन संजीव कृष्णन ने कहा: "हमारा नागपुर कार्यालय देशभर में हमारी उपस्थिति के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह निवेश भविष्य के लिए तैयार टैलेंट हब बनाने और कल का भारत बढ़ाने के लिए अवसर पैदा करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है—जहा हम क्षेत्रीय उद्यमों को उत्कृष्ट मूल्य प्रदान करेंगे और स्थानीय कुशल पेशेवरों को अपने करियर को आगे बढ़ाने का सशक्त अवसर देंगे।


यह विस्तार पीडब्ल्यूसी की उस व्यापक रणनीति का हिस्सा है जिसके तहत भुवनेश्वर, जयपुर और कोच्चि जैसे गैर- मेट्रो शहरों में अपनी उपस्थिति को गहरा करने के लिए जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।इसके तहत कंपनी इन क्षेत्रों से प्रतिभा की भर्ती कर उन्हें उन्नत और भविष्य-उन्मुख कौशल सिखाने पर भी ध्यान दे रही है, ताकि वे तकनीक से आगे बढ़कर नवाचार और बड़े स्तर पर प्रभाव डालने की क्षमता हासिल करें।

नागपुर जैसे शहरों में विस्तार पीडब्ल्यूसी की इस सोच को मज़बूती देता है कि विकास की मांग और आपूर्ति, दोनों के बीच संतुलन बनाकर क्लाइंट्स और उद्योगों के लिए नए अवसर पैदा किए जाएं और विविध, भविष्य के लिए तैयार प्रतिभा पूल को बढ़ावा दिया जाए। विकास यात्रा में एक विश्वसनीय भागीदार बनने और मेट्रो व उभरते शहरों, दोनों में प्रतिभा के लिए करियर अवसर पैदा करने का लक्ष्य रखता है।

# बिज़नेस क्वीन बनीं प्रियंका चोपड़ा

**नई दिल्ली.**

आज की कई फिल्मी अभिनेत्रियां सिर्फ एक्टिंग ही नहीं, बल्कि बिज़नेस की दुनिया में भी खूब नाम कमा रही हैं. इसी में एक बड़ा नाम है प्रियंका चोपड़ा का. प्रियंका ने अपने हेयरकेयर ब्रांड 'एनोमली' के जरिए न सिर्फ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई, बल्कि इसे महज दो साल में एक बड़ा ग्लोबल ब्रांड बना दिया.एनोमली हेयरकेयर की सबसे बड़ी खासियत इसकी पैकेजिंग है. आमतौर पर ब्यूटी ब्रांड्स अपनी पैकेजिंग पर लाखों रुपये खर्च करते हैं ताकि वह दिखने में आकर्षक लगे, लेकिन प्रियंका ने इसका उल्टा रास्ता चुना. उनके प्रोडक्ट्स की बोतलें 100 प्रतिशत कबाड़ से बने प्लास्टिक से तैयार होती हैं. ब्रांड के हर प्रोडक्ट की बोतल पर साफ लिखा होता है, पैकेजिंग पर कम खर्च, प्रोडक्ट की क्वालिटी पर



ज्यादा ध्यान. इसके साथ ही पीछे लिखा है, पतली बोतल, कम प्लास्टिक. इसका मतलब है कि वे पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार हैं और कचरे को पुनः उपयोग में ला रहे हैं. यह कदम सिर्फ पर्यावरण के लिए नहीं, बल्कि ग्राहकों को भी जागरूक और सस्ते उत्पाद देने के लिए लिया गया है. प्रियंका की यह सोच आज के जमाने की जिम्मेदार और स्मार्ट बिजनेस वुमन की मिसाल है. प्रियंका ने अपने ब्रांड की सफलता के लिए केवल पैकेजिंग पर ध्यान नहीं दिया, बल्कि प्रोडक्ट की क्वालिटी को भी सर्वोपरि रखा. एनोमली के प्रोडक्ट्स में नारियल तेल, एलोवेरा जैसे प्राकृतिक तत्व शामिल हैं जो खास तौर पर भारतीय बालों की समस्याओं जैसे रूखापन और फ्रिज़ को दूर करते हैं.

# तेल बाजार में अमेरिका की बड़ी हार

## > भारत-रूस ने बिगाड़ा अमेरिका का खेल

**वाशिंगटन.**

अमेरिका और यूरोपीय देश एक बार फिर रूस पर नए आर्थिक प्रतिबंध लगाने की तैयारी में हैं.

उनका मानना है कि इससे रूस की अर्थव्यवस्था चरमरा जाएगी और वह यूक्रेन युद्ध से पीछे हटने पर मजबूर हो जाएगा. लेकिन इस बार मामला सिर्फ रूस तक नहीं रुका. अब अमेरिका उन देशों को भी चेतावनी दे रहा है जो रूस से तेल खरीद रहे हैं. इसमें भारत का नाम भी लिया जा रहा है.




हाल ही में अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा कि अगर अमेरिका और यूरोपीय देश मिलकर रूस के तेल खरीदारों पर सख्ती करें, तो रूस की आर्थिक रीढ़ टूट सकती है.

उन्होंने यहां तक कहा कि इससे राष्ट्रपति पुतिन बातचीत की टेबल पर आने को मजबूर हो जाएंगे.यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने अमेरिका के इस बयान का खुलकर समर्थन किया है. उन्होंने कहा कि जो देश रूस से अब भी तेल खरीद रहे हैं, उन पर टैरिफ यानी खास टैक्स लगाना सही फैसला होगा. उनका इशारा भारत जैसे देशों की ओर था.

भारत ने शुरू से ही यूक्रेन युद्ध को बातचीत के जरिए सुलझाने की बात कही है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई बार साफ कर चुके हैं कि भारत शांति चाहता है, किसी का साथ नहीं ले रहा. उन्होंने कई देशों के नेताओं से बात करके यही कहा कि युद्ध किसी का भला नहीं करता.

भारत ने रूस से तेल खरीदना इसलिए जारी रखा है क्योंकि उसे अपनी बड़ी आबादी की जरूरतें पूरी करनी हैं. सरकार मानती है कि यह फैसला देश की अर्थव्यवस्था और आम लोगों के हित में है. अमेरिका के दबाव के बावजूद भारत अपनी नीति से पीछे नहीं हटा है.

**अमेरिका की असली चिंता, तेल का बाज़ार**
जानकारों का कहना है कि ये सिर्फ यूक्रेन युद्ध का मामला नहीं है. असली खेल दुनिया के तेल और गैस बाजार पर कब्जा करने का है. अमेरिका चाहता है कि सभी देश उसकी महंगी एनर्जी खरीदे और रूस का रास्ता बंद हो जाए. इसके लिए अब वह भारत जैसे देशों को भी टारगेट कर रहा है.

# माउंटेन ड्यू का नया अवतार ऋतिक के साथ

**नई दिल्ली.**

पेप्सिको इंडिया के बोल्ड और फियरलेस बेवरेज ब्रांड माउंटेन ड्यू ने अपने उपभोक्ताओं को एक नया अनुभव देने के लिए सिर्फ 20 में 400 एमएल का पीईटी पैक लॉन्च किया है। यह लॉन्च ब्रांड के प्राइस-पैक आर्किटेक्चर के विस्तार का हिस्सा है, जो ज्यादा से ज्यादा उपभोक्ताओं तक इसकी पहुँच सुनिश्चित करता है। इस पहल का उद्देश्य ग्राहकों को बेहतर वैल्यू और सुलभता प्रदान करना है, साथ ही 'डर के आगे जीत है' की ब्रांड फिलॉसफी को और मजबूती देना है।




ऋतिक रोशन का दमदार अंदाज़, 'डर के आगे जीत है' फिर ज़िंदा इस मौके पर माउंटेन ड्यू ने एक नया टीवी कमर्शियल भी लॉन्च किया है, जिसमें ब्रांड एंबेसडर ऋतिक रोशन नजर आ रहे हैं। फिल्म का निर्देशन मशहूर डायरेक्टर अली अब्बास जफर ने किया है। इसमें ऋतिक एक आउटडोर एडवेंचर के दौरान मुश्किल हालातों से जूझते और अंततः साहस के साथ छलांग लगाते दिखते हैं – जो माउंटेन ड्यू की ब्रांड आत्मा को दर्शाता है। 'डर का सामना हम सभी करते हैं, लेकिन हमारी पहचान हमारे साहस से होती है। माउंटेन ड्यू का यह कैंपेन इसी जज़्बे को दिखाता है। मैं इस ब्रांड से जुड़कर गर्व महसूस करता हु क्योंकि यह लाखों लोगों को 'डर के आगे जीत है' की भावना से प्रेरित कर रहा है। 20 में 400 एमएल का नया पैक इस अनुभव को और भी सुलभ बनाता है।' यह नया पैक न केवल हमारे ब्रांड की बोल्ड आइडेंटिटी को मज़बूत करता है, बल्कि ज्यादा ग्राहकों को जोड़ने का माध्यम भी बनता है। यह ग्राहकों को उनकी पसंद के अनुसार वैल्यू और एक्सेसिबिलिटी दोनों देता है, बिना किसी क्वालिटी कॉम्प्रोमाइज़ के।

**भारत देखेगा ये कैंपेन 360° प्रमोशन**
यह नया कैंपेन टीवी, डिजिटल, आउटडोर, और सोशल मीडिया जैसे सभी प्लेटफॉर्म्स पर लॉन्च किया गया है, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक इसका संदेश पहुंचे। माउंटेन ड्यू अब सिंगल-सर्व और मल्टी-सर्व पैक्स में उपलब्ध है,जैसे
20 में 400 एमएल पीईटी पैक
50 में 1.15 लीटर
90 में 2.25 लीटर

# रुपए की वापसी से डॉलर को बड़ा झटका

**नई दिल्ली.**

काफी दिनों के बाद करेंसी मार्केट से भारत के लिए गुड न्यूज आई है. सुबह के सत्र में रुपए ने अच्छी वापसी करते हुए 5 से 6 पैसे की तेजी दिखाई. इसका कारण विदेशी निवेशकों का निवेश, डॉलर में कमजोरी, शेयर बाजार में तेजी, जीएसटी रिफॉर्म से बेहतर कंज्यूमर सेंटीमेंट और अमेरिकी राष्ट्रपति का भारत के प्रति नरम रुख रहा. रुपए के फेवर में एक साथ इतनी चीजें काफी दिनों के बाद देखने को मिली है. हाल के दिनों में जीएसटी रिफॉर्म के बाद भी रुपए में लगातार गिरावट देखने को मिल रही थी. विदेशी निवेशकों का पलायन रुक नहीं रहा था. जिसकी वजह से रुपए में गिरावट देखने को मिल रही थी. वैसे कच्चे तेल की कीमतों में उछाल अब एक नई समस्या है. उसका कारण भी है. इजराइल ने कतर में हमास लीडर को मारने के लिए हमला किया है. जिसकी वजह से कच्चे तेल की कीमतों में इजाफा देखने को मिला है. आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर रुपए में किस तरह के आंकड़े देखने को मिल रहे हैं.



बुधवार को शुरुआती कारोबार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 5 पैसे बढ़कर 88.10 पर पहुंच गया. विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के निवेश और विदेशी मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के कमजोर होने से इसमें मदद मिली. हालांकि, फॉरेन करेंसी ट्रेडर्स ने कहा कि ग्लोबल लेवल पर कच्चे तेल की कीमतों में मामूली वृद्धि ने स्थानीय मुद्रा में तेज बढ़त को रोक दिया. इंटरबैंक फॉरेन करेंसी एक्सचेंज मार्केट में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.11 पर खुला और फिर 88.10 पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव से 5 पैसे अधिक है. रुपये ने शुरुआती बढ़त गंवा दी और मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 6 पैसे गिरकर 88.15 के अपने रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया. शुक्रवार को, रुपया अब तक के सबसे निचले स्तर 88.38 पर पहुँच गया, लेकिन गिरावट कम होने के बाद अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 3 पैसे बढ़कर 88.09 पर बंद हुआ.


**महाराष्ट्र गणपती भव्यतम लॉटरी सोडत**
महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
सोडत क्र. 01 सोडत दिनांक 10/09/2025

| मालिका | GB-00 | GB-01 | GB-02 | GB-03 | GB-04 |
|---|---|---|---|---|---|
| पहिले समायिक हमीपात्र बक्षिस रु. 1 करोड | — | बारड लॉटरी सेंटर - सोलापूर प्रिन्स एजन्सी - मुंबई यांचा मार्फत | | 12446 | — |
| दुसरे बक्षिस रु. 1 लाख (रु. 1 लाखाची 5 बक्षिसे) | 20156 श्री सिद्धि समर्थ एजेंसी, दादर - मुंबई | 26955 सिराज एन्टरप्रायझेस, नागपूर | 13239 महावीर लॉटरी सेंटर, कोल्हापूर | 21313 | 26093 रॉयल एजन्सी - आंकली |

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी

| | |
|---|---|
| तिसरे बक्षिस रु. 10000/- | 2450 |
| चौथे बक्षिस रु. 5000/- | 6571 |

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पाचवे बक्षिस रु. 1000/- | 1693 | 2662 | 3753 | 4655 | 4746 | 4871 | 5541 | 8114 | 9289 | 9877 |
| सहावे बक्षिस रु. 500/- | 1489 | 2430 | 4413 | 4954 | 6497 | 6625 | 6910 | 6935 | 8109 | 9957 |

सातवे बक्षीस रु. 400/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0023 | 1107 | 2215 | 3114 | 3859 | 4732 | 5537 | 6478 | 7157 | 7913 | 8606 | 9307 |
| 0147 | 1144 | 2240 | 3138 | 3875 | 4734 | 5572 | 6535 | 7164 | 7951 | 8608 | 9355 |
| 0186 | 1203 | 2248 | 3154 | 3937 | 4779 | 5646 | 6538 | 7233 | 7971 | 8646 | 9356 |
| 0193 | 1208 | 2269 | 3156 | 3971 | 4792 | 5671 | 6576 | 7348 | 7982 | 8651 | 9362 |
| 0209 | 1267 | 2280 | 3188 | 4000 | 4819 | 5715 | 6617 | 7411 | 8027 | 8690 | 9370 |
| 0246 | 1276 | 2289 | 3242 | 4175 | 4835 | 5733 | 6669 | 7434 | 8092 | 8692 | 9380 |
| 0266 | 1348 | 2292 | 3258 | 4178 | 4850 | 5766 | 6705 | 7438 | 8151 | 8735 | 9466 |
| 0348 | 1416 | 2325 | 3289 | 4180 | 4889 | 5767 | 6728 | 7447 | 8160 | 8760 | 9474 |
| 0359 | 1420 | 2343 | 3296 | 4301 | 4910 | 5839 | 6742 | 7455 | 8207 | 8778 | 9494 |
| 0379 | 1440 | 2369 | 3367 | 4304 | 4929 | 5871 | 6752 | 7463 | 8212 | 8801 | 9561 |
| 0404 | 1499 | 2379 | 3382 | 4306 | 4996 | 5874 | 6793 | 7465 | 8239 | 8874 | 9626 |
| 0438 | 1534 | 2514 | 3389 | 4319 | 5010 | 5911 | 6801 | 7500 | 8258 | 8954 | 9649 |
| 0443 | 1615 | 2594 | 3401 | 4328 | 5029 | 5924 | 6832 | 7505 | 8262 | 8980 | 9651 |
| 0460 | 1642 | 2626 | 3527 | 4361 | 5068 | 5953 | 6856 | 7510 | 8292 | 9009 | 9662 |
| 0573 | 1685 | 2701 | 3549 | 4425 | 5147 | 5971 | 6881 | 7512 | 8319 | 9026 | 9705 |
| 0623 | 1708 | 2754 | 3582 | 4462 | 5152 | 6076 | 6890 | 7559 | 8325 | 9053 | 9729 |
| 0699 | 1768 | 2757 | 3662 | 4500 | 5192 | 6078 | 6944 | 7595 | 8337 | 9060 | 9750 |
| 0744 | 1823 | 2840 | 3673 | 4516 | 5212 | 6084 | 6963 | 7613 | 8347 | 9089 | 9813 |
| 0763 | 1942 | 2852 | 3674 | 4520 | 5322 | 6232 | 6967 | 7660 | 8367 | 9105 | 9823 |
| 0825 | 1985 | 2885 | 3677 | 4597 | 5341 | 6278 | 6976 | 7662 | 8390 | 9143 | 9844 |
| 0887 | 2032 | 2913 | 3698 | 4641 | 5389 | 6323 | 7022 | 7664 | 8430 | 9163 | 9873 |
| 0893 | 2077 | 2922 | 3714 | 4661 | 5460 | 6340 | 7060 | 7705 | 8463 | 9172 | 9874 |
| 0908 | 2099 | 2980 | 3763 | 4683 | 5480 | 6352 | 7083 | 7709 | 8491 | 9223 | 9907 |
| 0931 | 2142 | 3005 | 3786 | 4696 | 5489 | 6422 | 7098 | 7750 | 8502 | 9269 | 9989 |
| 0957 | 2203 | 3015 | 3833 | 4725 | 5523 | 6437 | 7147 | 7899 | 8515 | 9296 | 9997 |

महाराष्ट्र गणपती भव्यतम लॉटरी सोडत | सोडत दिनांक 10/09/2025 | छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. अचुक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पहावे. | प्रस्तुतकर्ता महाराष्ट्र राज्य लॉटरी



निकाल
**गणेशलक्ष्मी विजयी विकली लॉटरी**
महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
सोडत सायं. 5:00 वाजता
सोडत दर बुधवार • सोडत क्रमांक 37 • तिकीट किं. रु. 10/- • सोडत दिनांक 10/09/2025

| | |
|---|---|
| पहिले सामायिक बक्षिस रु. 10000/- | MG-06 : 9555 |

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| दुसरे बक्षिस रु. 2000/- | 0790 | 1287 | 3228 श्री गणेश एन्टरप्रायझेस, दादर, मुंबई | 8272 | 9910 |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तिसरे बक्षिस रु. 1000/- | 0060 | 3180 | 5841 | 6230 | 6594 | 7011 | 7116 | 7156 | 9771 | 9934 |
| चौथे बक्षिस रु. 500/- | 2576 | 2654 | 2834 | 3135 | 5004 | 5043 | 6448 | 7630 | 9556 | 9646 |

पाचवे बक्षीस रु. 200/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0005 | 0943 | 1626 | 2725 | 3577 | 4685 | 5516 | 6633 | 7479 | 8841 |
| 0014 | 0945 | 1717 | 2766 | 3665 | 4726 | 5553 | 6710 | 7494 | 8845 |
| 0032 | 0992 | 1787 | 2849 | 3733 | 4775 | 5689 | 6776 | 7577 | 9103 |
| 0043 | 1003 | 1921 | 2872 | 3836 | 4777 | 5852 | 6808 | 7659 | 9116 |
| 0072 | 1032 | 1941 | 2919 | 3902 | 5023 | 5915 | 6918 | 7724 | 9159 |
| 0122 | 1056 | 1951 | 3062 | 3956 | 5137 | 6270 | 6928 | 7767 | 9383 |
| 0380 | 1124 | 1958 | 3105 | 4085 | 5154 | 6349 | 6936 | 7824 | 9589 |
| 0402 | 1263 | 1991 | 3139 | 4262 | 5193 | 6366 | 6994 | 8087 | 9592 |
| 0406 | 1325 | 2201 | 3265 | 4416 | 5263 | 6462 | 7207 | 8145 | 9791 |
| 0421 | 1369 | 2213 | 3323 | 4449 | 5290 | 6561 | 7269 | 8197 | 9897 |
| 0440 | 1429 | 2328 | 3335 | 4450 | 5365 | 6563 | 7378 | 8497 | 9906 |
| 0466 | 1474 | 2421 | 3410 | 4550 | 5466 | 6583 | 7397 | 8592 | 9930 |
| 0545 | 1511 | 2520 | 3451 | 4571 | 5473 | 6602 | 7425 | 8635 | 9935 |
| 0864 | 1622 | 2637 | 3548 | 4679 | 5509 | 6605 | 7472 | 8804 | 9993 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी MAHARASHTRA STATE LOTTERY महाराष्ट्र गणेशलक्ष्मी गणपती विशेष मासिक सोडत तिकीट किंमत रु.100/- सोडत दिनांक 16-09-2025
जिंका फक्त 4 अंकावर ₹ 22 लाख पहिले सामायिक बक्षिस | दुसरे बक्षीस ₹ 3 लाख (₹ 10 हजारची 30 बक्षिसे) | तिसरे बक्षीस ₹ 5 लाख (₹ 5 हजारची 100 बक्षिसे)
गणेशलक्ष्मी विजयी विकली लॉटरी सोडत दिनांक 10/09/2025 छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. अचुक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पहावे प्रस्तुतकर्ता : महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah



निकाल
महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
**महाराष्ट्र सह्याद्री**
• विजयालक्ष्मी विकली लॉटरी •
सोडत सायं. 4:30 वाजता
सोडत दर बुधवार • सोडत क्रमांक 37 • तिकीट किं. रु. 15/- • सोडत दिनांक 10/09/2025

| | |
|---|---|
| पहिले सामायिक बक्षिस रु. 10000/- | SV-03 : 4513 हरी श्री लॉटरी सेंटर, नालासोपारा |

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दुसरे बक्षिस रु. 1000/- | 1325 | 1378 | 1485 | 1668 | 1760 | 2650 | 3337 | 3629 | 3793 | 4680 |
| तिसरे बक्षिस रु. 500/- | 2145 | 2890 | 3027 | 3094 | 3649 | 3701 | 3914 | 3957 | 4495 | 5598 |

चौथे बक्षीस रु. 400/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1016 | 1779 | 3485 | 4438 | 5035 |
| 1060 | 2642 | 3538 | 4464 | 5188 |
| 1091 | 2672 | 3546 | 4468 | 5290 |
| 1107 | 2727 | 3579 | 4494 | 5425 |
| 1126 | 2765 | 3770 | 4526 | 5506 |
| 1150 | 2802 | 3996 | 4560 | 5531 |
| 1193 | 2905 | 4048 | 4568 | 5649 |
| 1194 | 2947 | 4104 | 4641 | 5737 |
| 1483 | 3064 | 4145 | 4655 | 5751 |
| 1713 | 3203 | 4174 | 4686 | 5795 |
| 1773 | 3209 | 4214 | 4846 | 5834 |
| 1776 | 3435 | 4306 | 5004 | 5980 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी MAHARASHTRA STATE LOTTERY महाराष्ट्र गणेशलक्ष्मी गणपती विशेष मासिक सोडत तिकीट किंमत रु.100/- सोडत दिनांक 16-09-2025
जिंका फक्त 4 अंकावर ₹ 22 लाख पहिले सामायिक बक्षिस | दुसरे बक्षीस ₹ 3 लाख (₹ 10 हजारची 30 बक्षिसे) | तिसरे बक्षीस ₹ 5 लाख (₹ 5 हजारची 100 बक्षिसे)
छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. • अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पाहावे. • प्रस्तुतकर्ता : महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
महाराष्ट्र सह्याद्री विजयालक्ष्मी विकली लॉटरी सोडत दिनांक 10/09/2025
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah


# मनी लॉन्डरिंग केस में फंसे अनिल अंबानी

**नई दिल्ली.**

अनिल अंबानी की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं. कुछ दिन पहले सेबी ने उनकी उस अपील को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने यस बैंक में किए गए निवेश की जांच बंद करने की मांग की थी. अब खबर है कि केंद्र की जांच एजेंसी, प्रवर्तन निदेशालय ने अनिल अंबानी और उनकी कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशन के खिलाफ प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्डरिंग एक्ट के तहत नया केस दर्ज किया है.इकोनॉमिक्स टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, इस केस में उन पर और उनकी कंपनी पर भारतीय स्टेट बैंक को करीब 2,929 करोड़ का नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया गया है. यह केस सीबीआई द्वारा दर्ज की गई



एफआईआर के आधार पर दर्ज किया गया है, जो 21 अगस्त को सामने आई थी. इस मामले के सामने आने के बाद अनिल अंबानी की ओर से जारी बयान में आरोपों को पूरी तरह से खारिज किया गया था. उनके प्रवक्ता ने कहा कि इस मामले में उन्हें चुनिंदा तरीके से निशाना बनाया गया है. उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि संबंधित शिकायत एसबीआई द्वारा उन मामलों पर की गई है जो लगभग दस साल पहले के हैं.बयान में कहा गया कि उस वक्त अनिल अंबानी आर कॉम के गैर-कार्यकारी निदेशक थे और कंपनी के रोज़मर्रा के प्रबंधन में उनका कोई सीधा भाग नहीं था. वहीं, सीबीआई की कार्रवाई के बाद ईडी ने भी इस मामले में मनी लॉन्डरिंग के शक के आधार पर जांच शुरू कर दी है.

ईडी ने अब तक तीन अलग-अलग मामलों में अनिल अंबानी और उनकी कंपनियों की कथित बैंक धोखाधड़ी में भूमिका की जांच की है. 18 अगस्त को मीडिया रिपोर्ट्स में यह भी सामने आया था कि ईडी ने अनिल अंबानी की रिलायंस ग्रुप की कई वरिष्ठ अधिकारियों से 17,000 करोड़ रुपए के बैंक लोन घोटाले की जांच के सिलसिले में पूछताछ की है. जांच के दौरान ईडी ने करीब 20 से ज्यादा निजी और सार्वजनिक बैंकिंग संस्थानों को पत्र लिखकर रिलायंस ग्रुप को दिए गए लोन और उनकी क्रेडिट जांच की जानकारी मांगी है.


१- श्रद्धा सबूरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड़ लॉटरी, झासीरानी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
७- प्रवीण लॉटरी महाराष्ट्र बैंक मुंजे चौक सीताबर्डी
८-मयूरी लॉटरी, आकाशवाणी चौक
९-माँ आंबे लॉटरी, आगाराम देवी
१०- नितिन लॉटरी, रामबाग कॉलोनी, मेडिकल चौक
११-दिलीप लॉटरी, नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१२ श्री गणेश लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१३-शुभम लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१४ श्री गजानन लॉटरी झेंडा चौक, महाल
१५-आशीष लॉटरी शाहिद चौक, इतवारी
१६- ख्वाजा लॉटरी कमाल टॉकीज़, कमाल चौक
१७- वैभव लॉटरी इंदौरा चौक लष्करी बाग
१८-चिकटे लॉटरी सक्करदरा चौक
१९- ओमसाई लॉटरी,महाकाळकर बिल्डिंग, छोटा ताजबाग
२०- गुरुदेव लॉटरी , गांधीचौक चंद्रपुर
२१-गजानन लॉटरी, अकोला
22- प्रेम लॉटरी सेंटर, कमाल चौक
23- नारायण लॉटरी, शहीद चौक, इतवारी
24- महावीर लॉटरी, बाजार चौक, कलमेश्वर



निकाल
महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
**महाराष्ट्र गजलक्ष्मी बुध विकली लॉटरी**
सोडत संध्या. 4:45 वाजता
सोडत दर बुधवार • सोडत क्रमांक 37 • तिकीट किं. रु. 20/- • सोडत दिनांक 10/09/2025

| | |
|---|---|
| पहिले बक्षिस रु. 10,000/- | GL-02 : 1458 विशेष डिस्ट्रिब्युटर, गोरेगाव |

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दुसरे बक्षिस रु. 2000/- | 0920 | 1203 | 1898 | 3536 | 5997 | 6358 | 7158 | 7222 | 9693 | 9751 |
| तिसरे बक्षिस रु. 1000/- | 1552 | 2093 | 2248 | 3455 | 5416 | 6468 | 7713 | 8003 | 8874 | 8929 |
| चौथे बक्षिस रु. 500/- | 1039 | 2953 | 3900 | 4880 | 5467 | 7054 | 7938 | 8479 | 8779 | 9439 |

पाचवे बक्षीस रु. 300/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पाचवे बक्षिस रु. 300/- | 0906 | 1665 | 2580 | 3737 | 4739 | 5569 | 6365 | 7150 | 8244 | 9270 |
| 0009 | 0943 | 1669 | 2607 | 3797 | 4748 | 5570 | 6367 | 7151 | 8268 | 9278 |
| 0079 | 0944 | 1672 | 2621 | 3829 | 4967 | 5571 | 6400 | 7190 | 8282 | 9350 |
| 0101 | 0992 | 1701 | 2662 | 3878 | 4977 | 5585 | 6456 | 7250 | 8356 | 9373 |
| 0106 | 1002 | 1717 | 2756 | 3888 | 5008 | 5628 | 6466 | 7267 | 8388 | 9383 |
| 0205 | 1021 | 1746 | 2761 | 3993 | 5069 | 5703 | 6497 | 7276 | 8406 | 9394 |
| 0223 | 1117 | 1751 | 2816 | 4018 | 5114 | 5705 | 6523 | 7377 | 8488 | 9452 |
| 0304 | 1126 | 1863 | 2882 | 4049 | 5120 | 5735 | 6610 | 7471 | 8562 | 9491 |
| 0402 | 1128 | 1976 | 2912 | 4123 | 5145 | 5742 | 6625 | 7486 | 8598 | 9505 |
| 0419 | 1137 | 1986 | 2927 | 4284 | 5171 | 5830 | 6632 | 7512 | 8627 | 9542 |
| 0451 | 1164 | 2140 | 3040 | 4345 | 5239 | 5851 | 6636 | 7739 | 8648 | 9609 |
| 0492 | 1171 | 2222 | 3043 | 4417 | 5284 | 5885 | 6672 | 7776 | 8685 | 9696 |
| 0501 | 1260 | 2238 | 3061 | 4446 | 5285 | 5905 | 6699 | 7797 | 8706 | 9754 |
| 0552 | 1261 | 2250 | 3135 | 4472 | 5331 | 5915 | 6706 | 7831 | 8709 | 9790 |
| 0561 | 1312 | 2253 | 3151 | 4492 | 5382 | 5986 | 6781 | 7933 | 8799 | 9875 |
| 0593 | 1343 | 2270 | 3216 | 4504 | 5474 | 6034 | 6834 | 7947 | 8848 | 9903 |
| 0606 | 1456 | 2348 | 3303 | 4514 | 5507 | 6075 | 6876 | 7977 | 8888 | 9916 |
| 0678 | 1517 | 2362 | 3496 | 4544 | 5509 | 6093 | 6966 | 8098 | 8942 | 9918 |
| 0682 | 1565 | 2398 | 3579 | 4597 | 5511 | 6161 | 7038 | 8138 | 9062 | 9954 |
| 0729 | 1586 | 2426 | 3703 | 4627 | 5528 | 6230 | 7120 | 8171 | 9184 | 9962 |
| 0880 | 1639 | 2462 | 3729 | 4634 | 5555 | 6362 | 7127 | 8206 | 9203 | 9997 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी MAHARASHTRA STATE LOTTERY महाराष्ट्र गजराज मासिक सोडत सोडत दिनांक 25/09/2025
जिंका फक्त 4 अंकावर ₹ 5 लाख पहिले सामायिक हमीपात्र बक्षीस | एकूण तिकीट संख्येच्या 80% तिकिटांची विक्री झाल्यानंतरच पहिले बक्षिस हमीपात्र | सहावे बक्षिस रु. ₹ 2.5 लाख (रु.100 च्या 2500 बक्षिसे) | तिकीट किंमत ₹20/-
महाराष्ट्र गजलक्ष्मी बुध विकली लॉटरी सोडत दिनांक 10/09/2025 छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. अचुक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पहावे प्रस्तुतकर्ता : महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah


प्रविण कडू : 9822472123

# राज और उद्धव की मुलाकात से बढ़ी राजनीतिक उम्मीदें

## गठबंधन पर बात हुई तेज़

**मुंबई.**



राज्य के सियासी गलियारों की चर्चा के केंद्र में एक बार फिर ठाकरे ब्रदर्स हैं. बुधवार को उद्धव ठाकरे अपने चचेरे भाई राज ठाकरे से मिलने उनके आवास शिवतीर्थ पर पहुंचे. उद्धव ठाकरे के साथ उनके भरोसेमंद संजय राउत और अनिल परब थे. दशहरा के दिन स्थिति साफ हो जाएगी कि उद्धव और राज साथ में बीएमसी चुनाव लड़ेंगे या नहीं. उद्धव और राज ठाकरे के बीच करीब दो घंटे तक बैठक चली. ये मुलाकात ऐसे समय हुई है जब कुछ दिनों पहले कांग्रेस के नेताओं ने उद्धव ठाकरे से मिलकर राज ठाकरे के साथ आने को लेकर स्थिति पूछी थी. बालासाहेब ठाकरे हमेशा दशहरा पर एक बड़ी जनसभा शिवाजी पार्क दादर में करते थे. अब शिवसेना में टूट होने पर एकनाथ शिंदे ने आजाद मैदान में तो उद्धव ठाकरे शिवाजी पार्क में यह सभा करते हैं.

दोनों भाइयों के बीच गठबंधन से पहले उन्हें हार का सामना करना पड़ा. पिछले महीने बेस्ट कर्मचारी सहकारी क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड के चुनाव में उद्धव और राज ठाकरे की पार्टी ने मिलकर 21 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे. लेकिन इस चुनाव में सभी सीटों पर उन्हें हार का सामना करना पड़ा.

महाराष्ट्र में नगर निकाय चुनाव होने हैं. इनमें सबसे अहम बीएमसी का चुनाव है. देश के सबसे अमीर नगर निकाय में अभी उद्धव ठाकरे की पकड़ है. उद्धव चाहते हैं कि ये पकड़ बरकरार रहे.

### दो हफ्ते में दूसरी मुलाकात

दोनों भाइयों के बीच बीते दो हफ्तों में दूसरी मुलाकात है. बीते हफ्ते गणेश उत्सव के मौके पर उद्धव ठाकरे अपने भाई के घर गए थे. 5 जुलाई 2025 को सालों बाद दोनों भाइयों ने एक साथ मंच शेयर किया था. इसके बाद से ही ये अटकलें लगने लगीं कि दोनों के बीच सियासी गठबंधन भी होगा. लेकिन अभी तक कोई ऐलान नहीं हुआ है. 27 जुलाई को राज ठाकरे, उद्धव ठाकरे के घर गए थे और उन्हें जन्मदिन की बधाई दी थी.

# पड़ोसी लड़की की हत्या का खुलासा टैटू से




**भिवंडी.**

राज्य के भिवंडी से एक चौंकाने वाली घटना तब सामने आई है. यहां एकतरफा प्यार में पालग लड़के के प्यार को दस महीने पहले पड़ोस में रहने वाली लड़की ठुकरा दिया गया था. इससे नाराज होकर युवक ने सब्जी काटने वाले चाकू से लड़की की हत्या कर दी थी. इस दौरान बीच बचाव करने गई छोटी बहन को भी आरोपी ने चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था. अब दस महीने बाद पुलिस ने टैटू के जरिए आरोपी की पहचान कर उसे जेल भेज दिया है. मामला भिवंडी शहर के भड़वाड़ गांव के कृष्णानगर स्थित भरत तारे की चाली का है. यहां हत्या की वारदात को अंजाम देकर आरोपी फरार हो गया था. अब आरोपी 10 महीने बाद इंदौर से गिरफ्तार कर लिया गया है. यह जानकारी वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विनायक गायकवाड़ ने दी है. मृतका लड़की का नाम नीतू भान सिंह था, जिसकी उम्र 23 साल थी. जबकि, हत्या करने वाले आरोपी का नाम राजू महेंद्र सिंह है उसकी उम्र 24 साल बताई जा रही है.

दोनों अपने परिवारों के साथ भिवंडी शहर के भड़वाड़ गांव के कृष्णानगर स्थित भरत तारे की चाली में एक-दूसरे के बगल वाले किराए के कमरे में रहते थे. इसलिए, मृतका ने पड़ोसी के साथ प्रेम संबंध बनाने से इनकार कर दिया था. इसके चलते गुस्से में आकर, 28 अक्टूबर की रात लगभग 11:15 बजे, आरोपी राजू ने नीतू पर सब्जी काटने वाले चाकू से वार कर उसकी बेरहमी से हत्या कर दी थी. इस दौरान जब मृतका की छोटी बहन ने उसे बचाने के लिए बीच-बचाव करने की कोशिश की, तो आरोपी ने उसकी उंगली के पास चाकू से वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था.

पकड़े जाने के दौरान आरोपी ने खुद को सूरज बताकर पुलिस को धोखा देने की कोशिश की, लेकिन उसके हाथ पर बने टैटू से उसकी पहचान कर ली गई. इसके साथ ही हत्या के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया. गिरफ्तारी के बाद आरोपी को तुरंत भिवंडी लाया गया और उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे पुलिस हिरासत में भेज दिया गया.

# 3.5 साल के बच्चे के फेफड़े से निकला एलईडी बल्ब

**मुंबई.** साढ़े तीन साल का एक बच्चा खेल-खेल में बल्ब निगल गया. यह बल्ब एक खिलौने का था. इसके बाद बच्चे को सीने में दर्द होने लगा. घरवाले इलाज के लिए उसे मुंबई के जसलोक अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र लाए. यहां डॉक्टरों ने मासूम बच्चे के फेफड़े से बल्ब को सफलतापूर्वक बाहर निकाला. यह बल्ब उसके शरीर में लगभग तीन महीने से फंसा हुआ था और इसी वजह से बच्चा लगातार खांसी हो रही थी. साथ ही उसे सांस लेने में भी तकलीफ हो रही थी. शुरुआत में जब बच्चे के लक्षण सामने आए तो डॉक्टरों को लगा कि उसे निमोनिया है.

इस आधार पर कई बार एंटीबायोटिक दवाओं से उसका इलाज किया गया. इलाज और व्यापक देखभाल के बावजूद उसकी स्थिति में सुधार नहीं हुआ. बच्चे का सीटी स्कैन कराया गया. जांच में सामने आया कि उसकी बाए फेफड़े की ओर जाने वाली नली में किसी धातु का टुकड़ा फंसा हुआ है. यह डॉक्टरों के लिए चौंकाने वाला था. बच्चे के परिवार ने उसे पहले कोल्हापुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां लचीली ब्रोंकोस्कोपी की मदद से उस धातु को निकालने की कोशिश की गई.


# 12 हजार करोड़ की ड्रग्स जब्त



**मुंबई.** मुंबई से सटे मीरा भायंदर पुलिस ने ड्रग्स के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए देश के सबसे बड़े ड्रग्स रैकेट को उजागर किया है. पुलिस कि जांच में जो सबसे चौकने वाला खुलासा हुआ है वो ये की नए जमाने के युवा यानी 'गेन झेड' के साथ ड्रग्स की डीलिंग के लिए अब ड्रग्स माफिया डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर इमोजी वाले कॉर्ड वर्ड्स का इस्तेमाल कर रहे हैं ताकि जांच एजेंसियों को चकमा दे सके. ड्रग्स के खिलाफ महाराष्ट्र पुलिस के इस बड़े एक्शन की इस तस्वीर को देखिए जिसमें क्रेन की मदद से ड्रग्स की खेप उतारी जा रही है. ड्रग्स का ये सबसे बड़ा कारोबार दक्षिण भारत में चल रहा था. मीरा भायंदर पुलिस ने ड्रग माफिया के खिलाफ की कमर तोड़ कार्रवाई करते हुए 32 हज़ार लीटर ड्रग्स बरामद किया है. मुंबई से सटे मीरा भायंदर में ये मौत का सामान उतारा जा रहा था, जो देश की युवा पीढ़ी को खोखला बनाने के लिए तैयार किया जा रहा था. मीरा भायंदर पुलिस ने तेलंगाना के चेरापल्ली इलाके में ड्रग्स के खिलाफ सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए ड्रग्स की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है. मीरा रोड पुलिस ने 12 हजार करोड़ रुपये की एमडी ड्रग्स बरामद की है. यह मामला ड्रग्स तस्करी के नए और खतरनाक तरीके को उजागर करता है, जिसमें तकनीक और सोशल मीडिया का इस्तेमाल बेहद चौंकाने वाले अंदाज में किया गया. जांच में सामने आया है कि यह पूरा सिंडिकेट सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और चैटिंग ऐप्स के जरिए सक्रिय था.

# लापरवाही के बाद समृद्धि महामार्ग पर हटाई गईं कीलें

**संभाजीनगर.**



समृद्धि महामार्ग पर मालीवाडा इंटरचेंज के पास हुई लापरवाही के बाद अब राहत की खबर सामने आई है. जो कीलें मरम्मत कार्य के दौरान सड़क पर लगाई गई थीं, उसे पूरी तरह हटा दिया गया है और अब उस हिस्से से आवाजाही फिर से शुरू कर दी गई है. दरअसल, मुंबई-नागपुर समृद्धि महामार्ग पर छत्रपति संभाजी नगर के मालीवाडा इंटरचेंज के पास देर रात सड़क मरम्मत का काम चल रहा था. पुल पर बने छोटे गड्ढों से तेज रफ्तार वाहनों का संतुलन बिगड़ने लगा था. इसे अस्थायी रूप से सुधारने के लिए कील ठोककर सुरक्षा व्यवस्था बनाई गई थी. इसके चलते रात में मार्ग के एक हिस्से को कुछ समय के लिए बंद भी किया गया था. इसी दौरान कुछ वाहन चालक मरम्मत वाले हिस्से से तेज रफ्तार में अपने वाहन निकालने लगे, जिससे कई वाहनों के टायरों में कीलें घुस गईं और टायर पंक्चर हो गए. यह घटना सामने आते ही मौके पर मौजूद यात्रियों और वाहन मालिकों में भारी रोष फैल गया. दौलताबाद पुलिस ने बताया कि सूचना मिलते ही तुरंत मौके पर पहुंचकर तीन गाड़ियों के पंक्चर ठीक करवाए ग. फिलहाल इस मामले में कोई शिकायती पत्र नहीं दिया गया है. हालांकि, समृद्धि महामार्ग मालीवाडा इंटरचेंज के संबंधित अधिकारियों को थाने तलब कर विस्तृत जानकारी ली जाएगी.

# सिद्दीकी केस में जिशान ने उठाए जांच पर सवाल

**मुंबई.** जिशान सिद्दीकी अपने पिता बाबा सिद्दीकी की मौत की जांच से असंतुष्ट हैं. उन्होंने कहा है कि मेरे पिता को गुजरे हुए एक साल हो गए लेकिन मुझे ऐसा लग रहा है कि जांच सही दिशा में नहीं हो रही है. मुझे ऐसा लग रहा है जैसे पुलिस अनमोल बिश्नोई को बचाना चाह रही है. जिशान ने कहा कि हमने एक आरटीआई फाइल किया था. कई बार मुंबई पुलिस से सवाल किया लेकिन हमें जवाब नहीं दिया गया.

इसके बाद जाकर मैंने आरटीआई फाइल की थी लेकिन मुझे संतोषजनक जवाब नहीं मिला. डीसीपी राज तिलक रौशन से मुलाकात हुई. उन्होंने देर तक बिठाया गया लेकिन उन्होंने ज्यादा बात ही नहीं की. मैंने उनसे सवाल किया कि यदि आप मेरे पिता की हत्या में अनमोल बिश्नोई को मास्टरमाइंड मानते हैं तो आप ने प्रत्यर्पण के लिए क्या कदम उठाए. उन्होंने इसका बहुत ही आश्चर्यजनक जवाब दिया. उन्होंने कहा हम नहीं बता सकते क्योंकि इससे अनमोल बिश्नोई अलर्ट हो जाएंगे. जिशान ने कहा कि जो इन्वेस्टिगेटिंग ऑफिसर था. उसने हंस कर कहा कि सर आपको पता ही है कि हम उसे नहीं ला सकते. जिशान ने कहा कि अगर मुंबई पुलिस इतनी कमजोर है तो यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है. हम कहां जाएंगे? जिशान ने कहा कि यह बात सही है कि 27-28 लोगों को गिरफ्तार किया गया है.

**९ कोर्ट विद्यमान श्री सुरेश वाघचौरे, तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी, पारशिवनी यांचे न्यायालय पारशिवनी**
**रा.मा.क्र. / जन्म, मृत्यु नोंद २०२४-२५, मौजा-कन्हान पिपरी, सा.क्र.१५ ता. पारशिवनी, जि. नागपूर**

**-: जाहीरनामा :-**

मौजा- कन्हान पिपरी, तह. पारशिवनी, जि. नागपूर येथील सर्व नागरीकांना सुचित करण्यात येते की, अर्जदार श्री. रोहित सिध्दार्थ मानवटकर, राह. कन्हान, तह. पारशिवनी, जि. नागपूर यांनी या कार्यालयास अर्ज सादर केलेला असून यांनी त्याच्या बहिनीचे नावे पायल सिध्दार्थ मानवटकर हिचा जन्म दिनांक २०/०१/१९९३ रोजी मौजा-कन्हान पिपरी येथे जन्माची नोंद घेण्यात आलेली नसल्याने नमुद करुन नगर परिषद, कन्हान पिपरी, ता. पारशिवनी, जि. नागपूर येथे जन्माची नोंद होण्याकरीता आदेश मिळण्याबाबत अर्ज सादर केलेला आहे. सदर अर्जदार यांना त्यांच्या बहिनीचे नावे पायल सिध्दार्थ मानवटकर याचें नावाची जन्माची नोंद आदेश देण्याबाबत कोणाला आक्षेप अथवा उजर घ्यावयाचे असतील त्यांनी एक महिना पर्यंत आपले आक्षेप अथवा उजर तहसिल कार्यालय, पारशिवनी येथे कार्यालयीन वेळेत तक्रार लेखी स्वरुपात स्वतः उपस्थित राहून या कार्यालयात समक्ष सादर करावे. नियोजीत तारखेनंतर मिळालेल्या आक्षेपावर विचार करण्यात येणार नाही, याबाबत संबंधितांनी नोंद घ्यावी. सदर जाहीरनामा आज दिनांक ०४/०८/२०२५ रोजी माझे सही व शिक्यानिशी प्रसिध्द करण्यात येत आहे.

शिक्का
स्वा/-
(सुरेश वाघचौरे)
तालुका दंडाधिकारी, पारशिवनी

**कोर्ट विद्यमान श्री सुरेश वाघचौरे, तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी, पारशिवनी यांचे न्यायालय पारशिवनी**
**रा.मा.क्र. / जन्म, मृत्यु नोंद २०२४-२५, मौजा-कन्हान पिपरी, सा.क्र.१५ ता. पारशिवनी, जि. नागपूर**

**-: जाहीरनामा :-**

मौजा- कन्हान पिपरी, तह. पारशिवनी, जि. नागपूर येथील सर्व नागरीकांना सुचित करण्यात येते की, अर्जदार श्री. रोहित सिध्दार्थ मानवटकर, राह. कन्हान, तह. पारशिवनी, जि. नागपूर यांनी या कार्यालयास अर्ज सादर केलेला असून यांनी त्याचे स्वता:चे नावे रोहित सिध्दार्थ मानवटकर याचा जन्म दिनांक १८/०१/१९९५ रोजी मौजा-कन्हान पिपरी येथे जन्माची नोंद घेण्यात आलेली नसल्याने नमुद करुन नगर परिषद, कन्हान पिपरी, ता. पारशिवनी, जि. नागपूर येथे जन्माची नोंद होण्याकरीता आदेश मिळण्याबाबत अर्ज सादर केलेला आहे. सदर अर्जदार यांना त्यांच्या स्वता:चा नावाची जन्माची नोंद आदेश देण्याबाबत कोणाला आक्षेप अथवा उजर घ्यावयाचे असतील त्यांनी एक महिना पर्यंत आपले आक्षेप अथवा उजर तहसिल कार्यालय, पारशिवनी येथे कार्यालयीन वेळेत तक्रार लेखी स्वरुपात स्वतः उपस्थित राहून या कार्यालयात समक्ष सादर करावे. नियोजीत तारखेनंतर मिळालेल्या आक्षेपावर विचार करण्यात येणार नाही, याबाबत संबंधितांनी नोंद घ्यावी. सदर जाहीरनामा आज दिनांक ०४/०८/२०२५ रोजी माझे सही व शिक्यानिशी प्रसिध्द करण्यात येत आहे.

शिक्का
स्वा/-
(सुरेश वाघचौरे)
तालुका दंडाधिकारी, पारशिवनी

# स्पॉइलर देने पर थियेटर में मारपीट

**पुणे.** राज्य के चिंचवड में आईनॉक्स मल्टीप्लेक्स में हॉरर फिल्म के दौरान विवाद हिंसक झगड़े में बदल गया. इंजीनियर ने पीछे बैठे शख्स को सस्पेंस खराब करने से रोका तो उसने और उसकी पत्नी ने इंजीनियर व उसकी पत्नी पर हमला कर दिया. पुलिस ने आरोपी दंपति को बीएनएस की संबंधित धाराओं में 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया.



जांच जारी है. पुलिस के अनुसार, चिंचवाड़ के बिजलीनगर निवासी 29 साल का एक इंजीनियर अपनी पत्नी और बहन के साथ फिल्म देख रहा था, तभी उनके पीछे बैठा एक व्यक्ति अपनी पत्नी को बार-बार फिल्म के आगे के सीन सुना रहा था, जिससे फिल्म का सस्पेंस बिगड़ रहा था. कथित तौर पर इंजीनियर ने उसे रुकने के लिए कहा, लेकिन इंटरवल के बाद स्थिति कंट्रोल से बाहर हो गई और हिंसक झगड़ा शुरू हो गया.

अपनी शिकायत में, पीड़ित शख्स ने आरोप लगाया कि वल्लभनगर निवासी उस व्यक्ति से हमने जब सस्पेंस खराब करने को मना किया उसने गालियां देना शुरू कर दिया और अचानक हमला कर दिया.

उसे उसकी कमीज़ का कॉलर पकड़कर घसीटा गया, उसके चेहरे, पेट और हाथों पर घूंसे और लात मारी गईं. जब पीड़ित की पत्नी ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, तो आरोपी और उसकी पत्नी ने कथित तौर पर उसके साथ भी मारपीट की. दोनों पीड़ितों को चोटें आईं और रविवार को चिंचवड पुलिस से संपर्क करने से पहले उनका पास के एक अस्पताल में इलाज किया गया.

# पिता ने नाबालिग बेटी का किया रेप



**नासिक.** नासिक के गंगापुर थाना क्षेत्र में एक बेहद ही शर्मनाक और दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है. यहाँ एक पिता ने अपनी ही 17 साल की नाबालिग बेटी के साथ रेप किया, जिससे लड़की गर्भवती हो गई. इस घटना ने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया है. लड़की की मां ने बताया कि बेटी को पेट में दर्द होने के बाद उसे नासिक जिला अस्पताल में भर्ती कराया था. डॉक्टरों की जांच में पता चला कि लड़की लगभग आठ सप्ताह की गर्भवती है. यह सुनते ही लड़की की माँ और परिवार के बाकी सदस्य सदमे में आ गए. घटना की सूचना मिलने पर गंगापुर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की. शुरुआत में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था. पुलिस ने 100 से ज़्यादा लोगों से पूछताछ की और हर एंगल से जांच शुरू की थी. जांच में सामने आया कि पीड़ित लड़की की मां पिछले डेढ़ महीने से घर पर नहीं थी. पिता दिनभर काम पर जाता और रात में लौटता. पुलिस को शक हुआ और उन्होंने इस मामले में पिता के डीएनए की जाँच कराने का फैसला किया. डीएनए टेस्ट में सामने आया कि लड़की के साथ किए गए दुर्व्यवहार का जिम्मेदार उसका ही पिता था. यह घटना किसी भी हद से परे है और पूरे इलाके में लोगों के होश उड़ा दिए हैं.

**सुचना**

संस्थेच्या सर्व सभासदांना कळविण्यात येते कि, **हनुमान क्रेडीट सहकारी संस्था मर्यादीत नागपूर जिल्हा,** आदर्श उपविधी नुसार सर्व साधारण सभा दिनांक ०७/०९/२०२५ अन्वये ज्या सभासदांची भाग रक्कम रु. १००/- पेक्षा कमी असेल त्यांनी १५ दिवसाच्या आत पुर्तता करण्यात यावी. तसे न केल्यास आपली रक्कम संस्थेच्या राखीव निधी मधे जमा करण्यात येईल. याची नोंद घेण्यात यावी.

आदेशानुसार
संचालक मंडळ
हनुमान क्रेडीट सहकारी संस्था मर्यादीत
नागपूर जिल्हा

दि. ११/०९/२०२५

## आज का राशिफल

**मेष** - आज का दिन रिश्तों, करियर में उन्नति और वित्तीय योजना पर ध्यान केंद्रित करते हुए एनर्जी प्रदान करता है। फ्यूचर के लक्ष्यों की स्ट्रैटजी बनाने के लिए अच्छा समय है।

**वृषभ** - आज सेहत का ध्यान रखें। आपको अपने विचारों को अपनाने और इसे जीवन के सभी पहलुओं पर लागू करने के लिए मोटिवेट किया जाता है।

**मिथुन** - आज के दिन अपनी पर्सनल लाइफ में आप अपने पार्टनर के साथ अधिक पर्सनल कनेक्शन विकसित कर सकते हैं। यह पर्सनल जरूरतों पर फोकस करने का समय है।

**कर्क**- आज आपके करियर की गति धीमी नहीं होनी चाहिए। इन्स्पेक्ट करें कि क्या आपका वर्तमान काम आपके लॉंग टर्म लक्ष्यों को पूरा करता है।

**सिंह** - आज का दिन अपने जरूरी प्लांस बनाने के लिए शुभ है। अपने बॉस के सामने अपनी कमिटमेंट, काम का तरीका और प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल को दिखाने का इससे बेहतर समय क्या हो सकता है?

**कन्या** - आज का दिन आपके सामाजिक जीवन में नई रुचि लाएगा। आपकी विभिन्न संस्कृति के लोगों से जुड़ने की क्षमता नए अवसर या पार्टनरशिप के लिए एक खुला द्वार है।

**तुला** - आज हो सकता है कि आप अचानक खुद को उत्सुकता के साथ असाइनमेंट पर काम करते हुए पाएं। आर्थिक लाभ के अवसर भी मिलेंगे।

**वृश्चिक** - आज नेटवर्क बनाएं, अपनी स्किल्स का उदाहरण दें और प्रोजेक्ट्स पर पहल करने से न डरें। अपने पार्टनर के साथ सम्मान और संयम से व्यवहार करें।

**धनु** - आज के दिन डिटेल्स पर काम करने और चीजों को मैनेज करने में बिजी रहेंगे। किसी सम्मेलन, वेबिनार या यहां तक कि व्यावसायिक यात्रा के लिए प्रयास करें।

**मकर** - आज आप स्किल्स को बढ़ाने या नए मार्केट के बारे में अधिक जानने पर विचार करने के लिए उत्सुक हो सकते हैं। आज का मुख्य जोर आपके पर्सनल फाइनेंस के बढ़ते पक्ष पर है.

**कुंभ** - आज का दिन पर्सनल ग्रोथ और विस्तार की संभावनाओं से भरा है। विचारों को विकसित करने के लिए अपने सहकर्मियों के साथ बात करने और काम करने की अपनी क्षमता दिखाने का यह सही अवसर है।

**मीन** - आज के दिन फ्रेश एनर्जी के साथ अपने करियर की ओर बढ़ें।

24 Pride Club
INNOVATIVE BUSINESS MEMBERSHIP
Monthly Networking opportunity
Our Offerings
- Free Live Business Interview on BCN News Channel (10–15 Minutes)
- Free 180 sq. cm Newspaper Ad Design
- Gift Vouchers Worth ₹60,000 & Discounts Worth Lakhs
- Exclusive Offers at 100+ Outlets Across Nagpur
- 12 Monthly Business Lunch Meetings
- Official Business Member Tag
- Access to a 2500+ Customer Database
- Connect with 100+ Businesses for Growth & Collaboration
- 45-Second Business Introduction Slot at Every Meet
- Expert Training Sessions Monthly
- ₹1 Lakh Accidental Insurance Coverage
- 3 Coordinators with Business Presentation Opportunities

JOIN NOW
Scan And Fill The Registration Form
Registration Link
https://registration.24starpride.club/
Contact: +91 8788895854
www.24starpride.club.com
DR.RICHA JAIN PRESIDENT
IMRAN SHEIKH SECRETARY
36,Gandhi Grain market, telephone exchange square near masoct hondashowroom, Nagpur - 440008

## मेट्रो CLASSIFIED बिजनेस

MSBVE / MSBTE महाराष्ट्र शासन मान्य
AYUSHMAN COLLEGE & HOSPITAL
KAMPTEE, NAGPUR (MS.)
आयुष्मान मेडिकल पॅरामेडिकल कॉलेज
सईद नगर, बालाजी मंदरि के सामने, कलमना रोड, रनाला, कामठी
महाराष्ट्र हमारे कोर्स
BSc MLT, BVOC MLT, PGDMLT / ADMLT (MSBTE) ADXR (MSBTE), DMLT, DDT, DNYS, DAT, GNMA, CCOT, Health Sanitary Inspector, Radiology Technician
इंटर्नशिप आपको सरकारी हॉस्पिटल मे मिलेगी
ADMISSION OPEN 2025-26
8651512020, 8651513030

DR. NANDI PATH LAB
Committed to your Wellness
OUR SERVICES: • BLOOD TESTS • BIOCHEMISTRY • HEMATOLOGY • MICROBIOLOGY • SEROLOGY & MORE
DR. GAURAV NANDI MBBS, MD (Patho)
Ex. ASSTT PROFESSOR SMCW, PUNE
Mobile No.: 8767516249 | 7420869774
Near Nutan Saraswati School, Main Road, Kamptee, Nagpur

श्री सतगुरु ट्रैवल्स
- १ ऑगस्ट अयोध्या काशी
- १४ ऑगस्ट आग्रा मथुरा वृंदावन
- ७ सप्टेंबर केदारनाथ चारधाम यात्र
- २७ ऑक्टोबर केरळ कन्याकुमारी
- २८ ऑक्टोबर गुजरात राजस्थान
- १६ नोव्हेंबर आणि १० डिसेंबर अंदमान
- ३ जानेवारी गंगासागर नेपाळ
संपर्क आशीष लक्ष्मीनारायण कावळे
7498753939, 93095 96390
8698495200, 9823454945

अल्का लाडे प्रस्तुत "ज़िंदगी का सफर"
Organizar संकल्प बहुद्देशीय संस्था
सुहाना म्यूज़िकल ग्रुप
Alka Lade
Contact For Participate 9373108897, 7798900066 9579254999
Per Song 1500
दि. 10 अगस्त 2025 दोप. 3 बजे से रात 9.30 बजे तक
अमृत भवन, झांसी रानी चौक, सिताबर्डी, नागपुर

धनवटे ऑनलाइन सर्विसेस
7/12 डिजिटल, ई-अभिलेख, 8 अ डिजिटल, ई- मोजनी, प्रॉपर्टी कार्ड, अधिकार क्षेत्र, झोन सर्टिफिकेट, वर्ग 2 ते वर्ग 1 अर्ज, अखिव पत्रिका, 7/12 फेरफार साठी अर्ज, फेरफार अर्ज,
राजेश धनवटे
9561498551
उपजिला रुग्णालय रोड, हैदरी चौक कामठी

VATSALYA Preschool
"Little Minds, Big Adventures"
Nurturing Young Minds with Heart and Purpose
Pre-Nursery, Nursery, KG1, KG2
Enquire now
More Information 9834172396
Address : Near Ashapurak Ganesh Mandir Ground, Professor Colony, Ranala, Kamptee

NISHCHAY TRAVELS
All types of AC & Non-AC Vehicles Available
Buses 30, 40 & 50 Seater Available
Plot No. 35, House No. 40, Kamptee Road, Shri Hari Nagri Near Ram Vatika, Bhilgaon, Nagpur-441002
: Contact :
Avinash Zanzote 9850340105 7972365539
Vilas Zanzote 9372211220 9112274567

प्रवेश सुरू... प्रवेश सुरू... प्रवेश सुरू...
नवयुग एज्युकेशन आणि बहुउद्देशीय संस्था कन्हान द्वारा संचालित
:: ADMISSION OPEN FOR 2024-2025 ::
मारोतराव पानतावणे ज्यु. कॉलेज
११ व १२ वी कला, वाणिज्य, विज्ञान
मारोतराव पानतावणे महाविद्यालय
(राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपूर विद्यापीठ नागपूर द्वारा संलग्नित)
B.A., B.Com, B.Sc.कला, वाणिज्य, विज्ञान
कार्यालय वेळ सकाळी १० ते सायं. ५ पर्यंत
SC/ST/OBC/VJNT विद्यार्थ्यांना BA/B.Com/B.Sc ला निःशुल्क प्रवेश देण्यात येईल.
स्कॉलरशिप ची सुविधा उपलब्ध आहे.
संपर्क : मारोतराव पानतावणे महाविद्यालय, गहुहिवरा रोड, कांद्री-कन्हान
07102-236484, 9373120336, 9834985854, 8766643359

2025 ADMISSION OPEN
FOR I.T.I. ELECTRICIAN & FITTER
Eligibility 10th Pass
FREE ADMISSION FOR GIRLS
Maharashtra Govt. SCHOLARSHIP UPTO 100% for SC/ST/OBC/EWS boys & girls
CONTACT US
RABBANI ITI
Near Samaj Bhawan, Imli Bag, Kamptee 441001 Dist. Nagpur (M.S.)
9021132527 7721877941 9021194901

तुळजाभवानी ट्रेडर्स
कलमना रोड, महालक्ष्मी कॉम्प्लेक्स, रनाला चौक, कामठी
हमारे यहां गिट्टी, ईटा, राखड, मुरूम आदि का सप्लाई किया जाता है।
ठोक व चिल्लर विक्रेता
JCP Work 24 हमारे यहां उपलब्ध है
M. : 7987262970 | 9175172712

प्लस प्वाइंट ट्यूशन क्लासेस
10, 11, 12 वीं की सभी विषयों की अनुभवी शिक्षकों द्वारा ट्युश्न क्लासेस ली जाती है।
प्रोप्रा. मो. सलमान शेख
मोटर स्टैंड मस्जिद के पास, कामठी
तारसा रोड, कन्हान

ADMISSION OPEN
RKS PUBLIC SCHOOL
NURSERY to Std. IX
OUR FACILITY
Computer Lab • Cricket
Karate Class • Swimming Pool
Skating Class • Basket Ball
M. 8087955831 8956785080
Jaripatka Police Station Road, Nara, Nagpur

ZOREN PROPERTY DEALERS
हमारे यहाँ खेती, फ्लॅट, डुप्लेक्स, घर, बंगलो, फार्म हाऊस, रिसॉर्ट खरेदी और बेचा जाता है
अफसर खान
M. 9371381114, 7038696893
सभी प्रकार के प्रॉपर्टी पेपर का काम किया जाता है

3 STAR HOTEL
LODGING, BOARDING & RESTAURANT
AC / Non AC Room
8983305535, 8055705535
पता: घोरपड बस्ती, लिहीगांव रोड, कामठी

VIDEO GAMES SHOP
Convert VHS to Pendrive, Harddiskh
VHS को पेंनड्राइव में डालते है.
कोई भी पुरानी Video Cassette Recorder (VRC) शादी एंवम कोई भी पुरानी (VHS) कार्यक्रम की Video Cassette (VHS), VCD, CD, DVD, को Pendrive या Harddisk में Convert किया जाता है.
All Video Game for Sell & Repair Services also available
Only Place for Harddisk Loading
All type of USB & Electrical Accessories
All type of video game are available
Repair your Video Games, PS 2, 3, 4 & X Box
Order for Digital Video, Photo Album
DHAMTI VIDEO FILMS
9423771189, 9595399588
FOR SALE
Plot Size 500 sqft. Construction 1000 sqft. RANALA, KAMPTEE

**पाठकगणों को विनम्र सूचना :** दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार में प्रकाशित होने वाले विविध विज्ञापनों की जांच-पड़ताल करने के बाद ही पाठकगण विज्ञापन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर आर्थिक व्यवहार करें। प्रकाशित विज्ञापन में अपने उत्पादन के संदर्भ में या सेवा के संदर्भ में विज्ञापन दाताओं द्वारा जो दावे पेश किए जाते है, उनकी दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार पत्र कोई गारंटी के साथ जवाबदेही नहीं देता। साथ ही विज्ञापन में किये गये दावों से दुष्परिणाम के लिए दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार पत्र के मुद्रक, प्रकाशक, संपादक तथा मालिक जिम्मेदार नहीं होंगे। कृपया पाठकगण उपरोक्त संबंध में ध्यान दें।

**विज्ञापन हेतु संपर्क करें : सौमित्र नंदी, उपसंपादक मोबाइल नं. 9604758944, 9881272088**

## सुविचार

लक्ष्य ऊंचा रखो, दृष्टि साफ रखो, मंजिल अवश्य प्राप्त होगी।

## संपादकीय

# जीत संग जिम्मेदारी

उपराष्ट्रपति चुनाव में एनडीए के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन की जीत अप्रत्याशित नहीं है। संख्या बल शुरू से उनके साथ था। आई .एन.डी.आई.ए. ब्लॉक सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज बी. सुदर्शन रेड्डी को चुनाव मैदान में उतारकर एक मेसेज देना चाहता था और इसमें वह काफी हद तक सफल रहा। वैसे भी उपराष्ट्रपति चुनाव को केवल वोटों के गणित और सियासी समीकरणों से नहीं तौला जा सकता। असली चुनौती यहां से शुरू होती है। इस चुनाव की नौबत इसलिए आई क्योंकि सत्र के बीच में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने पद से इस्तीफा दे दिया। देश के सामने ऐसे स्थिति कभी नहीं आई थी कि संसद का सत्र चल रहा हो और उपराष्ट्रपति अचानक पद छोड़ दें। उनका जाना कई सवाल खड़े कर गया। सीपी राधाकृष्णन को इस अतीत से आगे बढ़कर जिम्मेदारी निभानी है। वह ऐसे वक्त में यह पद संभालने जा रहे हैं, जब सरकार और विपक्ष के बीच असहमति की दीवार बहुत ऊंची हो चुकी है। इसका असर इस इलेक्शन में भी दिखा। दोनों तरफ से तल्खियां साफ नजर आईं और आरोप-प्रत्यारोप वैसे ही लगे, जैसे कि दूसरे चुनावों में लगते हैं। लेकिन, यह अब बीती बात है। कौन साथ रहा और कौन खिलाफ, यह भूलकर नए उपराष्ट्रपति से उम्मीद होगी संतुलन और निरपेक्षता की। उन्हें दोनों पक्षों को साथ लेकर चलना होगा। सीपी राधाकृष्णन के सामने एक और बड़ी चुनौती है - खुद को अराजनीतिक दिखाना। देश में उपराष्ट्रपति का पद राजनीतिक नहीं होता, लेकिन हाल-फिलहाल में इससे कई राजनीतिक विवाद जुड़ चुके हैं। धनखड़ के साथ विपक्ष की यह शिकायत आम रही कि वह उनको मौके नहीं देते। ऐसे में लोकतांत्रिक मूल्यों और संसदीय परंपराओं की कसौटी पर सीपी राधाकृष्णन को भी परखा जाएगा।

उपराष्ट्रपति राज्यसभा के पदेन सभापति होते हैं और इस नाते सीपी राधाकृष्णन के सामने यह कठिन कार्य है कि वह कैसे उच्च सदन को उसकी गरिमा वापस दिलाते हैं। दुर्भाग्य से राज्यसभा से अब सार्थक बहसों से अधिक हंगामे और शोर-शराबे की खबरें आती हैं। इस मानसून सत्र में ही राज्यसभा की प्रोडक्टिविटी केवल 38.8% रही। ज्यादातर वक्त सदन बाधित रहा और कई अहम मुद्दों पर बहस अधूरी रह गई। उच्च सदन को ज्यादा विचारवान माना जाता रहा है। उसकी यह खोई छवि कैसे लौटती है, नए उपराष्ट्रपति पर निर्भर करता है।

## लघुकथा — राजेन्द्र ओझा

# सन्नाटे में अकेला

रात का समय था, यही कोई नौ- साढ़े नौ का। यह कोई बहुत गहरी रात नहीं थी, कि सन्नाटा पसर जाए। पर इन दिनों रात तो क्या दिन में भी सड़कों पर वीरानगी छायी रहती है। डिक्शनरी में रहे होंगे लेकिन लोक डाउन, क्वारंटिन, आइसोलेशन जैसे कुछ शब्द नये की तरह इन दिनों ज्यादा ही प्रचलित है। वह अकेला था सड़क पर। रात थी लेकिन सडक बत्ती की रौशनी चारों ओर थी। रंग से सांवला और कद- काठी से दुबला और लगभग वजन शून्य वह ठीक से चल भी नहीं पा रहा था, लगा कि शराब पीये घूम रहा है। फिर याद आया लोक डाउन में सब बंद है। ठीक से न चल पाने का 'शराबी' कारण पिघल कर बह चुका था। कोशिश करके उसने खुद को मंदिर की तरफ धकेला। मंदिर के कपाट बंद है, आज से नहीं पिछले बीस दिन से बंद है। मंदिर की तरफ देखते वह कुछ देर खड़ा रहा। वह कुछ बुदबुदाया और आवाज को 'पहुंच गई' मानकर, अपने को सम्हालते वह आगे बढ़ गया। हमारे घर के सामने वह फिर रुका। 'भूखा होगा बेचारा' श्रीमती ने कहा और छत से नीचे उतरकर खाना निकालने चली गयी। वह फिर आगे बढ़ गया। सीढ़ियां चढ़ते हुए तालाब तक पहुंच गया। चौरे पर बैठा, कुछ देर सोया भी। नीचे उतरकर दूसरे मंदिर की तरफ बढ गया। इस बार वह बुदबुदाया नहीं। आवाज भीतर ही टूट कर बिखर गई थी। श्रीमती खाना लेकर आ गई थी और मैं खाना लिए खड़ा था। वह हमारे घर के सामने था। मैंने आवाज लगाकर पूछा - खाना खाओगे? वह हमें देखता खड़ा रहा और देखते देखते ही आगे निकल गया। 'भूख लगी होगी तो वापिस आयेगा', हम दोनों ने सोचा और कुछ देर वहीं खडे रहे।

## वास्तुशास्त्र

# इस दिशा में खाना बना सकता है बीमार



वास्तु शास्त्र के अनुसार भोजन करने की दिशा निर्धारित की गई है. गलत दिशा में भोजन करने से शरीर के साथ आत्मा भी प्रभावित होती है. शास्त्रों के मुताबिक जैसे घर बनाते समय सही दिशा का महत्व होता है, ठीक वैसे ही भोजन भी सही दिशा में करना चाहिए. सही दिशा में भोजन करने से सेहत, मानसिक शांति और समृद्धि बनी रहती है. आइए जानते हैं किस दिशा में भोजन करना सही और किस दिशा में गलत होता है.मनुस्मृति और वास्तु शास्त्र के मुताबिक भोजन करते समय पूर्व दिशा की ओर मुख करके बैठना चाहिए. पूर्व दिशा सूर्य की भी दिशा है, जहां से ऊर्जा और प्राण शक्ति प्राप्त होती है. पूर्व की ओर मुख करके खाना खाने से पाचन क्रिया भी बेहतर रहती है साथ ही आयु में भी वृद्धि होती है. भोजन करते समय उत्तर दिशा की ओर मुख करना भी शुभ माना जाता है. स्कंद पुराण और वास्तु शास्त्र के मुताबिक उत्तर दिशा कुबेर की होती है, जो धन और समृद्धि के देवता हैं. इस दिशा में भोजन करने से परिवार में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहती है.पश्चिम दिशा की ओर मुख करके भोजन करने से शास्त्रों में तटस्थ विचार देखने को मिलता है. कहने का मतलब इस दिशा में बैठकर भोजन करने न तो बहुत लाभ होता है और न ही बड़ा दोष देखने को मिलता है. हालांकि लंबे समय तक पश्चिमी दिशा की ओर मुख करके भोजन करने से मानसिक बेचैनी और अस्थिरता की समस्या हो सकती है.

# बरसात में घूमने का बेस्ट डेस्टिनेशन

भारत में कुछ ऐसी डेस्टिनेशंस हैं जो बारिश में और भी ज्यादा खूबसूरत हो जाती हैं और यहां पर बाढ़ या डूबने जैसी परेशानी की फिक्र किए बिना आप बेफिक्र होकर घूम सकते हैं. इन जगहों की हरियाली, झरनों की धुन और बादलों का साथ आपकी ट्रिप को खास बना सकते हैं. दक्षिण भारत का यह हिल स्टेशन चाय और बादलों से घिरी वादियों के लिए मशहूर है. मॉनसून में यहां की हरियाली और भी निखर जाती है. बाढ़ का डर नहीं होता और आप खूबसूरत वॉटरफॉल्स का मजा ले सकते हैं. मुंबई और पुणे के बीच बसा लोनावला मॉनसून का सबसे पसंदीदा वीकेंड गेटअवे है. यहां का भुशी डैम, टाइगर पॉइंट और हरियाली से ढकी घटिया बारिश में बेहद मनमोहक लगती हैं. रेगिस्तान की धरती पर बसा यह हिल स्टेशन बारिश में ठंडी हवाओं और हरियाली से सज जाता है. नक्की झील में बोटिंग और गुरु शिखर से नज़ारे देखना मॉनसून ट्रिप का मज़ा दोगुना कर देता है. कूर्ग को भारत का स्कॉटलैंड कहा जाता है. मानसून के मौसम में यहां की कॉफी प्लांटेशन, झरने और पहाड़ बादलों के साथ बेहद रोमांटिक नजारा पेश करते हैं.शिलॉन्ग: उत्तर-पूर्व का यह खूबसूरत शहर बारिश में और भी स्वर्ग जैसा लगता है.यहां के एलीफेंट फॉल्स और उमियम लेक घूमने लायक जगहें हैं. लगातार बारिश के बावजूद यहाँ बाढ़ का खतरा नहीं रहता.

# लोकतंत्र में जन अपेक्षाएं पूरी करना हो प्राथमिकता

पड़ोसी देश नेपाल में पिछले दिनों सरकार के खिलाफ चला ऑनलाइन अभियान बाहरी हस्तक्षेप के कारण था या वहां की जनता की सहज नाराजगी यह बाद में सामने आएगा। लेकिन इतना जरूर है कि लोकतंत्र में जनता की उम्मीदों को पूरा करना किसी भी लोकतांत्रिक सरकार की प्राथमिकता में रहना चाहिए। पिछले दो दिन से हिंसा की आग में सुलग रहे नेपाल में प्रधानमंत्री को पद से इस्तीफा देना पड़ा है।



प्रदर्शनकारियों का गुस्सा यहां तक पहुंच गया कि वहां संसद भवन में तोड़-फोड़ करने के साथ-साथ कई नेताओं के आवास तक आग के हवाले कर दिए गए। काठमांडू के साथ-साथ नेपाल के दूसरे शहरों में सडक़ों पर उतरने वालों ने आंदोलन को जेन-जी प्रोटेस्ट का नाम दिया है। इससे पहले सोशल मीडिया पर चलाए जा रहे अभियान में नेताओं के बच्चों की ऐशो-आराम वाली जिंदगी की तस्वीरें वायरल की जा रही थीं।

लोगों को लग रहा था कि सत्ता में बैठे लोग अपने बच्चों को फायदा पहुंचा रहे हैं और आम आदमी बदहाली का जीवन बिताने को मजबूर है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनप्रतिनिधि ईमानदार व पारदर्शी शासन का वादा करके सत्ता में आते हैं। ऐसे में उनका यह दायित्व भी बन जाता है कि वे लोगों की अपेक्षाओं के अनुरूप काम तो करें ही भ्रष्टाचार मुक्त शासन भी दें।

नेपाल में राजशाही की जगह लोकतांत्रिक प्रणाली हालात बदलने की उम्मीद के साथ अपनाई गई थी, लेकिन अपेक्षाओं के विपरीत बने परिदृश्य ने वहां लोगों को सडक़ों पर आने को मजबूर कर दिया। इस आंदोलन में 13 से 28 आयुवर्ग के युवा और विद्यार्थी ज्यादा हैं, जो सोशल मीडिया पर लगाए गए नेपाल सरकार के प्रतिबंध को अभिव्यक्ति की आजादी पर हमला बता रहे हैं। हालांकि बेकाबू हुए हालात के बीच नेपाल सरकार को यह प्रतिबंध भी वापस लेना पड़ा है।

समूचा घटनाक्रम कोई एकाएक हुआ हो ऐसा भी नहीं है। नेपाल में सोशल मीडिया पर लगाया गया बैन इसका तात्कालिक कारण जरूर हो सकता है, लेकिन अहम बात तो यह है कि वहां युवाओं में लंबे समय से भ्रष्टाचार के खिलाफ पनप रहे आक्रोश की हर स्तर पर अनदेखी की गई। सडक़ों पर उतरकर आंदोलन को हिंसक रूप देने वालों का भी यही आरोप है कि सरकार विरोधी प्रदर्शनों से बौखलाकर ही अभिव्यक्ति की आजादी का माध्यम बने सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाया गया है। एक पक्ष यह भी है कि सोशल मीडिया के अपने फायदे-नुकसान है।


नुकसान यह कि इसके जरिए भ्रामक सूचनाएं देकर जनभावनाओं को आसानी से भडक़ाया जा सकता है। आने वाले दिन नेपाल में सियासी उथल-पुथल के रहने वाले हैं। इस बीच भारत सरकार ने भारतीय नागरिकों को नेपाल की यात्रा स्थगित रखने और नेपाल में मौजूद भारतीयों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। भारतीयों की सुरक्षा को लेकर पर्याप्त सतर्कता बरतने की आवश्यकता है।




ऋषिकेश और हरिद्वार उत्तराखंड के ये पवित्र शहर सितंबर में घूमने के लिए बेहतरीन विकल्प हैं. गंगा किनारे की खूबसूरती, योग-ध्यान का अनुभव और धार्मिक स्थलों की शांति यहां आने वाले हर यात्री को खास अनुभव कराती है.

## आलेख — विजय चौरसिया

# सीता वनवास




राजा रामचंद्र जी की एक बहन थी। उसका नाम था कारी अंजनी। कारी अंजनी का विवाह रैयतपत नगर में हुआ था। एक दिन कारी अंजनी अपने मन में सोचती है बहुत दिन हो गये भैया- भाभी को देखे। ऐसा सोचकर कारी अंजनी सीता जी के बदन महल में पहुंचती हैं। रामचंद्र जी अपनी बहन को देखकर बहुत प्रसन्न होते हैं। उसका आदर सत्कार करते हैं। एक दिन रामचंद्र जी अपने भाई लक्ष्मण जी से कहते हैं।

लक्ष्मण बहुत दिनों बाद बहन घर आई है न होता तो हम दोनों जंगल जाकर बहन के लिये एक हिरन मारकर लाते। ऐसा सोचकर दोनों भाई हिरन का शिकार करने जंगल जाते हैं। दोनों भाई कजली वन में जाकर एक हिरन का शिकार करके महल में वापस आते हैं। उसी दिन कारी अंजनी अपनी भाभी सीता जी के पास बैठी थी। कारी अंजनी सीता जी से पूछती हैं क्यों भाभी जब तुमको रावण हरण करके ले गया था। तुम बारह वर्ष तक लंका में रही। तब उस समय रावण का रंग रुप कैसा था। सीता जी हंस हंसकर अपनी ननद कारी अंजनी को बतलाती हैं कि रावण का रुप बहुत ड़रावना था। उसके दस सिर और बीस हाथ थे। बड़ी - बड़ी गुफाओं के समान उसके कान के छेद थे। एक बड़ी सुरंग के समान उसकी नाक का नथुना था। काली चट्टान के समान उसका मस्तक था। कारी अंजनी सीता जी से कहती है। भाभी ऐसे में मुझे कुछ समझ में नहीं आ रहा है। तुम उसकी मूर्ति बनाकर दिखाओ। तब अच्छे से समझ में आयेगा। तब सीता जी अपने नौकरों से बारह खंड़ी आटा मंगवाती हैं। सीता जी आंगन में बैठकर रावण की मूर्ति बनाने लगती हैं। जिस समय मूर्ति बनकर तैयार होती है। तो कारी अंजनी रावण की मूर्ति देखकर आश्चर्य चकित हो जाती हैं। यहां पर ननद - भौजाई दोनों उस मूर्ति को देखने में व्यस्त थी।

## कहानी — सीमा सचदेव

# अर्धांगिनी



ऊंचा -लम्बा कद, सावला रंग, छरहरा बदन, चुस्त-फुरत ,चले तो लगता है भागती है जल्दी-जल्दी से बर्तन घिसते हाथ , साथ में कभी कभी मीठी आवाज़ में गुनगुनाना (जो मैं कभी समझ नहीं पाती), साड़ी में लिपटी दुबली-पतली काया ,हाथ में मोबाइल, स्वयं को किसी राजकुमारी से कम नहीं समझती जी नहीं! यह कोई और नहीं ,यह है शारदा बाई (मेरी काम वाली) जो अक्सर देरी से ही आती है और एक महीने में चार - पांच छुट्टियां आराम से मार लेती है. चतुर इतनी है कि जहा पर ध्यान नहीं दिया , वही पर काम में गड़बड़ी कर जाती है. उसकी इस आदत से मैं अक्सर परेशान रहती ही हु मैं ही नहीं वो भी मुझसे परेशान रहती है ,जब उसको मेरे सवालों का सामना करना पड़ता है. दोनों ही एक दूसरे से परेशान है ,पर खुश भी है, वो शायद इस लिए कि हम दोनों एक दूसरे की कमजोरी जानती है. जब मुझे गुस्सा आता है तो शारदा बोलती ही नहीं ,बस मैं जो कहु ,चुपचाप कर देती है ,गुस्सा करके मुझे स्वयं को ग्लानि होती है. न तो शारदा अपने में सुधार कर सकती है और न ही मैं अगर मैं यह कहु कि एक दूसरे को सहना हमारी आदत बन चुकी है ,या फिर मजबूरी है तो गलत नहीं होगा.

काम करवाना मेरी मजबूरी है और करना उसकी. मजे की बात यह कि मुझे उसकी भाषा भी समझ नहीं आती. वो तेलुगु है और मैं पंजाबी. यह भी एक कितनी बड़ी त्रासदी है कि एक ही देश हमारा घर है ,लेकिन एक दूसरे से अपनी बात नहीं कह सकते. पर धन्यवाद है हमारी हिन्दी मैया का कि हम भले ही देश के किसी कोने में क्यों न चले जाएं ,अपनी बात समझा ही लेते हैं. खैर! बात शारदा की हो रही थी, जो सुबह मेरे घर लगभग साढ़े सात बजे पहुंच जाती है. लगभग सात बजे घर से चलकर सबसे पहले मेरे ही घर आती है और साढ़े बारह बजे तक छ: सात घरों का काम निपटा कर अपने बच्चों को स्कूल से लेती हुई जाती है.

बात छोटी सी ही थी लेकिन मैं छोटी-छोटी बातें कुछ ज्यादा सोच लेती हु. वैसे भी इस पर कोई बस थोड़े ही होता है. कौन सी सोच कब, कहा, कैसे आ जाए, हमें खुद पता नहीं होता और मैं सोच रही थी, अगर यही मोबाइल शारदा का गुम हुआ होता तो क्या उसके पतिदेव ने अपना मोबाइल शारदा को दिया होता? इसका तो सीधा सा जवाब था:- नहीं. अगर वो ऐसा कर सकता तो शारदा से लेता ही नहीं. खैर! इसका सीधा सा जवाब मेरे अपने पास था तो ज्यादा सोचा नहीं. इतनी बड़ी बात भी नहीं थी जिस पर सोचा जाए.

## आस्था

# कितनी पीढ़ियों तक असर करता है पितृ-दोष



पितृदोष तब लगता है जब पूर्वजों की आत्मा असंतुष्ट रह जाती है, या उनकी मृत्यु के बाद श्राद्ध, तर्पण, पिंडदान आदि विधियों का पालन ठीक से नहीं होता. पितृदोष किसी भी व्यक्ति के कर्मों के आधार पर लगता है. इसीलिए अच्छे कर्म करें, अपने मन में भाव साफ रखें और किसी का बुरा न करें. पितृदोष एक ऐसा दोष है, जिसके प्रभाव से कई लोगों को जीवन में उतार-चढ़ाव और परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है. पितृदोष केवल एक पीढ़ी को नहीं, बल्कि आने वाली कई पीढ़ियों को झेलना पड़ सकता है. इसके प्रभाव से जीवन में कठिनाईया बढ़ सकती हैं. गरुड़ पुराण के अनुसार, पितृदोष तीन से सात पीढ़ियों तक प्रभाव डाल सकता है. सामान्य रूप से यह तीन पीढ़ियों पिता, दादा और परदादा तक चलता है.अन्य मान्यताओं के अनुसार, यदि पितृ दोष बहुत गहरा हो तो इसका असर आने वाली सात पीढ़ियों तक बना रह सकता है.पितृदोष का सबसे बड़ा कारण यह है कि जो लोग अपने पितरों और पूर्वजों का श्राद्ध कर्म नहीं करते या उनका तर्पण नहीं करते, ऐसे लोगों और उनके परिवार पर पितृदोष हो सकता है. पितृदोष को समाप्त करने के लिए या इसके प्रभाव को कम करने के लिए श्राद्ध, पिंडदान और तर्पण अवश्य करना चाहिए. पितृदोष के कारण संतान न होना, बार-बार विवाह में अड़चनों का आना, व्यवसाय में आर्थिक हानि होना, स्वास्थ्य का ठीक न रहना, परिवार में किसी न किसी का लगातार बीमार रहना या घर-परिवार में हमेशा अशांति का वातावरण बने रहना -ये सभी पितृदोष के कारण हो सकते हैं.

## व्यंग्य — आभा सिंह

# बैठे-बैठे क्या करें



आठवीं कक्षा की हिंदी की पुस्तक में एक कहानी पढ़ी थी 'हाथी की पूंछ छोटी क्यों?' कहानी पढ़कर आनंद आया और लेखक की कल्पनाशीलता पर आश्चर्य भी कि भला कैसे यह लेखक प्रजाति पाठक को अपने कल्पना लोक में ऐसे ले जाते है जैसे दूध में दही। मैं इस विचार पर पूरी तरह से आनंदित हो भी नहीं पाई थी कि तभी महाविद्यालय के तासिका सूचक यंत्र (बेल) ने सूचना दी की पहली कक्षा प्रारंभ हो चुकी है। दिन की पहली कक्षा वह भी सुबह सात बजे की मतलब शनीदेव के बाद की लोकप्रियता वाला दूसरा व्यक्ति (पहले तो शनीदेव)। इसके अलावा इस पहली कक्षा की एक खूबी और भी है कि यह अज्ञान और जागरूकता का इतना सुंदर नियोजन करती है कि आयोजन अपने आप डरावना हो जाता है। कक्षा का दृश्य भी कुछ-कुछ अद्भुत-विलक्षण की श्रेणी का होता है क्योंकि कुछ विद्यार्थी अचानक से बुद्धिमान हुए की भूमिका में आंखों को पूरी तरह से खोलकर प्रसन्नचित्त भावभंगिमा के साथ और कुछ ऐसे मानो शिक्षक वाकई में चमत्कार से सभी को बुद्धिमान बना देते हैं और कुछ तो ऐसे जिन्हें देखकर खुद शिक्षक ही व्याकुल हो जाए कि क्यों उसके पास कोई चमत्कारी छड़ी नहीं है। इसी तरह के अफसोस और आनंद की मिली-जुली कक्षा में एक दिन एक विद्यार्थी घबराया हुआ सा आया। वैसे भी भाषा की विस्तारवादी कक्षा में विद्यार्थी प्राय: घबराकर ही आते थे सो मेरा ध्यान उसकी ओर नहीं गया। विद्यार्थी भी अपने ही दर्जे का अनोखा था, इस दौर में भी वह घबरा रहा था, विद्यार्थी होने के बावजूद सो मेरा चौकना स्वाभाविक था। मैं वेसे ही चौकी जैसे अंधश्रद्धा निर्मूलन वाले श्रद्धा को देखकर चौक जाते है। भारत जैसे संस्कृति और सभ्यता से लैस राष्ट्र में बेटा यह शब्द मुझे अत्यंत आशावादी लगता है क्योंकि 'बेटा' भले ही जिम्मेदारी कम नहीं करता पर उम्मीदें भी कम होने नहीं देता। वह कुछ भले ही न कर पाए पर आशा कम नहीं करता, आशा बराबर बनी रहती है कि कुछ तो कर ही लेगा।

दमा सास या सास की बीमारी खासकर बारिश या ठंडी के मौसम में ज्यादा परेशान करती है कई लोगो को यह बीमारी कई सालो से लम्बे समय से होती है। ये लोग इसके लिए हमेशा आयुर्वेद में हिअ एलोपैथिक स्टेरॉइड, एंटीएलर्जिक मेडिसिन्स खाते रहते है परन्तु उनको केवल टेम्परारी रिलीफ हे मिलता है और तकलीफ नहीं छूटती। परन्तु आयुर्वेद एक ऐसा प्राचीन जीवनशास्त्र (लाइफ साइंस) एवं चिकित्सा शास्त्र (मेडिकल साइंस) है जिससे की सास जड़ से है की बीमारी में तुरंत आराम मिलता है एवं लम्बे समय तक कम दवाओं में बिना किसी साइड इफेक्ट्स के मरीज़ को आराम मिलता है कुछ इलाज के बाद तो उनको दवाई भी लेने की जरुरत नहीं होती केवल कभी कभी ही तकलीफ होने पर होती है।

# क्या आप अस्थमा दमा सांस रोग से परेशान हैं




सांस (अस्थमा) के रोगियों को चल रही रोगी आज कल चल रही कोरोना पान्डेमिक से भी ज्यादा सावधान रहने की ज़रूरत है क्यूंकि इन रोगियों को कोरोना आसानी से तकलीफ में डाल सकता है। आयुर्वेदिक उपचार में श्वास निवारण सिरप ,चित्रकहरीतकी, वासावलेह , स्पेशल श्वासाहर कैप्सूल ,तुलसी सृंग तुलसी प्लस स्ट्रांग सिरप, खोखो सिरप ,एलीनोज़ कैप्सूल इत्यादि से अस्थमा या सास की बीमारी में जल्दी आराम होते हुए देखा गया है। शिवशंकर आयुर्वेदिक चिकित्सालय सीताबर्डी टेम्पेल बाजार रोड। महाजन मार्किट में स्थित योग काम्प्लेक्स में एक ऐसा चिकित्सालय है जहा के अनुभवी डॉक्टर्स इस बीमारी अस्थमा ,श्वासरोग दमा का सटीक एकदम दुष्परिणाम विरहित इलाज करते है। जो रुग्ण पंप इन्हेलर्स का इस्तेमाल करते है उनके पंप लेने का प्रमाण धीरे धीरे काम होकर पूरी तरह से छूट भी जाता है। उनके अस्थमा अटैक्स कम होकर उनकी सेवेंटी भी कम हो जाती है। अस्थमा से पीड़ित इच्छुक रुग्ण 9112079000 / 8605245080 पर संपर्क स्थापित कर इस तकलीफ से आज भी छुटकारा पा सकते है।

सीताबर्डी स्तिथ शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी अथवा क्लिनिक में इन दूरध्वनि क्रमांकों पर संपर्क स्थापित करें. 9112079000 / 8605245080.

**नागपुर मेट्रो समाचार :** फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादकः इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

CMYK

# बल्लारपुर तालुका में भारतीय जनता पार्टी की कार्यकारिणी घोषित

**चंद्रपुर.**

महाराष्ट्र के जननेता विधायक सुधीर मुनगंटीवार के सुझाव एवं जिला अध्यक्ष हरीश शर्मा के मार्गदर्शन में बल्लारपुर तालुका भारतीय जनता पार्टी की कार्यकारिणी का गठन किया गया है। बल्लारपुर विधानसभा क्षेत्र के नवनियुक्त भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत देउलकर, तालुका महामंत्री एवं अपने-अपने मंडलों के आघाड़ी अध्यक्षों की घोषणा की गई।

भारतीय जनता पार्टी बल्लारपुर ग्रामीण अध्यक्ष चंद्रकांत देउलकर ने सुनील फरकाडे, श्रवण सातपुते, गणेश टोंगे, रुमदेव डेकर को महासचिव, दिलीप धोबे, किशोर कोटरांगे, योगेश पोतराजे, देवाशीष सिंह, शालिनी यादव कोवे, सरला पारेकर को उपाध्यक्ष, मोरेश्वर उदिसे, सुयोग विरुतकर, अजय मेश्राम, मनीषा बंदू शेट्टे, प्रिया प्रवीण चौधरी, नीता महेश देपतवार को सचिव नियुक्त किया है।

भारतीय जनता पार्टी बल्लारपुर ग्रामीण युवा मोर्चा के अध्यक्ष संदीप पाडे, महासचिव संतोष लोंगडगे, देवा पिपरे, मल्लेश कोडारी, उपाध्यक्ष अंकित धावस, सूरज भोयर, सचिव कुणाल लोखंडे, महेंद्र दोहे, सूरज काले भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी बल्लारपुर ग्रामीण महिला मोर्चा की अध्यक्ष वैशाली बुद्धलवार, महासचिव स्नेहल टिंबाडिया, सुरेखा इटनकर, वनिता पेंड्राम, उपाध्यक्ष उषा लोंगडगे, सविता दाहुले, कंचन नाहरशेट्टीवार, सचिव वैशाली पोतराजे शुभांगी धाइवे भी उपस्थित थीं।

भारतीय जनता पार्टी बल्लारपुर ग्रामीण किसान मोर्चा के अध्यक्ष अनिल मोरे, महासचिव नरेंद्र आमने, पंकज ठाकरे, सुरेश राजुरकर, उपाध्यक्ष चंद्रकांत येवले, ज्ञानेश्वर राजुरकर, सचिव विजय दवेरे, रमेश पिपरे।



भारतीय जनता पार्टी बल्लारपुर ग्रामीण आदिवासी मोर्चा के अध्यक्ष दत्तू कोरवाटे, महासचिव रूपदास सिदाम, सुरेश पेंडोर, संजय टेकाम, उपाध्यक्ष मनोहर सिदाम, महादेव मडावी, सूरज मडावी, सचिव अंकित अत्राम, अविनाश मथे।

भारतीय जनता पार्टी बल्लारपुर ग्रामीण अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष भीमराव नगराले महासचिव विकास दुपारे, सोमेश्वर पद्मगिरिवार, उपाध्यक्ष प्रीतम उमरे, भरत नामदेव दुबे

भारतीय जनता पार्टी बल्लारपुर ग्रामीण श्रमिक गठबंधन अध्यक्ष सूरज तोमटे, उत्तर भारतीय गठबंधन अध्यक्ष अरुण त्रिवेदी, पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष विष्णु दुर्वे, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ अध्यक्ष निखिल लेडांगे, स्नातक अध्यक्ष विपुल कवठे, संस्कृति प्रकोष्ठ अध्यक्ष रवि धवस, पंचायत राज ग्रामीण विकास अध्यक्ष गोसावी दाहुले, उद्योग गठबंधन अध्यक्ष शंकर दावरे, दक्षिण भारतीय प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रकाश माडपल्लीवार, परिवहन प्रकोष्ठ अध्यक्ष मंगेश धोबे, वरिष्ठ श्रमिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष ऋषि पाटिल निबराड, क्रीड़ा प्रकोष्ठ अध्यक्ष आकाश लेडांगे, व्यापारी गठबंधन अध्यक्ष रमेश सोनावणे, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ प्रकोष्ठ अध्यक्ष मंदा पेंडोर की घोषणा की गई है।

महाराष्ट्र के जननेता एवं पूर्व वन, सांस्कृतिक मामले एवं मत्स्यपालन मंत्री सुधीर मुनगंटीवार ने नवनियुक्त महासचिव एवं आघाडी अध्यक्ष को बधाई दी तथा आगामी संगठनात्मक गतिविधियों के लिए शुभकामनाएं दीं।

नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत एवं अभिनंदन केन्द्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज अहीर, जिला अध्यक्ष हरीश शर्मा, वरिष्ठ नेता चंदनसिंह चंदेल, जिला परिषद की पूर्व अध्यक्ष संध्या गुरुनुले, प्रदेश सचिव विद्या देवडकर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रेणुका दुधे, महिला अघाड़ी की प्रदेश महासचिव अलका आत्राम, जिला महासचिव डॉ. मंगेश गुलवाडे, विवेक बोधे, रामपाल सिंह, किशोर पांडिलवार, रमेश पिपेरे, एडवोकेट हरीश गेडाम, राजू बुधदलवार, रवि धावस, मनोहरराव देउलकर, नामदेव भोयर और अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे.

## > राष्ट्रवादी कॉंग्रेस शरद पवार गुट द्वारा

# मुफ्त नेत्र जांच व मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन

**गढ़चिरोली.**

राष्ट्रवादी कांग्रेस (शप) पार्टी गडचिरोली जिला अध्यक्ष अतुल गण्यारपवार का हाल ही में जन्मदिन संपन्न हुआ। इसी अवसर पर जिलेभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जैसे – मन्दबुद्धि बच्चों के लिए स्कूल यूनिफॉर्म वितरण, महिलाओं को कंबल वितरण, अस्पताल में मरीजों के परिजनों को भोजनदान, वृक्षारोपण आदि।

इसी कार्यक्रम का एक हिस्से के रूप में गण्यारपवार फाउंडेशन चामोर्शी तथा महात्मे आई हॉस्पिटल नागपुर के संयुक्त विद्यमान से आज दिनांक 09/09/2025, मंगलवार को सुबह 11.00 बजे से दोपहर 3.00 बजे तक, बाजार समिति के पीछे स्थित आशीर्वाद सभागृह, गोकुलनगर में मुफ्त नेत्र जांच, चश्मा वितरण एवं मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम राष्ट्रवादी कांग्रेस (शप) गडचिरोली के अध्यक्ष विजय गोरडवार के हाथों रिबन काटकर शिविर का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रवादी शप के प्रदेश सचिव एड. संजय ठाकरे, जिला उपाध्यक्ष नईम शेख, ओबीसी सेल जिला अध्यक्ष शेमदेव चाफले, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष हुसैन





शेख, गण्यारपवार फाउंडेशन के उपाध्यक्ष अमोल गण्यारपवार, जिला उपाध्यक्ष संजय श्रींगारपवार, महिला जिला अध्यक्ष संगीता राऊत, छात्र जिला अध्यक्ष वैभव शिवणकर, पूर्व नगरसेविका संध्या उईके, पूर्व नगरसेविका मीनल चिमुरकर, सामाजिक कार्यकर्ता भास्कर निमजे, जिला उपाध्यक्षा विमल भोयर, सामाजिक न्याय विभाग जिला उपाध्यक्ष सुनील चिमुरकर, युवा शहर अध्यक्ष विवेक कांबळे, ओबीसी सेल जिला उपाध्यक्षा नीता बोबाटे, करिश्मा चौधरी आदि मान्यवर उपस्थित थे।

इसके बाद शिविर की शुरुआत की गई। इस दौरान लगभग 250 लोगों की मुफ्त जांच कर चश्मों का वितरण किया गया। वहीं, करीब 100 से अधिक मरीजों की मुफ्त मोतियाबिंद शल्यक्रिया की जाएगी। लगभग 500 से अधिक लोगों ने शिविर में भाग लिया।

इस कार्यक्रम की सफलता के लिए मोनु पठान, बेबी लभाणे, मल्लया कालवा, नीलेश कोटगले, राजू डांगेवार सहित कई लोगों ने सहयोग किया।

# आदिवासी एकता युवा समिति के जिला अध्यक्ष पद पर अमोल कुलमेथे की नियुक्ती

**गढ़चिरोली.**

गढ़चिरोली जिले के आदिवासी समाज पर हो रहे अन्याय और अत्याचारों के विरोध में हमेशा डटकर खड़े रहने वाली तथा समाज के महत्वपूर्ण प्रश्नों को आवाज़ देने वाली आदिवासी एकता युवा समिति के जिला अध्यक्ष पद पर सामाजिक कार्यकर्ता अमोल कुळमेथे का सर्वसम्मति से चयन किया गया।

पिछले कई वर्षों से आदिवासी एकता युवा समिति समाज के अनेक प्रश्न सरकार तक पहुँचाने का काम करती आ रही है। इस समिति के माध्यम से आदिवासी समाजबंधुओं के साथ-साथ अन्य समाजों की समस्याएँ भी सुलझाई गई हैं और उन्हें न्याय दिलाने में इस समिति की अहम भूमिका रही है। अमोल कुळमेथे की समाज के प्रति लगन और



उनके सामाजिक कार्य को देखते हुए समिति ने उन्हें जिला अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है।

साथ ही समिति के अन्य पदाधिकारियों का चयन भी किया गया है

सचिव : प्रदीप कुळसंगे, जिला उपाध्यक्ष : सुधीर मसराम, कोषाध्यक्ष : मंगेश नैताम, सहसचिव : गिरीश उईके, सलाहकार : मुकुंदा मेश्राम, प्रियदर्शन मडावी, संघटक : संजय मेश्राम, संजय उईके, माणिक गेडाम नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष अमोल कुळमेथे ने आश्वासन दिया कि वे किसी भी प्रकार का अन्याय समाजबंधुओं पर होने नहीं देंगे। इस अवसर पर आदिवासी एकता युवा समिति में नए सदस्यों को भी शामिल किया गया। इनमें वासुदेव कोडापे, आकाश कोडापे, योगेश मडावी, प्रफुल कोडापे, प्रवीण कोवे, खुमेंद्र मसराम, निलेश कोडापे, उमेश उईके, रमेश चीकराम, हेमाताई कुळसंगे, सोनिया टेकाम, अन्नपूर्णा मसराम, कीर्तीकुमार उईके समेत अनेक सदस्य शामिल हुए।


# सांसद धानोरकर की ओबीसी कल्याण समिति में पुनर्नियुक्ति

**चंद्रपुर.**

सांसद प्रतिभा धानोरकर को अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण समिति 2025-26 पर पुनः सदस्य नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से यह उम्मीद की जा रही है कि इस समिति के माध्यम से ओबीसी समुदाय के अधिकारों के लिए एक बार फिर से एक मज़बूत आवाज़ उठेगी। लोकसभा सचिवालय ने इस संबंध में 1 सितंबर, 2025 को एक आधिकारिक पत्र जारी किया।

इस महत्वपूर्ण समिति की घोषणा 29 अगस्त, 2025 को 'समाचार भाग-दो' के माध्यम से की गई। लोकसभा अध्यक्ष ने सांसद गणेश सिंह को इस समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस समिति में लोकसभा और राज्यसभा दोनों के सदस्य शामिल हैं।

सांसद प्रतिभा धानोरकर की



समिति में दूसरी बार नियुक्ति से साफ़ ज़ाहिर है कि उनके पिछले काम को ध्यान में रखा गया है। उन्होंने पहले भी संसद में ओबीसी समुदाय से जुड़े कई अहम मुद्दे उठाए हैं। उन्होंने ओबीसी समुदाय की जातिवार जनगणना जैसे जनहित के मुद्दों पर ख़ास तौर पर ज़ोर दिया है। उनकी पुनर्नियुक्ति को ओबीसी समुदाय के कल्याण के लिए एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है।

# कांग्रेस विधायक अभिजीत वंजारी चंद्रपुर शहर और जिला प्रभारी नियुक्त

**चंद्रपुर.**

चंद्रपुर महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और विधान परिषद विधायक अभिजीत वंजारी को चंद्रपुर शहर और ग्रामीण जिला प्रभारी नियुक्त किया है। इस नियुक्ति के संबंध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा एक आधिकारिक पत्र जारी किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष के आदेशानुसार चंद्रपुर जिले के विधानसभा क्षेत्रों के लिए प्रभारियों की नियुक्ति की गई है और ब्रह्मपुरी तथा वरोरा विधानसभा क्षेत्रों के प्रभारी की जिम्मेदारी विधायक वंजारी को दी गई है। राजुरा विधानसभा क्षेत्र के लिए हैदर अली दोसानी, चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए मुजीब पठान, बल्लारपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए उमाकांत अग्निहोत्री और चिमूर विधानसभा क्षेत्र के लिए विश्वजीत कोवासे को नियुक्त किया गया है।



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एडवोकेट गणेश पाटिल ने नियुक्ति पत्र जारी कर जिला प्रभारी और विधानसभा प्रभारी को तत्काल स्थानीय कार्यकर्ताओं से संपर्क कर संगठनात्मक बैठक करने के निर्देश दिए हैं। माना जा रहा है कि इस नियुक्ति से चंद्रपुर जिले में कांग्रेस के संगठनात्मक कार्य को नई ताकत मिलेगी, साथ ही आगामी राजनीतिक घटनाक्रम में कांग्रेस पार्टी को मजबूती मिलेगी।

# भाजपा की ओर से गणेश मंडलों एवं भक्तों का स्वागत

**चंद्रपुर.**

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणेश विसर्जन के अवसर पर गणेश मंडलों के स्वागत हेतु भारतीय जनता पार्टी चंद्रपुर महानगर द्वारा एल टीवी स्कूल के सामने स्वागत मंच स्थापित किया गया। इस स्वागत मंच से सभी गणेश मंडलों एवं गणेश भक्तों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष सुभाष कासनगोट्टुवार, महिला आघाड़ी अध्यक्ष छब्बू वैरागडे, उपमहापौर संदीप आवारी, अनिल फुलझेले, भाजपा नेता प्रकाश देवतले, विधानसभा अध्यक्ष दशरथ सिंह



ठाकुर, वंदना हटगांवकर, युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष रघुवीर अहीर, तुषार सोम, युवा मोर्चा अध्यक्ष मयूर हेपत, महासचिव मनोज पाल, श्याम कनकम, रवि गुरुनुले, सविता दांढारे, मंडल सहित विधायक किशोर जोरगेवार और कल्याणी किशोर जोरगेवार उपस्थित थे। अध्यक्ष रवि जोगी, प्रदीप किरने, एडवोकेट सरिता संदुरकर, स्वप्निल डुकरे, सुभाष अडामाने, विनोद खेवले, अल्पसंख्यक अध्यक्ष राशिद हुसैन सहित भारतीय जनता पार्टी की पूर्व नगरसेविका कल्पना बाबुलकर, पूर्व नगरसेविका वंदना जांभुलकर, पूर्व नगरसेविका शीतल गुरनले, पूर्व नगरसेविका पुष्पा उराडे, पूर्व नगरसेविका देवा वधाई, पूर्व नगर सेवक प्रशांत चौधरी, अमोल सहित सभी विभागों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद थे। शेंडे, नकुल वासमवार, मुग्धा खाड़े, प्रियंका चिताडे, प्रज्ञा बोर्गमवार, सयाली येनें उपस्थित थे।

# आधुनिक तकनीक का उपयोग कर सर्वेक्षण करें : जोरग़ेवार

## > स्थायी पट्टे देने की समीक्षा के लिए जिलाधिकारी कार्यालय में बैठक

**चंद्रपुर.**

चंद्रपुर और घुग्घुस में नजूल धारकों को पक्के मकान का मालिकाना हक देने की प्रक्रिया में तेज़ी आने वाली है। विधायक किशोर जोरगेवार की लगातार की जा रही मांग पर प्रतिक्रिया देते हुए राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने हाल ही में मंत्रालय में एक बैठक कर इस प्रक्रिया में तेज़ी लाने के निर्देश दिए थे। इसके बाद आज विधायक किशोर जोरघेवार ने ज़िलाधिकारी कार्यालय के हॉल में समीक्षा बैठक की और महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

इस बैठक में जिलाधिकारी विनय गौड़ा , उपविभागीय अधिकारी संजय पवार , नगर निगम उपायुक्त संदीप चिद्रवार , तहसीलदार विजय पवार , घुग्घुस नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी रंजनकर , शहरी नियोजन विभाग के प्रतीक जिवातोड़े , राहुल भोयर सहित भाजपा महानगर अध्यक्ष सुभाष कासनगोट्टुवार , महिला अघाड़ी अध्यक्ष छब्बू वैरागड़े , भाजपा नेता प्रकाश देवताले , घुग्घुस शहर अध्यक्ष संजय तिवारी , महासचिव रवि गुरनुले , श्याम उपस्थित थे. कनकम , सविता



दांधारे , मंडल अध्यक्ष सुभाष अडामे , स्वप्निल डुकरे , विनोद खेवले, पूर्व नगरसेवक देवानंद वधाई , पूर्व नगरसेविका पुष्पा उराडे , शीतल गुरनुले , कल्पना बाबुलकर , रशीद हुसैन , विठ्ठल डुकरे , अरुण तिखे , प्रज्ञा बोरगामवार , हेमंत उरकुडे , संतोष नुने , राजकुमार गोडसेलवार , साजन गोहने , मुन्ना लोडे आदि। उपस्थित थे।

बैठक में विधायक किशोर जोरगेवार ने कहा कि आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए सर्वेक्षण प्रक्रिया तुरंत पूरी की जानी चाहिए। नवनियुक्त एजेंसियों द्वारा निर्धारित समय में कार्य पूर्ण करना आवश्यक है और प्रशासन द्वारा इस कार्य की निरंतर निगरानी की जानी चाहिए। सर्वेक्षण प्रक्रिया को पारदर्शी रखा जाना चाहिए ताकि प्रत्येक पात्र हितग्राही को न्याय मिल सके। नजूल भूमि पर स्थित घरों में रहने वाले मूल निवासियों के अधिकारों का अभिलेखीकरण आवश्यक है। प्रशासन को सख्त योजना बनानी चाहिए ताकि कोई भी हितग्राही वंचित न रहे। हमारा लक्ष्य समय पर सर्वेक्षण और भूमि आवंटन प्रक्रिया पूरी कर प्रत्येक परिवार को राहत प्रदान करना चाहिए। विधायक किशोर जोरगेवार ने सुझाव दिया कि पारदर्शिता और विश्वास पैदा करने के लिए स्थानीय लोगों को प्रक्रिया के बारे में निरंतर जानकारी दी जानी चाहिए ।


मनपा के पास चंद्रपुर शहर में 39 झोपड़पट्टियों के अविकसित भूमि पर होने का रिकॉर्ड है। इनमें से दो झोपड़पट्टियों का सर्वेक्षण पूरा हो चुका है और शेष झोपड़पट्टियों का सर्वेक्षण जल्द ही शुरू होगा।

मनपा ने इसके लिए एक नई एजेंसी नियुक्त करने का अनुबंध जारी कर दिया है। मनपा ने बताया है कि 523 नागरिकों ने पट्टे के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किए हैं।

विधायक किशोर जोरगेवार ने उक्त नागरिकों को शीघ्र पट्टे वितरित करने के निर्देश दिए हैं।



# ऐश्वर्या के बाद अब कोर्ट पहुंचे अभिषेक



बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन ने हाल ही में व्यक्तित्व अधिकारों (पर्सनल राइट्स) की सुरक्षा को लेकर दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की थी. वहीं अब उनके पति और मशहूर अभिनेता अभिषेक बच्चन ने भी दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है. अभिषेक ने भी फर्जी एआई कंटेंट पर रोक लगाने के मामले में कोर्ट से गुहार लगाई है और इस मामले को लेकर आज यानी बुधवार, 10 सितंबर को कोर्ट में सुनवाई हुई है.

ऐश्वर्या राय के बाद अभिषेक बच्चन ने भी अपनी छवि और प्राइवेसी की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हाई कोर्ट में याचिका दायर करते हुए कोर्ट से मांग की है कि उनकी तस्वीरों और वीडियो का फर्जी तरीके से इस्तेमाल करने वाली वेबसाइट्स पर रोक लगाए. खास तौर पर एक्टर ने AI द्वारा बनाए गए फर्जी वीडियो और अश्लील सामग्री के खिलाफ सख्त एक्शन लेने के लिए कहा है.इस मामले में अभिषेक बच्चन के वकील अमित नाइक का बयान भी आया है. उन्होंने जूनियर बच्चन के इस कदम को समय की मांग बताया है. उन्होंने कहा, ऐसे आदेश समय की मांग हैं और खास तौर से एआई और अन्य डिजिटल उपकरणों के माध्यम से सेलिब्रिटी के साथ जो दुरुपयोग हो रहा है उसे रोकना बेहद जरूरी है. इससे पहले अनिल कपूर और जैकी श्रॉफ जैसे एक्टर्स भी अपने पर्सनल राइट्स की सुरक्षा के लिए आवाज उठा चुके हैं.इस मामले की सुनवाई जस्टिस तेजस करिया कर रहे हैं. उन्होंने अभिषेक के वकील से कई सवालों के जवाब मांगे थे. मामले में अभिषेक की तरफ से वरिष्ठ वकील प्रवीण आनंद ने कोर्ट से कहा कि कई वेबसाइट्स अभिषेक बच्चन के फर्जी वीडियो और तस्वीरें तैयार कर रही है. जबकि उनसे जुड़ी अश्लील सामग्री भी तैयार की जा रही है. कोर्ट में मामले की सुनवाई दोपहर 2:30 बजे के बाद से फिर होगी.

# 'गदर' की सकीना को देख फूट पड़ा गुस्सा

बॉलीवुड अभिनेत्री अमीषा पटेल ने गदर में सकीना के किरदार से ऐसी पहचान बनाई की वो घर घर में इसी नाम से फेमस हो गईं। फिल्म में जहां हर कोई उनकी खूबसूरती और सादगी का दीवाना हो गया था तो वहीं अब अमीषा पटेल ने सोशल मीडिया पर अपनी लेटेस्ट तस्वीरों से लोगों के होश उड़ा दिए हैं। अमीषा पटेल की इन लेटेस्ट तस्वीरों की बात करें तो हसीना इस दौरान ब्लैक कलर की बेहद रिवीलिंग ड्रेस में दिखाई दे रही हैं। अमीषा पटेल ने इस दौरान ना ब्रा पहनी है और ना ही उन्हे इस रिवीलिंग लुक से कोई ऐतराज है। हसीना ने बड़े ही बेबाक अंदाज से अपना ये लुक फ्लॉन्ट किया है। अमीषा पटेल इन दिनों बेशक फिल्मों से दूर हो लेकिन अपने बोल्डनेस वाले अवतार के चलते वह आज भी टॉप एक्ट्रेस को फेल करती हैं। सोशल मीडिया पर अमीषा पटेल के लाखों फैंस हैं जो उनकी तस्वीरों को पसंद करते हैं और उनकी सोशल मीडिया पर तारीफ भी करते हैं।



# दीपिका का नया अंदाज़

## होम मेकओवर में एंट्री

भारत की अग्रणी पेंट कंपनी एशियन पेंट्स एक बार फिर सुर्खियों में है, और इस बार वजह है उसका लग्ज़री ब्रांड 'रॉयल ग्लिट्ज़'।

अब इसे सिर्फ़ एक प्रीमियम वॉल फ़िनिश के रूप में नहीं, बल्कि एक संपूर्ण होम डेकॉर समाधान के रूप में पेश किया जा रहा है। इस परिवर्तन की झलक मिलती है ब्रांड की नई विज्ञापन फ़िल्म में, जिसमें प्रमुख भूमिका निभा रही हैं ग्लोबल आइकॉन दीपिका पादुकोण।


यह न केवल दीपिका की पर्दे पर बहुप्रतीक्षित वापसी है, बल्कि डेकॉर की दुनिया में एक नया दृष्टिकोण भी सामने लाती है। विज्ञापन में दीपिका जिस तरह से रॉयल ग्लिट्ज़ के रंगों और टेक्सचर के साथ जुड़ती हैं, वह यह दिखाता है कि दीवारें केवल सतह नहीं होतीं, बल्कि वे व्यक्ति की पहचान और अभिव्यक्ति का माध्यम बन सकती हैं।

रॉयल ग्लिट्ज़ को अब सिर्फ़ लग्ज़री पेंट नहीं माना जा रहा। यह हर डिज़ाइन स्टोरी की शुरुआत बन रहा है। जहां पहले पेंट केवल रंग और फिनिश तक सीमित था, वहीं अब यह पूरे लिविंग स्पेस के ट्रांसफॉर्मेशन का हिस्सा है। विज्ञापन की एक अहम विशेषता है 'ग्लिट्ज़ अप योर डेकॉर' गाइडबुक, जो ग्राहकों को प्रीमियम डेकॉर के नए विचारों से रूबरू कराती है। इस गाइड में दिए गए क्यूआर कोड्स के ज़रिए ग्राहक डेमो वीडियो और टिप्स देख सकते हैं, जिससे डिज़ाइनिंग का प्रोसेस आसान और प्रेरणादायक बनता है।

एशियन पेंट्स के एमडी और सीईओ अमित सिंगल के अनुसार, रॉयल ग्लिट्ज़ अभियान यह दिखाता है कि लग्ज़री का मतलब सिर्फ़ दिखावट नहीं है, बल्कि यह उस भावनात्मक जुड़ाव की कहानी है जो घर को वास्तव में 'अपना' बनाता है। हमें दीपिका जैसे ग्लोबल आइकॉन के साथ सहयोग करने पर गर्व है, जो शालीनता और क्लास का प्रतीक हैं। दीपिका इस विज्ञापन में न सिर्फ़ रंगों और बनावटों से खेलती नज़र आती हैं, बल्कि वह यह भी दिखाती हैं कि एक दीवार कैसे पूरे घर को जीवंत बना सकती है।

# माधुरी-जूही संग रोमांस करने से होती थी हीरो को हिचकिचाहट

बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्रियां माधुरी दीक्षित और जूही चावला ने अपने दौर में बड़े पर्दे पर राज किया. माधुरी ने जब हिंदी सिनेमा में कदम रखा तो उस वक्त की बड़ी-बड़ी हीरोइन भी पीछे रह गई थीं. एक्टिंग से लेकर अपने डांस तक से माधुरी ने लोगों का दिल जीत लिया था. वहीं जूही चावला भी बेतरीन अदाकारा रही हैं. उन्होंने एक से बढ़कर एक फिल्मों में काम किया है. दोनों ही दिग्गज एक्ट्रेसेस ने कई बड़े-बड़े सितारों के साथ काम किया है. लेकिन एक बार माधुरी और जूही के



एक को-स्टार ने उनके साथ किसिंग सीन शूट करने से पहले शराब का सहारा लिया था.दरअसल माधुरी और जूही के साथ किसिंग सीन फिल्माने में उस सुपरस्टार को काफी घबराहट महसूस हो रही थी. ऐसे में उन्होंने दो घूंट शराब के लिए और सीन शूट कर डाला. हम जिस एक्टर की बात कर रहे हैं, वो कोई और नहीं, बल्कि जैकी श्रॉफ थे. जैकी रोमांटिक सीन्स के दौरान काफी नर्वस हो गए थे, जिसके चलते उन्होंने ऐसा कदम उठाया था.साल 1989 में माधुरी दीक्षित ने जैकी श्रॉफ के साथ फिल्म वर्दी में काम किया था. इस फिल्म में सनी देओल भी अहम किरदार में नजर आए थे. फिल्म को दर्शकों का खूब प्यार मिला था और ये हिट भी साबित हुई थी. लेकिन फिल्म के कुछ सीन्स को लेकर शूटिंग के दौरान माधुरी कंफर्टेबल नहीं थी.

# करिश्मा के बच्चों का संपत्ति पर दावा

करिश्मा कपूर के बच्चों ने दिवंगत पिता संजय कपूर की संपत्ति को लेकर दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है. करिश्मा के बच्चों में 20 साल की समायरा और 14 साल के कियान ने पिता की 30,000 करोड़ रुपये की संपत्ति में हिस्सेदारी के लिए सौतेली मां प्रिया सचदेव कपूर के खिलाफ केस दायर किया है. उनका आरोप है कि प्रिया ने उनके पिता की वसीयत में छेड़खानी की है और वह सारी संपत्ति पर कब्जा करना चाहती हैं. इस मामले में बुधवार को अदालत में सुनवाई की.दिल्ली उच्च न्यायालय ने अभिनेत्री करिश्मा कपूर के दो बच्चों द्वारा अपने पिता



संजय कपूर की 30,000 करोड़ रुपये की संपत्ति में हिस्सेदारी मांगने के मामले पर नोटिस जारी किया है. अदालत ने संजय कपूर की पत्नी प्रिया सचदेवा से उनकी सभी चल और अचल संपत्तियों की सूची दाखिल करने को कहा है.संजय कपूर की मां रानी कपूर का कहना है

कि जब वो अपने बेटे की मौत का शोक मना रही थीं, तभी उनसे जबरदस्ती कुछ डॉक्यूमेंट्स पर साइन करवाए गए थे. जिसके चलते करिश्मा के दोनों बच्चों ने प्रिया सचदेवा पर पिता की वसीयत में जालसाजी करने का आरोप लगाया है.

बच्चों का कहना है कि पिता द्वारा कथित रूप से बनाई गई वसीयत अवैध है. संजय की बहन मंधीरा कपूर ने भी ये दावा किया था कि उनकी मां से कुछ लोगों ने पेपर्स पर जबरन साइन करवाए. उन लोगों में खुद प्रिया भी शामिल थीं.



# 'परम सुंदरि' बनी परम फ्लॉप

सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर की फिल्म परम सुंदरी 29 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। रिलीज से पहले फिल्म को लेकर काफी चर्चा बनी हुई थी। स्टारकास्ट ने भी प्रमोशन में कोई कसर नहीं छोड़ी थी, लेकिन फिल्म दर्शकों को खास पसंद नहीं आई। पहले से ही कई फ्लॉप फिल्मों का हिस्सा रह चुके सिद्धार्थ और जाह्नवी के खाते में अब परम सुंदरी भी जुड़ गई है। इस फिल्म का डायरेक्शन तुषार जलोटा ने किया है और इसमें दो अलग-अलग राज्यों की कहानी दिखाई गई है। फिल्म को लेकर शुरुआत में कहा जा रहा था कि यह साल की बेहतरीन रोमांटिक कॉमेडी साबित होगी, लेकिन नतीजा इसके बिल्कुल उलट रहा। फिल्म 60 करोड़ रुपये के बजट में बनाई गई थी, लेकिन अभी तक 50 करोड़ रुपये की कमाई भी पार नहीं कर सकी है। तेरहवें दिन फिल्म का कलेक्शन सिर्फ 30 लाख रुपये रहा। अब तक कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 47.68 करोड़ रुपये तक ही पहुंच पाया है। सिनेमाघरों में कमजोर प्रदर्शन के बाद अब मेकर्स ने इसे ओटीटी पर रिलीज करने की तैयारी कर ली है। रिपोर्ट्स के अनुसार परम सुंदरी अक्टूबर के आखिरी हफ्ते या नवंबर के पहले हफ्ते में अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो सकती है।

# उर्फी को किया जा रहा हैरस



सोशल मीडिया पर लड़कियों की फोटोज का मिसयूज करना आज एक बड़ी समस्या बन चुका है. कई बार तो उनकी तस्वीरों को मॉर्फ कर वायरल करने या ब्लैकमेल करने की धमकियां दी जाती हैं. इस तरह की घटनाओं का शिकार सिर्फ आम लड़कियां ही नहीं बल्कि सेलेब्स भी होते हैं. ताजा मामला अपने अतरंगी ड्रेसिंग सेंस से सुर्खियों में बनी रहने वाली 'बिग बॉस ओटीटी' फेम और 'ट्रेटर्स' विनर उर्फी जावेद से जुड़ा सामने आया है. किसी शख्स ने उनकी पिक्चर्स के साथ छेड़छाड़ करके उन्हें वायरल करने की धमकी दी है. जिसकी जानकारी देते हुए एक्ट्रेस ने एक पोस्ट शेयर किया है.उर्फी जावेद ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने एक शख्स की प्रोफाइल को साझा करते हुए लिखा, 'ये शख्स मेरी तस्वीरों से छेड़छाड़ करके उन्हें अपलोड करने के लिए मुझे परेशान कर रहा है सच कहूं तो उसने एक तस्वीर के साथ छेड़छाड़ कर भी दी और मुझे भेजी भी. मुझे यकीन नहीं होता ये लोग आज मौजूद इस टेक्नोलॉजी के साथ क्या कर रहे हैं.'


# 'फैमिली मैन 3' की रिलीज डेट का एलान




ओटीटी की दुनिया में जब भी सबसे पॉपुलर सीरीज का नाम लिया जाता है, तो 'द फैमिली मैन' जरूर शामिल होती है। पहले दो सीजन ने जबरदस्त सफलता पाई थी और अब तीसरे सीजन का इंतजार खत्म होने वाला है। एक्टर दर्शन कुमार ने इंटरव्यू में बताया कि 'द फैमिली मैन 3' अगले 2-3 महीनों में रिलीज होने वाली है। उन्होंने कहा कि इस बार की कहानी पहले से ज्यादा दिलचस्प होगी और मेजर समीर एक नई साजिश के साथ भारत के खिलाफ बड़ा कदम उठाने वाले हैं। इस सीजन में मनोज बाजपेयी, प्रियामणि, शारिब हाशमी और दर्शन कुमार तो नजर आएंगे ही, साथ ही दो नए चेहरे भी जुड़ चुके हैं। जयदीप अहलावत और निमरत कौर की एंट्री ने फैंस की उम्मीदें और बढ़ा दी हैं।

मेकर्स ने हाल ही में 58 सेकंड का टीजर रिलीज किया है। इसमें दिखाया गया है कि श्रीकांत (मनोज बाजपेयी) एक तरफ परिवार की जिम्मेदारियां निभा रहे हैं और दूसरी तरफ देश की सुरक्षा के लिए नए खतरों से जूझ रहे हैं। टीजर के अंत में जयदीप अहलावत बाइक चलाते रहस्यमयी अंदाज में दिखते हैं, जबकि निमरत कौर का किरदार भी सस्पेंस से भरा लगता है। 2019 में शुरुआत करने वाली 'द फैमिली मैन' अब तक की सबसे सफल भारतीय वेब सीरीज में से एक है। फैंस को अब तीसरे सीजन का बेसब्री से इंतजार है और उम्मीद की जा रही है कि यह सीरीज फिर से रिकॉर्ड तोड़ेगी।

# अमृता के बाद सैफ की लिव-इन लव स्टोरी



फिल्म मेकर करण जौहर अपने चैट शो 'कॉफी विद करण' में सेलेब्स से उनकी पर्सनल लाइफ के ऐसे ऐसे राज खुलवा लेते हैं जो वो कहीं किसी इंटरव्यू या पॉडकास्ट तक में नहीं बताते हैं। करण जौहर ने यहां तक की दिग्गज अदाकारा और अपनी बेस्ट फ्रेंड करीना कपूर खान की सास शर्मिला टैगोर से भी मसालेदार बाते ले ली थीं। दरअसल, शर्मिला टैगोर और सैफ अली खान ने शो में शिरकत की थी और अपनी जिंदगी को लेकर कई खुलासे किए थे। इसी दौरान शर्मिला टैगोर ने अपनी बहू करीना कपूर की तारीफ की और बताया की शादी से पहले वह और सैफ साथ में रहा करते थे।

शर्मिला टैगोर ने यह भी बताया कि एक दिन करीना कपूर उनसे मिलने के लिए दिल्ली भी आई थी। शर्मिला टैगोर ने आगे यह भी बताया कि "मुझे उनकी यह बात अच्छी भी लग सकती थी और बुरी भी लग सकती थी। लेकिन इसके बावजूद करीना ने बहुत ही ईमानदारी के साथ अपना डार्क सेक्रेट मुझे बता दिया। लेकिन मैं यह कभी भी नहीं कर पाई।" करीना कपूर की तारीफ करते हुए शर्मिला टैगोर ने कहा कि "करीना बहुत ही ज्यादा चार्मिंग है।

# रिंकू सिंह का बड़ा खुलासा: बचपन में बंदर ने काटा था हाथ

## अब दाएं और बाएं हाथ के वजन में है 1 किलो का फर्क



**नई दिल्ली.** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार ऑलराउंडर रिंकू सिंह इस समय एशिया कप 2025 के लिए टीम इंडिया के साथ संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में हैं। टूर्नामेंट में भारत का पहला मुकाबला मेज़बान यूएई से होना है। इस अहम टूर्नामेंट से पहले रिंकू सिंह ने अपने जीवन से जुड़ा एक चौंकाने वाला किस्सा साझा किया है, जिसे सुनकर हर कोई हैरान है। रिंकू सिंह ने हाल ही में एक पॉडकास्ट इंटरव्यू के दौरान खुलासा किया कि उनके बाएं हाथ का मांस एक बार बचपन में एक बंदर ने बुरी तरह से काट लिया था। इस घटना का इतना गंभीर असर पड़ा कि उनके दोनों हाथों के वजन में अब भी 1 किलो का अंतर है।

**बंदर के हमले से हाथ की हड्डी तक दिखने लगी थी**

पॉडकास्ट में रिंकू सिंह ने बताया कि यह घटना उस वक्त हुई जब वह छोटे थे और अपने भाई के साथ बारिश के मौसम में खेतों की ओर जा रहे थे। तभी एक बंदर ने अचानक उनके बाएं हाथ पर हमला कर दिया और उसे बुरी तरह काट लिया। उन्होंने कहा, "बंदर ने हाथ का काफी मांस निकाल लिया था। हड्डी तक दिख रही थी और काफी खून बह रहा था। सभी को लगा कि मैं बच पाऊंगा या नहीं, इसको लेकर डर था।" रिंकू ने बताया कि उस समय उनके भाई ने पत्थर मारकर बंदर को भगाने की कोशिश की, लेकिन वह आसानी से हटने को तैयार नहीं था। जब तक किसी तरह से बंदर हटा, तब तक काफी नुकसान हो चुका था।

**एनसीए स्कैन में हुआ खुलासा: बाएं और दाएं हाथ में 1 किलो का अंतर**

रिंकू सिंह ने बताया कि हाल ही में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में हुए डेक्सा स्कैन में सामने आया कि उनके दोनों हाथों के वजन में 1 किलो का अंतर है। बाएं हाथ, जिसे बंदर ने काटा था, का वजन दाएं हाथ से एक किलो कम पाया गया। जब उनसे पूछा गया कि क्या इससे उनके खेल पर असर पड़ता है, तो रिंकू ने कहा, "हां, इससे फर्क तो पड़ता है। बाएं हाथ से मैं उतना वजन नहीं उठा पाता जितना दाएं हाथ से उठा लेता हूं।"

**यूपी टी20 लीग में दिखाया दमखम**

रिंकू सिंह ने एशिया कप से पहले उत्तर प्रदेश टी 20 लीग में जोरदार प्रदर्शन कर अपनी फिटनेस और फॉर्म का शानदार प्रदर्शन किया। वे इस समय भारतीय टीम के लिए एक मैच विनर खिलाड़ी माने जाते हैं और उनकी ऑलराउंड क्षमताएं टीम को मजबूती प्रदान करती हैं।

# एशिया कप में ओमरजई का ऑलराउंड धमाका



**नई दिल्ली.** जिसके अंदर तालिबान का डर समाया था, जो तालिबानी फरमान की वजह से बचपन में सूरज डूबने से पहले ही क्रिकेट खेलना बंद कर देता था, उसने एशिया कप 2025 के पहले ही मैच में ना सिर्फ धमाका किया, बल्कि अपनी टीम को जिताया भी. हम बात कर रहे हैं अजमतुल्लाह ओमरजई की, जिन्होंने हॉन्ग कॉन्ग के खिलाफ अफगानिस्तान की जीत में सबसे बड़ा रोल प्ले किया. इस मैच में बल्ले और गेंद दोनों से परफॉर्म कर उन्होंने बताया कि वो अपनी टीम के बेस्ट ऑलराउंडर क्यों हैं?

**अजमतुल्लाह ओमरजई बने अफगानिस्तान के हीरो**

अजमतुल्लाह ओमरजई ने हॉन्ग कॉन्ग के खिलाफ पहले बल्लेबाजी में अपना रोल निभाया. फिर टीम के लिए वही काम गेंद से भी किया. इसी का नतीजा रहा कि वो हॉन्ग कॉन्ग के खिलाफ मिली जीत में अपनी टीम के हीरो बने. अजमतुल्लाह ओमरजई जब बल्लेबाजी करने उतरे उनकी टीम मुश्किल में थी. उसके टॉप के 4 विकेट 100 रन के अंदर गिर गए थे. ऐसे में ओमरजई ने सूझबूझ दिखाते हुए अपनी बल्लेबाजी को अंजाम दिया. वो पहले विकेट पर जमे फिर अपनी इनिंग को पेस किया और ऐसा करते हुए सिर्फ 21 गेंदों में ही 53 रन ठोक दिए. 252 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट से 5 छक्कों से सजी इस पारी के दौरान ओमरजई ने सेदिकुल्लाह के साथ मिलकर 5वें विकेट के लिए टीम के स्कोर बोर्ड में 82 रन जोड़े.

**बल्ले और गेंद दोनों से किया कमाल**

बल्लेबाजी के बाद गेंद से भी ओमरजमई हॉन्ग कॉन्ग पर वैसे ही हावी दिखे. अफगानिस्तान ने हॉन्ग कॉन्ग के सामने 189 रन का लक्ष्य रखा था, जिसका पीछा करते हुए वो 9 विकेट पर सिर्फ 94 रन ही बना सकी. हॉन्ग कॉन्ग की इस हालत के पीछे एक बड़ी वजह अजमतुल्लाह ओमरजई भी रहे थे, जिन्होंने गेंद से उनके ना सिर्फ 1 विकेट लिए बल्कि 2 ओवर में 9 गेंद डॉट फेंकते हुए सिर्फ 4 रन बनाए.

# दानिश कनेरिया का बड़ा खुलासा

## टीम में धर्म के आधार पर होता था भेदभाव, राष्ट्रपति मुशर्रफ को करनी पड़ी थी दखलअंदाजी



**इस्लामाबाद.** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व स्टार स्पिनर दानिश कनेरिया ने अपने करियर को लेकर एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। एक पॉडकास्ट इंटरव्यू के दौरान उन्होंने बताया कि उन्हें टीम में हिंदू होने के कारण भेदभाव और अपमान का सामना करना पड़ा।

उनके मुताबिक टीम के कुछ खिलाड़ी, विशेष रूप से पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी, उन्हें धर्म के आधार पर लगातार तंग करते थे। दानिश कनेरिया ने बताया कि उनके साथ किया गया यह बर्ताव इतना गंभीर हो गया था कि उस समय के तत्कालीन राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ को हस्तक्षेप करना पड़ा। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को चेतावनी देते हुए कहा था कि अगर किसी ने दानिश को परेशान किया, तो उसे सजा दी जाएगी।

**पॉडकास्ट में दानिश कनेरिया ने कहा,**

"टीम में कुछ खिलाड़ी, खासकर शाहिद अफरीदी, मेरे धर्म को लेकर टिप्पणी करते थे। वो मुझे नीचा दिखाने की कोशिश करते और कहते थे कि मैं मुस्लिम नहीं हूं, इसलिए पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व नहीं कर सकता। यह सब सुनकर मुझे काफी बुरा लगता था।" दानिश ने आगे कहा कि कई खिलाड़ी नहीं चाहते थे कि वो टीम में जगह बनाए रखें, क्योंकि उन्हें लगता था कि अगर वो ज्यादा खेले तो रिकॉर्ड तोड़ देंगे। "मैं टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वालों में चौथे स्थान पर पहुंच चुका था, और मुझे रोकने के लिए ये सब किया जा रहा था," उन्होंने कहा। दानिश कनेरिया ने खुलासा किया कि जब भेदभाव की बात राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ तक पहुंची, तो उन्होंने खिलाड़ियों को बुलाकर सख्त चेतावनी दी थी। "मुशर्रफ साहब ने साफ कहा था कि अगर किसी ने दानिश को तंग किया तो उसकी खैर नहीं। मैं खुद उसे सजा दूंगा।" – कनेरिया ने बताया।

दानिश कनेरिया ने पाकिस्तान की ओर से 2000 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट डेब्यू किया था। उन्होंने कुल 61 टेस्ट मैचों में 261 विकेट झटके।

वह पाकिस्तान की ओर से टेस्ट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले स्पिनर हैं और ओवरऑल चौथे सबसे सफल गेंदबाज हैं। उनसे ऊपर वसीम अकरम, वकार यूनुस और इमरान खान हैं।

वनडे क्रिकेट में कनेरिया को बहुत ज्यादा मौके नहीं मिले। उन्होंने 18 वनडे मैच खेले और 15 विकेट हासिल किये।

# दबंग दिल्ली की चौथी जीत, टॉप पर पहुंची टीम



**विशाखापट्टनम.** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के 12वें सीजन में दबंग दिल्ली ने अपनी लगातार चौथी जीत दर्ज करते हुए पॉइंट्स टेबल में टॉप स्थान हासिल किया. विश्वनाथ स्पोर्ट्स क्लब स्टेडियम में खेले गए सीजन के 23वें मुकाबले में दिल्ली ने बंगाल वॉरियर्स को 45-34 के भारी अंतर से हराकर यू मुंबा को टॉप से हटा दिया. स्टार रेडर आशू मलिक ने 16 अंकों के साथ कमाल का प्रदर्शन किया, दूसरी ओर बंगाल को लगातार तीसरी हार का सामना करना पड़ा.

दिल्ली की जीत के हीरो आशू मलिक रहे, जिन्होंने अपनी तेज रेडिंग से बंगाल के डिफेंस को चीर दिया. उन्हें अजिंक्य पवार (8 अंक) और नीरज नरवाल (6 अंक) का शानदार साथ मिला. दूसरी ओर, बंगाल के लिए देवांक दलाल ने 12 अंकों के साथ अकेले लोहा लिया, लेकिन विश्वास एस (9 अंक) और मनप्रीत (4 अंक) से ज्यादा साथ नहीं मिला. बंगाल का डिफेंस पूरी तरह ढीला साबित हुआ, जबकि दिल्ली ने संतुलित खेल दिखाते हुए मुकाबला अपने पक्ष में कर लिया. दिन का दूसरा मुकाबला गोल्डन रेड तक खिंच गया, लेकिन जयपुर पिंक पैंथर्स ने आखिरी समय में शानदार वापसी करते हुए गुजरात जाएंट्स को 30-30 की बराबरी के बाद टाईब्रेकर में धूल चटा दी. सीजन के 24वें मैच में जयपुर ने आखिरी तीन मिनटों में पांच अंकों का फासला खत्म किया.

# मैदान के बाहर भी डरते हैं ये 'फिनिशर'



**नई दिल्ली**. भारतीय क्रिकेट टीम के विस्फोटक बल्लेबाज रिंकू सिंह एशिया कप में नजर आने वाले हैं लेकिन मैदान में उतरने से पहले ही उन्होंने गजब चौके-छक्के लगा दिए हैं. दरअसल रिंकू सिंह ने राज शमानी के साथ एक पॉडकास्ट में कई दिलचस्प बातें बताई हैं जिसमें से एक बीसीसीआई कॉन्ट्रैक्ट के बारे में है. रिंकू सिंह ने राज शमानी से बातचीत में बताया कि उन्हें कई चीजों से डर लगता है जिसमें ऊंचाई, पानी, भूत शामिल है. यहां तक कि वो प्लेन में ट्रैवल करते हुए भी घबराते हैं. इस बातचीत में उन्होंने बताया कि बीसीसीआई खिलाड़ियों को किन गेम्स में हिस्सा लेने से मना करती है जो कि उनके कॉन्ट्रैक्ट में भी लिखे हैं. टीम इंडिया के खिलाड़ियों पर बेशूमार पैसा तो बरसता है लेकिन वो अपनी मर्जी से कुछ गेम्स नहीं खेल सकते. बीसीसीआई ने भारतीय खिलाड़ियों को एडवेंचर गेम्स में हिस्सा लेने से मना किया हुआ है. रिंकू सिंह ने बताया, 'मैंने स्काई डाइविंग कभी नहीं की, मुझे ऊंचाई से डर लगता है. बीसीसीआई भी इसके लिए मना करती है. बीसीसीआई ने कॉन्ट्रैक्ट में लिखा है कि आप स्काई डाइविंग नहीं कर सकते.इंजरी हो सकती है.' रिंकू सिंह ने हालांकि ये साफ नहीं किया कि ये नियम सिर्फ विदेशी टूर के लिए है या अपनी छुट्टियों के वक्त भी खिलाड़ी ऐसा नहीं कर सकते.वैसे रिंकू सिंह ने पॉडकास्ट में खुलासा किया कि वो पानी और फ्लाइट से भी काफी डरते हैं. रिंकू ने कहा, 'मैं 2023 में मालदीव गया था. वहां स्कूबा डाइविंग के दौरान में डर गया था. मैं नीचे जा ही नहीं पाया. मेरे दोस्त गए पानी के अंदर, उन्होंने समंदर की दुनिया देख ली लेकिन मैं नहीं देख पाया, वहीं तैरता रहा और छोटी-छोटी मछलियां देखी. मुझे शार्क से डर लगता है, ऐसा लगता है जैसे चारों तरफ से शार्क आ गई. मैं क्रिकेट के अलावा दूसरी चीजों से काफी डरता हूं. रिंकू सिंह ने आगे कहा, 'मुझे फ्लाइट से भी बहुत डर लगता है.2018 में हैदराबाद जा रहा था. फ्लाइट 5-6 सेकेंड के लिए नीचे चली गई. मैं फ्लाइट में मम्मी-मम्मी चिल्ला रहा था.

# महिला एशिया कप: भारत की सुपर 4 में जीत से धमाकेदार शुरुआत



**हांगझोऊ.** भारतीय महिला हॉकी टीम ने महिला एशिया कप 2025 के सुपर 4 स्टेज की शुरुआत धमाकेदार अंदाज में की. हांगझोउ में खेले गए मुकाबले में भारत ने कोरिया को 4-2 से मात दी. वैष्णवी विठ्ठल फाल्के, संगिता कुमारी, लालरेमसियामी और रुतुजा दादासो पिसल के शानदार गोलों ने टीम को इस अहम जीत के साथ सुपर 4 में मजबूत शुरुआत दिलाई. कोरिया की ओर से युजिन किम ने दो गोल दागे. मैच की शुरुआत भारत के लिए सपने जैसी रही, जब उन्होंने पहले ही दो मिनट में पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया. वैष्णवी विठ्ठल फाल्के ने उदीता के शक्तिशाली शॉट के रिबाउंड को गोल में तब्दील करते हुए टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई. इसके बाद भारतीय खिलाड़ियों ने गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा और कोरिया को दबाव में रखा. हालांकि, पहले क्वार्टर के अंत तक वह दो और पेनल्टी कॉर्नर गंवा बैठे और ब्रेक तक बढ़त सिर्फ 1-0 ही रही. दूसरे क्वार्टर में भारत ने अपना दबदबा कायम रखा और लगातार कोरिया के डी में हमले किए. गोलकीपर ने भारत के कुछ शानदार प्रयासों को नाकाम किया, वहीं कोरिया ने भी आखिरी पलों में पेनल्टी कॉर्नर हासिल की, लेकिन भारतीय गोलकीपर बिचू देवी खारीबम ने शानदार बचाव करते हुए बढ़त बरकरार रखी. हाफ टाइम तक स्कोर 1-0 रहा.

**दूसरे हाफ में किये 3 गोल**

तीसरे क्वार्टर में कोरिया ने आक्रामक शुरुआत की, लेकिन भारत ने जवाबी हमला करते हुए दूसरा गोल दागा. रुतुजा दादासो पिसल ने तीन डिफेंडरों को छकाते हुए संगिता कुमारी को पास दिया, जिन्होंने आसानी से गोल कर बढ़त 2-0 की कर दी. हालांकि, कोरिया ने तुरंत जवाबी गोल किया, जब युजिन किम ने पेनल्टी कॉर्नर से गोल दागा. इसके बाद लालरेमसियामी ने 40वें मिनट में शानदार गोल करते हुए भारत की बढ़त 3-1 कर दी. चौथे क्वार्टर में कोरिया ने हवाई पासों से वापसी की कोशिश की और युजिन किम ने दूसरा गोल कर स्कोर 3-2 कर दिया. लेकिन भारत ने दबाव में शानदार वापसी की. आखिरी पलों में रुतुजा ने फिर कमाल दिखाया और उदीता के ब्लॉक हुए शॉट के रिबाउंड को गोल में बदलते हुए स्कोर 4-2 कर दिया, जिसके साथ भारत ने जीत सुनिश्चित की. यह जीत भारत के लिए सुपर4 में शानदार शुरुआत है.

# रिंकू सिंह ने किया बड़ा खुलासा:

**नई दिल्ली**. एशिया कप से पहले रिंकू सिंह का एक पॉडकास्ट सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है. रिंकू सिंह ने इस पॉडकास्ट में कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं. इस खिलाड़ी ने बताया कि वो एक भारतीय खिलाड़ी के हनीमून पर उनके साथ भी गए थे. ये खिलाड़ी कोई और नहीं बल्कि नीतीश राणा हैं जो कि रिंकू सिंह के बहुत अच्छे दोस्त हैं. रिंकू सिंह ने राज शमानी के साथ बातचीत में बताया कि नीतीश राणा उन्हें और राहुल तेवतिया को अपने साथ हनीमून पर यूरोप ले गए थे.रिंकू सिंह ने दिलचस्प खुलासा करते हुए बताया, 'मैं कभी इंडिया से बाहर नहीं गया था. वहां के लोग कैसे रहते हैं.

# 7 महीने बाद अर्जुन तेंदुलकर की धमाकेदार वापसी



**कर्नाटक.** अर्जुन तेंदुलकर ने एक बार फिर मैदान पर वापसी कर दी है. करीब 7 महीने के बाद ये खिलाड़ी प्रोफेशनल क्रिकेट खेलने उतरा और पहले ही मैच में अर्जुन ने अचूक निशाना साधते हुए कमाल की परफॉर्मेंस दी. अर्जुन तेंदुलकर कर्नाटक के मशहूर डॉक्टर के टी मेमोरियल टूर्नामेंट में गोवा के लिए खेल रहे हैं जहां उन्होंने विरोधी टीम के होश उड़ा दिए.

इस खिलाड़ी ने अकेले ही पांच विकेट चटकाए और इसके साथ-साथ उन्होंने बल्ले से भी कमाल दिखाते हुए 36 रन भी बनाए.

अर्जुन तेंदुलकर हाल ही में आईपीएल में नजर आए थे लेकिन उन्हें मुंबई इंडियंस ने खेलने का मौका नहीं दिया. इस खिलाड़ी को चोट की वजह से बीच सीजन से ही बाहर होना पड़ा था. लेकिन अब अर्जुन तेंदुलकर फिट होने के बाद मैदान पर छा गए हैं. दिलचस्प बात ये है कि इस खिलाड़ी ने अपनी पहली ही गेंद पर विकेट निकाला और फिर अंत में वो पांच विकेट लेने में कामयाब रहे. अर्जुन तेंदुलकर की खास बात ये रही कि उन्होंने अपनी शॉर्ट गेंद से बल्लेबाजों को परेशान किया और उसी पर वो विकेट चटकाते नजर आए.

अर्जुन तेंदुलकर की हाल ही में सगाई हुई है. ये खिलाड़ी मशहूर बिजनेसमैन रवि घई की पोती सानिया चंडोक के साथ शादी करने वाला है. दोनों की 13 अगस्त को सगाई हुई. सानिया चंडोक का परिवार होटल, हेल्थ-फूड और आईसक्रीम का बिजनेस करता है. वैसे सानिया चंडोक अर्जुन के लिए लकी साबित हुई हैं और इस खिलाड़ी ने वापसी के बाद पहले ही मैच में जलवा दिखा दिया है.अर्जुन तेंदुलकर ने अबतक 17 फर्स्ट क्लास मैचों में 37 विकेट झटके हैं. इसके अलावा वो लिस्ट ए में 18 मैचों में 25 विकेट निकाल चुके हैं. टी20 में उनके नाम 27 विकेट हैं. बल्लेबाजी में उन्होंने फर्स्ट क्लास मैच में एक शतक भी लगाया है.

# बुमराह की प्रैक्टिस से दरी पर उठे सवाल

## 'अगर बुमराह कमजोर टीम के खिलाफ खेले, तो मैं हड़ताल पर जाऊंगा'-अजय जडेजा



**नई दिल्ली.** टीम इंडिया एशिया कप 2025 में यूएई के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करने जा रहा है. इसके लिए भारतीय टीम आईसीसी अकादमी में मैच से एक दिन पहले जमकर पसीना बहाते हुए दिखी. हालांकि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने इस प्रैक्टिस सेशन में हिस्सा नहीं लिया था. उनके यूएई के खिलाफ पहले मैच में खेलने की संभावना जताई जा रही है. पूर्व भारतीय क्रिकेटर अजय जडेजा ने उनके इस कमजोर टीम के खिलाफ खेलने पर सवाल उठाए हैं. उन्होंने कहा कि अगर ऐसा हुआ तो मैं हड़ताल पर जा रहा हूं.

**अजय जडेजा ने क्या कहा?**

यूएई के खिलाफ पहले मैच में टीम इंडिया के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के खेलने को लेकर पूर्व भारतीय क्रिकेटर अजय जडेजा ने कई सवाल खड़े किये हैं. "जसप्रीत बुमराह को यूएई के खिलाफ खिलाने की क्या जरूरत है, यार? आमतौर पर तो आप उसे रूई के फाहे में लपेटकर रखते हैं. अब यूएई के खिलाफ भी तुम्हे बुमराह चाहिए? या तो उसे बिल्कुल भी बचाकर मत रखो या अगर उसे बचाकर रखना ही है तो इस तरह के मैच में रखो. तर्क यही कहता है, लेकिन हम कभी तर्क से काम नहीं करते".

**अजय जडेजा ने कहा-मैं स्ट्राइक लूंगा**

पूर्व भारतीय बल्लेबाज ने यहां तक कह दिया कि अगर हेड कोच गौतम गंभीर और सूर्यकुमार यादव यूएई के खिलाफ बुमराह को प्लेइंग इलेवन शामिल करने का फैसला करते हैं, तो वो स्ट्राइक पर चले जाएंगे. उन्होंने कहा कि ये मैच यूएई के खिलाफ है. मैंने उनके कप्तान मुहम्मद वसीम और उनकी प्रतिभा को देखा है. आप किसी भी टीम को रैंक नहीं कर सकते, लेकिन ये टी20I वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम इंडिया है. इसलिए, मैं स्पष्ट हूं. अगर बुमराह पहला मैच खेलते हैं, तो मैं हड़ताल पर जाऊंगा. इस दौरान पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने भी अपनी राय दी.

**इरफान पठान ने क्या कहा?**

इस दौरान टीम इंडिया के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने तर्क दिया कि एक बार किसी खिलाड़ी का टीम में चयन हो जाने के बाद, कार्यभार प्रबंधन को लेकर सेलेक्शन को प्रभावित नहीं करना चाहिए. आपको बुमराह की सुरक्षा करने की जरूरत है, मैं समझता हूं, लेकिन अगर आप कोई सीरीज खेलने आए हैं, तो आपको उसे पूरी तरह से खेलना होगा. आप किसी सीरीज में रिकवरी या प्रबंधन के लिए नहीं आए हैं, आप खेलने आए हैं. बुमराह ने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच में खेले थे. उसके बाद से वो इंटरनेशनल क्रिकेट से दूर हैं.

# प्रधानमंत्री मोदी ने इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी से की बात

> जानें किन-किन मुद्दों पर हुई बात

**नई दिल्ली.**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी से फोन पर बात की है. इस बातचीत के बारे में पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई.

हमने भारत-इटली रणनीतिक साझेदारी को और मज़बूत करने की अपनी संयुक्त प्रतिबद्धता दोहराई और यूक्रेन में संघर्ष को जल्द से जल्द समाप्त करने में साझा रुचि दिखाई. पीएम मोदी ने आगे लिखा कि पारस्परिक रूप से लाभकारी भारत-यूरोपीय संघ व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने और इमी एक पहल के माध्यम से संपर्क को बढ़ावा देने में इटली के सक्रिय सहयोग के लिए प्रधानमंत्री मेलोनी का धन्यवाद किया.



पीआईबी की ओर से जारी प्रेस नोट में बताया गया कि प्रधानमंत्री मोदी और इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के साथ टेलीफोन पर हुई बातचीत में दोनों नेताओं ने निवेश, रक्षा, सुरक्षा, अंतरिक्ष, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, शिक्षा, लोगों के बीच संबंध और आतंकवाद-निरोध जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी में हुए विकास की समीक्षा की.

**यूक्रेन में शांति बहाली पर भी चर्चा :** दोनों नेताओं ने संयुक्त रणनीतिक कार्य योजना 2025-29 के अनुरूप साझेदारी को और प्रगाढ़ बनाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई. दोनों नेताओं ने आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया. वे यूक्रेन में संघर्ष के शीघ्र और शांतिपूर्ण समाधान की आवश्यकता पर सहमत हुए.

**यूरोपीय यूनियन और भारत की ट्रेड डील पर भी चर्चा :** प्रधानमंत्री मोदी ने इस दिशा में प्रयासों के लिए भारत के पूर्ण समर्थन को दोहराया. प्रधानमंत्री मेलोनी ने पारस्परिक रूप से लाभकारी भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते को शीघ्रातिशीघ्र संपन्न करने और 2026 में भारत द्वारा आयोजित एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन की सफलता के लिए इटली के दृढ़ समर्थन को दोहराया.

नेताओं ने भारत मध्य पूर्व यूरोप आर्थिक गलियारा पहल के तहत संपर्क को बढ़ावा देने के लिए कदम उठाने पर भी सहमति व्यक्त की. साथ ही दोनों नेताओं ने संपर्क में बने रहने पर सहमति जताई.

# भारत पर लगाओ 100 फीसदी टैरिफ

> पीएम मोदी को सबसे अच्छा दोस्त बताकर ट्रंप ने घोंप दिया पीठ में छुरा

**वॉशिंगटन.**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर रूस के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है. उन्होंने यूरोपीय संघ (ईयू) से कहा है कि अगर रूस पर दबाव बनाना है तो भारत पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया जाए. इससे ट्रंप का दोहरा चरित्र एक बार फिर दिखा. उन्होंने हाल ही में भारत की दोस्ती को लेकर बयान दिया. ट्रंप ने बुधवार (10 सितंबर) को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अच्छे दोस्त हैं और भारत-अमेरिका के बीच जल्द ही व्यापार पर बातचीत होगी. ट्रंप ने ट्रूथ पर पोस्ट शेयर की है. उन्होंने इसके जरिए कहा, ''मैं यह बताते हुए खुशी महसूस कर रहा हूं कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार से जुड़ी रुकावटों को दूर करने के लिए बातचीत जारी है. मैं आने वाले हफ्तों में अपने बहुत अच्छे दोस्त, प्रधानमंत्री मोदी से बात करने के लिए उत्सुक हूं. मुझे पूरा भरोसा है कि दोनों देशों के लिए इस बातचीत के जरिए मसला हल करना आसान होगा.''




रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक राष्ट्रपति ट्रंप ने ईयू से कहा, ''जब तक भारत और चीन, रूस से तेल खरीदना बंद न कर दें, तब तक टैरिफ लगाए रखें.'' उन्होंने भारत पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की सलाह दी है. ट्रंप के एक अधिकारी ने इस मामले पर कहा, हम पूरी तरह तैयार हैं, लेकिन हम सिर्फ तभी ऐसे करेंगे जब हमारे यूरोपीय साथी कदम उठाएंगे. प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट शेयर कर अमेरिका को करीबी दोस्त और स्वाभाविक साझेदार बताया. उन्होंने भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील पर चल रही बात पर विश्वास जताते हुए कहा कि ये चर्चाएं दोनों देशों की साझेदारी की असीम संभावनाओं को खोलने का रास्ता बनाएंगी.

बता दें कि भारत और अमेरिका के बीच बीते कई दिनों से टैरिफ को लेकर तनाव की स्थिति थी. ट्रंप ने भारत पर पहले 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया था, लेकिन बाद 25 प्रतिशत टैरिफ और बढ़ा दिया. ट्रंप को भारत के रूस से तेल खरीदने को लेकर दिक्कत है. उन्होंने इस बात का कई बार जिक्र भी किया है.

# इजराइल का कतर की राजधानी दोहा पर हमला

> हमास लीडर बाल-बाल बचे, 6 अन्य की मौत
> पीएम नेतन्याहू ने हमले की जिम्मेदारी ली

**यरूशलेम.**

कतर की राजधानी दोहा में मंगलवार को कई जोरदार धमाकों की आवाजें सुनी गईं। इजराइली सेना ने ऐलान किया कि उसने हमास के सीनियर नेताओं को निशाना बनाकर हवाई हमले किए हैं। ये हमला हमास चीफ खलील अल-हय्या को निशाना बनाकर किया गया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हमले में अल-हय्या बच गया, जबकि 6 अन्य लोगों की मौत हो गई।



इस बीच इजराइली पीएम नेतन्याहू ने भी कहा कि इजराइल इस हमले की 'पूरी जिम्मेदारी' लेता है। जब यह हमला तब हुआ जब हमास नेता अमेरिका के युद्धविराम प्रस्ताव पर आपस में चर्चा कर रहे थे। इजराइली सेना और सुरक्षा एजेंसी ने कहा कि यह हमला बेहद सटीक तरीके से उन हमास नेताओं पर किया गया, जो संगठन की गतिविधियों को लंबे समय से चला रहे थे। एसोसिएटेड प्रेस से बात करते हुए एक इजराइली अधिकारी ने पुष्टि की कि यह हमला कतर की राजधानी दोहा में हुआ। सेना के मुताबिक ये हमास लीडर 7 अक्टूबर 2023 को इजराइल पर हुए हमले के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार थे।

यह हमला ऐसे समय हुआ है जब इजराइली सेना के जनरल स्टाफ प्रमुख इयाल जमीर ने हाल ही में कहा था कि विदेशों में मौजूद हमास नेताओं को भी निशाना बनाया जाएगा। उन्होंने 31 अगस्त को कहा था कि "हमास का अधिकांश नेतृत्व विदेश में है, और हम उन तक भी पहुंचेंगे।"

कतर लंबे समय से हमास के निर्वासित नेताओं का ठिकाना रहा है और वह इजराइल और फिलिस्तीन के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाता रहा है। गाजा पर युद्धविराम और 7 अक्टूबर को हमास के बंधक बनाए गए लोगों की रिहाई को लेकर जो बातचीत चल रही थी, यह हमला उसे और जटिल बना सकता है। हमले के बाद कतर ने इजराइल की कड़ी आलोचना की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माजिद अल-अंसारी ने इसे हमास के राजनीतिक मुख्यालय पर "कायराना हमला" करार दिया और कहा कि यह सभी अंतरराष्ट्रीय कानूनों और मानदंडों का उल्लंघन है।

दूसरी ओर, इजराइल के वित्त मंत्री बेजलेल स्मोट्रिच ने इस कार्रवाई की तारीफ़ की। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों को दुनिया में कहीं भी इजराइल से छूट नहीं मिलेगी।

एक्स पर लिखते हुए उन्होंने शिन बेट के "सही फैसले और सटीक निशाने" की सराहना की और कहा कि "आतंकवादियों को इजराइल के लंबे हाथों से कभी भी कोई छूट नहीं मिलेगी।"

# हाईकोर्ट बोला-ऑफिस में महिलाओं का सेक्सुअल हैरेसमेंट हो रहा

**नई दिल्ली.**




दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को कहा- भले ही सख्त कानून बने हों, लेकिन ऑफिस में महिलाओं के साथ सेक्सुअल हैरेसमेंट अभी भी हो रहा है। क्यों पुरुषों की सोच नहीं बदली है। वर्क-प्लेस पर सेक्सुअल हैरेसमेंट का जम्मू-कश्मीर से जुड़े मामले में सुनवाई को दौरान जस्टिस नीना बंसल कृष्णा ने कहा- एक महिला चाहे घर हो या ऑफिस हमेशा डर, शिष्टाचार और माफी के बीच जीती है।

यह केस जम्मू-कश्मीर के एक सरकारी अधिकारी आसिफ हमीद खान से जुड़ा है। उसपर दिसंबर 2014 में एक महिला ने शिकायत दर्ज कर सेक्सुअल हैरेसमेंट और धमकी देने का आरोप लगाया था। आसिफ हमीद खान ने हाईकोर्ट में अपील दायर करके कहा कि विभागीय जांच में उन्हें पहले ही बरी कर दिया गया है। इसके अलावा, पुलिस ने केस में क्लोजर रिपोर्ट भी दाखिल कर दी थी। इसके बावजूद ट्रायल कोर्ट ने उन्हें समन जारी कर दिया। खान ने इसी आदेश को चुनौती दी थी। सभी राज्य वर्क-प्लेस पर महिलाओं को सेक्शुअल हैरेसमेंट से बचाने के लिए इंटरनल कंप्लेंट कमेटी बनाएं। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस बी वी नागरत्ना और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने गोवा यूनिवर्सिटी के एक पूर्व प्रोफेसर की याचिका पर दिसंबर 2024 को यह निर्देश दिया था। बेंच ने कहा कि था, ' महिलाओं की सुरक्षा के लिए प्रिवेंशन ऑफ सेक्शुअल हैरेसमेंट एक्ट 2013 में आया था। इतने वक्त बाद भी इसे लागू करने में इतनी गंभीर खामियां मिलना चिंताजनक है। ऐसा होना बहुत ही ज्यादा दुखद है, क्योंकि इसका राज्यों की कार्यशैली, पब्लिक अथॉरिटी और पब्लिक संस्थानों पर खराब असर पड़ता है।

# पाकिस्तान सिम भेजने के मामले में नेपाली नागरिक गिरफ्तार

**काठमांडू.**

नेपाल रूट से 16 कार्ड लाहौर भेजे; आईएसआई ने दिया था यूएस-वीजा दिलाने का लालच दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने बुधवार को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई को सिम कार्ड सप्लाई करने के आरोप में नेपाली नागरिक को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया, 'आरोपी प्रभात कुमार चौरसिया को दिल्ली के लक्ष्मीनगर से पकड़ा गया।

पुलिस ने बताया कि आरोपी ने महाराष्ट्र के लातूर से 16 सिम खरीदकर नेपाल पहुंचाए। यहां से 11 कार्ड पाकिस्तान के लाहौर और बहावलपुर में ट्रेस हुए। इन नंबरों से ऑपरेट हो रहे वॉट्सऐप अकाउंट भारत विरोधी गतिविधियों में इस्तेमाल हो रहे थे। बहावलपुर जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ है, जहां हाल ही में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर में हमले किए थे।

चौरसिया को 2024 में एक नेपाली बिचौलिये के जरिए आईएसीआई ने संपर्क किया। आईएसीआई ने उसे यूएस वीजा का लालच दिया था। आरोपी बिहार के मोतिहारी में पढ़ा-लिखा आईटीआई ग्रेजुएट है।




उसने पहले दवा कंपनी में काम किया, फिर काठमांडू में लॉजिस्टिक्स कंपनी खोली जो बंद हो गई। आरोप है कि चौरसिया ने महाराष्ट्र के लातूर से अपने आधार कार्ड का इस्तेमाल कर SIM कार्ड खरीदे। नेपाली नागरिक होने के बावजूद उसके पास भारतीय आधार कार्ड था।

खरीदे गए सिम वह खुद नेपाल ले जाता, जहां से ये कार्ड पाकिस्तान के बहावलपुर और लाहौर तक पहुंचाए जाते थे। राजस्थान के भरतपुर के रहने वाले 34 साल के कासिम भारतीय सिम कार्ड पाकिस्तानी एजेंटों को बेचने के आरोप में 29 मई 2025 को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

कासिम ने अगस्त 2024 और मार्च 2025 में पाकिस्तान की यात्रा की थी। इस दौरान वह 90 दिन वहां रहा। कासिम ने लाहौर के सैन्य अड्डे पर जासूसी की ट्रेनिंग ली। उसका बड़ा भाई हसीन भी आईएसआई से 15 साल पहले जुड़ा था। हसीन भी पिछले 4-5 साल से सिम कार्ड पाकिस्तान भेज रहा था। इसे भी मई 2025 के आखिर में दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

# विदेशियों को निकालने की प्रक्रिया हुई आसान

**गुवाहटी.**

असम में विदेशी घुसपैठियों को बाहर निकालने की प्रक्रिया तेज करने के लिए सरकार ने बड़ा कदम उठाया है. मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की अगुवाई में हुई कैबिनेट बैठक में नया एसपी मंजूर किया गया. जिसके तहत अब जिला आयुक्त और अतिरिक्त जिला आयुक्त को सीधे तौर पर विदेशियों की पहचान कर उन्हें देश से बाहर करने का अधिकार मिल गया है. नोटिस जारी होने के 10 दिन के भीतर कार्रवाई पूरी करने का लक्ष्य रखा गया है. मुख्यमंत्री सरमा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में नागरिकता कानून के क्लॉज को सही ठहराया है, जिसमें 24 मार्च 1971 को असम समझौते के तहत नागरिकता की आखिरी तारीख तय की गई है. उन्होंने कहा, "सुप्रीम कोर्ट ने 1971 को आखिरी साल माना और फैसला दिया कि इसके बाद असम में आए विदेशियों को 1950 के इमिग्रेंट्स (एक्सपल्शन फ्रॉम असम) एक्ट के तहत निकाला जा सकता है. अब फॉरेनर्स ट्रिब्यूनल की जरूरत नहीं है. "सरमा ने बताया कि फॉरेनर्स ट्रिब्यूनल में अभी 82 हजार मामले लंबित हैं, जो बहुत धीमी गति से चल रहे हैं. नए नियम के तहत जिला आयुक्त संदिग्ध विदेशियों को नोटिस देंगे, जिन्हें 10 दिन में अपनी नागरिकता साबित करनी होगी. अगर दस्तावेज सही नहीं हुए, तो जिला आयुक्त उन्हें निकालने का आदेश देगा. इसके बाद व्यक्ति को होल्डिंग सेंटर ले जाया जाएगा और बीएसएफ के साथ मिलकर उन्हें उनके देश भेजा जाएगा. सरमा ने कहा, "इससे विदेशियों को निकालने की प्रक्रिया तेज होगी. हम अभी हर हफ्ते 30-35 लोगों को निकाल रहे हैं. अब तक हम 30,126 विदेशियों को निकाल चुके हैं. अब यह रफ्तार और बढ़ेगी. उन्होंने साफ किया कि यह नियम सिर्फ उन लोगों पर लागू होगा, जिनके खिलाफ ऊपरी अदालतों से कोई रोक नहीं है. "नए मामले ट्रिब्यूनल में नहीं जाएंगे, लेकिन जटिल या अनसुलझे मामले वहां भेजे जा सकते हैं."

# संभल में जामा मस्जिद विवाद के बाद बड़ा एक्शन

> एटीएस यूनिट की तैनाती

**संभल.**

संभल जिले का जामा मस्जिद मामला पिछले कई महीनों से सुर्खियों में बना हुआ है. मस्जिद के सर्वेक्षण के बाद भड़की हिंसा में विदेशी हथियार मिलने से सुरक्षा एजेंसियां भी हैरान रह गईं थीं. इस बीच उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने बड़ा फैसला किया है. जिसके तहत अब संभल में एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) की स्थायी यूनिट तैनात की जाएगी. जानकारी के मुताबिक शुरुआत में इस यूनिट का अस्थाई कार्यालय जामा मस्जिद के पास स्थित सत्यव्रत पुलिस चौकी में बनाया जाएगा. इसके बाद में यूनिट के लिए स्थायी जमीन चिह्नित कर कार्यालय विकसित किया जाएगा. पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई के मुताबिक आईजी (एटीएस) प्रेम गौतम ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिये हैं.



**अतिसंवेदनशील शहरों में शामिल है संभल :** संभल अतिसंवेदनशील शहरों में शामिल है. एसपी विश्नोई ने बताया कि एटीएस आईजी प्रेम गौतम के आदेश पर यह यूनिट बनाई जा रही है. उन्होंने बताया कि एटीएस यूनिट के स्थायी परिसर के लिए शेर खां सराय में तीन बीघा जमीन चिह्नित की गई है. यह जमीन कब्रिस्तान से अवैध कब्जा मुक्त कराई गई थी. एटीएस का अस्थाई कार्यालय जिस सत्यव्रत पुलिस चौकी में बनाया जा रहा है वह बवाल के बाद मस्जिद के सामने स्थापित की गई थी.

**जामा मस्जिद के सर्वे के बाद हुई हिंसा :** दरअसल पिछले साल नवंबर 2024 में जामा मस्जिद को हरिहर मंदिर बताने वाली याचिका पर मस्जिद का सर्वे हुआ था. इस दौरान काफी बवाल मचा था, जिसने हिंसा का रूप अख्तियार कर लिया था. हिंसा के बाद सर्च ऑपरेशन में पुलिस को पाकिस्तान ऑर्डिनेंस कंपनी सहित अन्य विदेशी कारतूस मिले. इसके बाद जिले में सुरक्षा बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए गए. इस दौरान दो नए थाने और 45 नई पुलिस चौकियां स्थापित की गईं. इसके साथ ही 200 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे लगाए गए, वहीं आरएएफ और पीएसी की पांच-पांच कंपनियां भी तैनात की गईं.

**सरकार का बड़ा कदम :** हिंसा की जांच के लिए बनी न्यायिक जांच आयोग की टीम ने हाल ही में अपनी रिपोर्ट सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंपी थी.


इस रिपोर्ट में संभल की डेमोग्राफी बदलने और सांप्रदायिक तनाव भड़काने की कोशिशों के चौंकाने वाले खुलासे हुए. ऐसे में सरकार का यह कदम न सिर्फ सुरक्षा को और कड़ा करेगा बल्कि भविष्य में संभावित आतंकी गतिविधियों को रोकने में भी अहम साबित होगा.

# सुप्रीम कोर्ट बोला- पड़ोसियों के बीच में झगड़ा आम बात

**नई दिल्ली.**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा- पड़ोसियों में झगड़ा होना आम बात है। अगर पड़ोसियों के बीच में झगड़ा, बहस और हाथापाई भी हो जाती है तो उसे आत्महत्या के लिए उकसाने के तहत अपराध नहीं माने जा सकते।

जस्टिस बीवी नागरत्ना और के वी विश्वनाथन की बेंच ने कर्नाटक हाईकोर्ट के उस फैसले को रद्द कर दिया, जिसमें एक महिला को पड़ोसी की आत्महत्या के लिए तीन साल की सजा सुनाई गई थी। कोर्ट ने कहा, धारा 306 में आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला तभी बनता है, जब यह साफ हो कि आरोपी ने जानबूझकर पीड़ित को आत्महत्या करने के लिए मजबूर किया हो। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस केस में आरोपी और पीड़ित के परिवारों के बीच तीखी बहस हुई थी। लेकिन यह नहीं माना जा सकता कि आरोपी ने पीड़ित को आत्महत्या करने के लिए मजबूर किया। बेंच ने कहा, ऐसे झगड़े रोजमर्रा की जिंदगी में होते हैं।



तथ्यों के आधार पर हम यह नहीं मान सकते कि आरोपी ने इतना उकसाया कि पीड़ित के पास आत्महत्या के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा। यह मामला 2008 में कर्नाटक का है। एक महिला और उसकी पड़ोसी (पीड़िता) के बीच छह महीने तक झगड़े और कहासुनी होती रही। पीड़िता (निजी स्कूल में शिक्षिका) ने आरोप लगाया कि पड़ोसी महिला लगातार उसे परेशान करती है, जिससे वह मानसिक तनाव में जी रही थी। कथित तौर पर इसी तनाव से तंग आकर उसने आत्महत्या कर ली। घटना के बाद आरोपी पर धारा 306 (आत्महत्या के लिए उकसाना) के तहत मामला दर्ज किया गया। कर्नाटक हाईकोर्ट ने आरोपी को तीन साल की सजा सुनाई.

# मणिपुर में यूनाइटेड नगा काउंसिल ने दो एनएच ब्लॉक किये

> केंद्र से 1643 केएम लंबे भारत-म्यांमार बॉर्डर पर फेंसिंग रोकने की मांग

**इम्फाल.**

मणिपुर के संयुक्त नगा परिषद ने केंद्र सरकार के खिलाफ 'व्यापार प्रतिबंध' शुरू किया है। इसके तहत बुधवार को नागा-प्रधान इलाकों और राज्य से निकलने वाले नेशनल हाईवे 2 और 37 को ब्लॉक किया। अब यहां पर वाहनों की लंबी लाइन लगी हुई है। केंद्र के 1643 लंबे भारत-म्यांमार बॉर्डर पर फेंसिंग और फ्री मूवमेंट रिजीम समाप्त करने के फैसले का विरोध कर रहा है। साथ ही 26 अगस्त 2025 को केंद्र के साथ हुई असफल बैठक और उनकी चिंताओं पर कोई प्रतिक्रिया न मिलने से भी नाराज है। इलाकों को ब्लॉक किया गया उनमें सेनापति, उखरुल और तमेंगलॉन्ग जिले शामिल हैं। इससे मणिपुर के अन्य हिस्सों में आपूर्ति लाइन बाधित हो गई है, जिसमें केंद्रीय घाटी और दक्षिणी कुकी-प्रधान पहाड़ी क्षेत्र भी शामिल हैं। मांग है कि नागा-प्रधान क्षेत्रों में बॉर्डर फेंसिंग को रोका जाना चाहिए। साथ ही एफएमआर बहाल किया जाना चाहिए और नागा शांति प्रक्रिया को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। 37 हाईवे मणिपुर और पूरे पूर्वोत्तर के लिए बेहद जरूरी है। एनएच2 नगालैंड के दीमापुर को मणिपुर की राजधानी इंफाल से जोड़ता है। हाईवे मणिपुर-नगालैंड-मिजोरम का शेष भारत से संपर्क बनाए रखता है। मणिपुर में जरूरतों, जैसे - खाने-पीने का सामान, दवा, ईंधन और व्यापार के सामान, इसी हाईवे से आते-जाते हैं। वहीं, एनएच37 असम के बदरपुर से इंफाल को जोड़ता है। यह क्षेत्रीय परिवहन और व्यापार को आसान बनाता है। दोनों हाईवे सेना और सुरक्षा बलों की आवाजाही के लिए भी रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है। पूर्वोत्तर के राज्यों के बीच व्यापार, पर्यटन और आपसी जुड़ाव बनाए रखने के लिए दोनों हाईवे जीवनरेखा की तरह काम करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 सितंबर को मणिपुर जा सकते हैं। हालांकि अभी आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है। पीएम मिजोरम में रेलवे प्रोजेक्ट का उद्घाटन करेंगे। मणिपुर हिंसा के बाद मोदी का यह पहला मणिपुर दौरा है। मई 2023 में मणिपुर में मैतेई और कुकी समुदायों के बीच जातीय हिंसा शुरू हुई थी। इस हिंसा में अब तक 260 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और हजारों लोग बेघर हो गए हैं। दौरे की तैयारियों के बीच जिला मजिस्ट्रेट धरुण कुमार ने चुराचांदपुर जिले में गुरुवार को नो-ड्रोन जोन घोषित कर दिया है। आदेश के मुताबिक, अब जिले की सीमा में बिना सरकारी अनुमति के कोई भी ड्रोन, गुब्बारे या अन्य उड़ने वाले यंत्र उड़ाना प्रतिबंधित होगा। चुराचांदपुर कुकी बहुल है और मिजोरम से सटा हुआ है।

# नेपाल में कर्फ्यू, देश को कंट्रोल में लेकर सेना ने जारी की चेतावनी

**काठमांडू.**

नेपाल में सेना स्थिति को संभालने में जुटी है. राजधानी काठमांडू स्थित सैन्य अड्डे के जनसंपर्क एवं सूचना निदेशालय की तरफ से वॉर्निंग के साथ अहम जानकारी भी शेयर की गई है. कर्फ्यू कल सुबह 6 बजे तक लागू रहेगा. सेना ने कहा है कि आम देशवासियों को सूचित किया जाता है कि स्थिति के विश्लेषण के आधार पर आगे की जानकारी दी जाएगी.

नेपाली सेना की तरफ से कहा गया है कि सेना वर्तमान स्थिति में देश में शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने की जिम्मेदारी निभाने में सहयोग के लिए देश के सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त करती है. आंदोलन के दौरान हुई संपत्ति की हानि पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए सभी से आपराधिक गतिविधियों को नियंत्रित करने के प्रयासों में सहयोग करने का अनुरोध किया जाता है. बयान में कहा गया है कि आंदोलन के नाम पर, विभिन्न अराजक व्यक्ति और समूह अभी भी घुसपैठ कर रहे हैं और निजी एवं सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचा रहे हैं. ये आगजनी, लूटपाट, लोगों को निशाना बनाकर हिंसक हमले, बलात्कार का प्रयास कर रहे हैं. ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी. निषेध और कर्फ्यू के दौरान आपातकालीन वाहनों (एम्बुलेंस, शव वाहन, दमकल, पैरामेडिक्स और सुरक्षा वाहन) को परिचालन की अनुमति होगी. सभी संबंधित पक्षों से अनुरोध है कि वे आवश्यक सुविधा के लिए आस-पास के सुरक्षा कर्मियों के साथ समन्वय स्थापित करें.



### उपद्रवियों पर होगी सख्त कार्रवाई

नेपाल आर्मी की तरफ से कहा गया है कि विरोध प्रदर्शन के बाद की स्थिति और समस्या के समाधान हेतु, संबंधित पक्षों के बीच समन्वय स्थापित किया जा रहा है और विरोध प्रदर्शन के नाम पर किसी भी प्रकार के प्रदर्शन, तोड़फोड़, लूटपाट, आगजनी, व्यक्तियों और संपत्ति पर हमले को सुरक्षा कर्मियों द्वारा दंडनीय अपराध माना जाएगा. बयान में आगे कहा गया है कि नेपाली सेना को विश्वास है कि वो राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सद्भाव बनाए रखने के अपने दायित्व का निर्वहन करती रहेगी. यह विनम्र निवेदन है कि सभी नेपालियों की सुरक्षा और मानवीय सहायता के लिए प्रतिबद्ध सुरक्षाकर्मियों का हरसंभव सहयोग करें.